दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — एवरेस्ट फतह करने वालों को...
4 रविवारीय — भारतीय संस्कृति में विवाह एक...
9 मनोरंजन/व्यापार — पुलकित जिंदगी में न हो तो, मैं बहुत...
11 खेल — भारत ने बांग्लादेश को पारी और 130...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, रविवार 17 नवम्बर, 2019, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-215 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

टेरिस्तान अब लॉफ्टरीस्तान बनता जा रहा है। इमरान खान और उसके नमूने मंत्री ऐसे बयान देते है कि उनके देश के लोग पेट पकड़कर हंसते है। पाक के विज्ञान और तकनीकि मंत्री थवाद चौधरी का कहना है कि कश्मीर में तीन माह से इंटरनेट सेवा बंद है। जिसे शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। फकीरीस्तान ने चीन से खैरात लेकर कुल जमा पांच सेटेलाईट स्थापित किए हैं। इसे कहते हैं घर में नहीं दाने खाने को और अम्मी चली भुनाने को। वाकई ये कामेडियन लोगों को हंसा हंसा कर मार डालेंगे।

जल संसाधन अभियंता का खेल, विभागीय मंत्री और सचिव शरणागत

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश सरकार जनहितकारी योजनाओं को प्राथमिकता में रख कर कार्य योजना बना रही है। वहीं छत्तीसगढ़ के लोगों की बेहतरी के लिए बनने वाली योजनाओं को जल संसाधन विभाग में अफसर पलीता लगाने में लगे हैं। गैर जरुरी तरीकों से योजना के लिए हवाई सर्वेक्षण के नाम पर हवा-हवाई सर्वेक्षण कर गूगल मैप से सर्वे कर जल संसाधन विभाग के एक अभियंता ने ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

शेखरपुर और तातापानी डैम के हवा-हवाई सर्वेक्षण में 15 करोड़ का भुगतान

- ■ भ्रष्टाचार में जल संसाधन विभाग ने पेश की नजीर
- ■ पेमेंट रोकने के आदेश की नाफरमानी कर भुगतान
- ■ सर्वेक्षण के नाम पर सरकारी पैसा पानी में बहाया



अनुमति,सर्वेक्षण नहीं, दे दिए पैसे

शेखरपुर और तातापानी में प्रस्तावित बांध निर्माण तो दूर सर्वे तक की अनुमति केंद्रीय जल आयोग से नहीं मिली। ऐसे में बिना अनुमति पहले सर्वेक्षण व कार्य प्रस्ताव बना दिया गया। फिर सर्वे हुआ नहीं और गूगल मैप के हवा-हवाई सर्वेक्षण के नाम पर 15 करोड़ रुपए का भुगतान भी करना गंभीर विषय है। शासन के आदेश को दरकिनार कर करोड़ों रुपए का भुगतान करने की जल्दबाजी करने वाला कारनामा जगपुर जिले में पदस्थ अभियंता डीआर दर्रो ने किया है। हालांकि उनका स्थानांतरण 14 अगस्त को हो ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

ऐसे छुपा रहे ईएनसी अपनी नाकामी

पूरे मामले में भुगतान आदेश से लेकर भुगतान पर रोक लगाने वाले प्रशासनिक आदेश से बेखबर जल संसाधन विभाग के तुगुरु अभियंता अब विभागीय राशि 15 करोड़ बंटने के बाद भी ऐसी किसी जानकारी से अनभिज्ञता जाहिर किये। जानबूझकर भुगतान पर रोक लगाने और सर्वे एजेंसियों को पैसा देने के लिए लालायित अभियंता दर्रो को मौका दिया गया समझा जाए तो आश्चर्य नहीं होगा। यह विभागीय नाकामी है या फिर जानबूझकर फर्जी सर्वे एजेंसियों को पैसा दे कर लाभ कमाने का प्रयास यह एक ही विभाग के दो आदेश से साफ हो जाता है।

खास खबर

निष्पक्ष-संतुलित खबर दें मीडिया: नायडु

नयी दिल्ली (वार्ता)। उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु ने मीडिया से राष्ट्रहित में स्वतंत्र, निष्पक्ष और संतुलित खबर देने तथा सामाजिक समस्याओं को लेकर लोगों में जागरुकता लाने के लिए अभियान चलाने का अनुरोध किया है। श्री नायडु ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान पत्रकारिता मिशन था और उस दौरान उसने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्होंने कहा मिशन अब कमीशन हो गया है।

सभी दल संसद सत्र के दौरान सहयोग करें: बिरला

नई दिल्ली,(वार्ता)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद सत्र के दौरान सुचारू कामकाज के लिए विपक्षी दलों से सहयोग की अपील करते हुए आज कहा कि उनके द्वारा उठाये जाने वाले सभी मुद्दों पर संसद में चर्चा करायी जायेगी। श्री बिरला ने शीतकालीन सत्र शुरू होने से दो दिन पहले शनिवार को यहां सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलायी थी। लगभग दो घंटे चली बैठक के समापन से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी कुछ देर के लिए इसमें शामिल हुए।

कांग्रेस की 30 को 'भारत बचाओ' रैली

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि देश की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था तथा किसानों की बदहाली जैसी स्थितियों के विरुद्ध पार्टी देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित विरोध प्रदर्शनों के बाद अब 30 नवंबर को दिल्ली में 'भारत बचाओ' रैली का आयोजन करेगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल तथा पार्टी के संचार विभाग के प्रवक्ता रणदीपसिंह सुरजेवाला ने शनिवार को यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने देश के सभी हिस्सों में मोदी सरकार की नीतियों के विरुद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया था।

किस राज्य का पानी है कितना शुद्ध-अशुद्ध केंद्र सरकार ने जारी की स्टेट रैंकिंग

दिल्ली से ज्यादा साफ पानी रायपुर का

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री राम विलास पासवान ने शनिवार को दिल्ली समेत देशभर में 21 राज्यों से लिए गए पीने के पानी के नमूने की बहुप्रतीक्षित जांच रिपोर्ट जारी कर दी। राम विलास ने कहा कि यह सिर्फ दिल्ली के लिए पूरे देश में सर्वे किया। भारतीय मानक ब्यूरो (बीएसआई) के साथ बैठक बुलाई और सर्वे किया।

उन्होंने कहा कि दो समस्या सबसे बड़ी है एक पीने का पानी और प्रदूषण। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री राम विलास पासवान ने आज यह रैंकिंग जारी की. देश की आर्थिक राजधानी मुंबई ने 21 शहरों की इस रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है. इसका मतलब है कि देश में पीने लायक सबसे शुद्ध पानी मुंबई में हैं. वहीं लिस्ट में सबसे आखिरी नाम देश की राजधानी दिल्ली का है, यानी ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

मुंबई अव्वल तो राजधानी रायपुर 5वें पायदान पर

21 राज्यों में से देश की राजधानी का नंबर लास्ट

रैंकिंग में कहां, कौन सा शहर

इस लिस्ट में टॉप पांच शहर के तौर पर क्रमशः मुंबई, हैदराबाद, भुवनेश्वर, रांची और रायपुर उभरे हैं। वहीं, बाकी शहरों में क्रमशः अमरावती, शिमला, चंडीगढ़, विवेंद्रम, पटना, भोपाल, गुवाहाटी, बेंगलुरु, गांधीनगर, लखनऊ, जम्मू, जयपुर, देहरादून, चेन्नै, कोलकाता, दिल्ली का स्थान है।

ये है शहरों की सूची

1. मुंबई
2. हैदराबाद
3. भुवनेश्वर
4. रांची
5. रायपुर
6. अमरावती
7. शिमला
8. चंडीगढ़
9. त्रिवेंद्रम
10. पटना
11. भोपाल
12. गुवाहाटी
13. बेंगलुरु
14. गांधीनगर
15. लखनऊ
16 जम्मू
17. जयपुर
18. देहरादून
19. चेन्नै
20. कोलकाता
21. दिल्ली

मुंबई अव्वल, राजधानी दिल्ली फिसड्डी

पासवान ने कहा कि मुंबई का पानी हर मानक पर पास हुआ है। वहीं, इन मानकों पर अन्य सभी शहरों के मुताबले दिल्ली का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। मंत्री ने कहा, 'हम किसी सरकार को दोष नहीं दे रहे हैं। दिल्ली सरकार यह समझे कि हम इस मुद्दे पर राजनीति नहीं कर रहे हैं, बल्कि हमारा मकसद लोगों तक साफपानी पहुंचाना है।

पत्नी को प्रताड़ित करने की रिपोर्ट के बाद फोन पर पति ने दिया तलाक

- ■ दहेज प्रताड़ना के बाद अब तलाक की नई धारा भी जुड़ी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ में तीन तलाक का मामला बढ़ता ही जा रहा है। कड़ी सजा के प्रावधान के बावजूद आये दिन तीन तलाक के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला भिलाई का है, जहां एक शहर ने अपनी बीबी को फोन पर ही तलाक, तलाक, तलाक बोलकर तलाक दे दिया। अब इस मामले में पीड़िता ने भिलाई छावनी थाने में शिकायत दर्ज करायी है, इससे पहले भी आरोपी पति और उसके परिवार के खिलाफ पत्नी ने शिकायत दर्ज करायी की थी। आरोप था कि पैसे और जेवर के ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

पहले से शादीशुदा है रिजवान

मामला भिलाई के छावनी क्षेत्र का है, जहां एक वर्ष पहले 23 वर्षीय पीड़िता का निकाह रिजवान खान से हुआ था। रिजवान खान पहले से ही शादी शुदा था। आरोप है कि उसने पहली पत्नी से तलाक नहीं लिया और दूसरी पत्नी के रूप में पीड़िता से निकाह कर लिया। बाद में उसे पचास हजार नगद सोने के जेवर की मांग करने लगा। पीड़िता ने जब मना कर दिया तो उसे शारीरिक प्रताड़ना गाली गलौज करने लगा।

स्वास्थ्य सेवा के लिए छत्तीसगढ़ को मिला प्रथम स्थान

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने किया सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। गुजरात की राजधानी गांधीनगर में चल रहे छठवें राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन में भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में अच्छे और अनुकरणीय व्यवहार एवं नवाचारों के लिए वर्ष 2018-19 में उच्च फोकस राज्यों की श्रेणी के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन के हाथों से छत्तीसगढ़ के सचिव स्वास्थ्य श्रीमती निहारिका बारिक सिहं और मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ प्रियंका शुक्ला ने प्राप्त किया। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंह देव ने छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

प्रथम स्थान के लिए सात मापदण्डों को आधार बनाया गया था। जिन ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

संसद : विपक्ष में बैठेंगे शिवसेना के सांसद!

नई दिल्ली ए। महाराष्ट्र में सरकार गठन को लेकर बीजेपी से विवाद के बाद अलग राह पकड़ने वाली शिवसेना अब संसद में विपक्षी खेमे में बैठेगी। राज्यसभा के सूत्रों ने बताया है कि सोमवार से शुरू हो रहे सत्र में शिवसेना सांसद संजय राउत और अनिल देसाई विपक्ष की बेंचों पर बैठेंगे। माना जा रहा है कि शिवसेना के 18 लोकसभा सांसद भी विपक्षी खेमे में ही दिखेंगे, जो अब तक सत्ता पक्ष की बेंचों पर बैठते थे। आपको बता दें कि शिवसेना राज्य में एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाने की जुगत में है।

एनडीए की बैठक से भी किनारा

शिवसेना या बीजेपी की ओर से गठबंधन तोड़ने का औपचारिक ऐलान भले ही नहीं हुआ हो, लेकिन मौजूदा घटनाक्रम से यह साफ है कि अब शिवसेना एनडीए का हिस्सा नहीं है। रविवार को होने वाली एनडीए ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

गोवा में सेना का मिग-29के क्रैश, दोनों पायलट सुरक्षित

पणजी (वार्ता)। गोवा में नौसेना का लड़ाकू विमान मिग-29के दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। जानकारी के मुताबिक प्रशिक्षण मिशन के लिए रवाना होने के तुरंत बाद मिग-29के लड़ाकू विमान गोवा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे हैं।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया, 'मिग-29के ट्रेनर विमान के इंजन में आग लग गई। पायलट कैप्टन एम शोकखंड और लेफ्टिनेंट कमांडर दीपक यादव सुरक्षित बाहर निकले में कामयाब रहे हैं।' मधवाल ने बताया, 'मिग 29 ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

अनिल अंबानी ने रिलायंस कम्युनिकेशन्स के डायरेक्टर पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। दूसरी तिमाही में 30,142 करोड़ के भारी भरकम नुकसान के बाद अनिल अंबानी ने रिलायंस कम्युनिकेशन्स के डायरेक्टर के पद से इस्तीफा दे दिया है। अनिल अंबानी के साथ-साथ बड़े पदों पर आसीन चार अन्य अधिकारियों ने भी इस्तीफा दिया है। रिलायंस कम्युनिकेशन्स इन्सॉलवेंसी प्रक्रिया से गुजर रही है और कंपनी की असेट बिकने वाली है। अनिल अंबानी के अलावा छाया विरानी, रायना करानी, मंजरी कैकर और सुरेश रंगाचर ने डायरेक्टर के पद से इस्तीफा दिया है।

छॉलीवुड अभिनेत्री पर कैमिकल अटैक, गंभीर रूप से घायल

- ■ सुपेला थाना क्षेत्र के पाँच रास्ता इलाके की घटना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। फिल्म अभिनेत्री माया साहू पर शनिवार सुबह एक अज्ञात बदमाश ने उनके घर के समीप ज्वलनशील पदार्थ फेंक कर फरार हो गया जिसके बाद अभिनेत्री माया साहू को दुर्ग स्थित जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

इधर घटना की सूचना मिलते ही इलाके के सुपेला थाना पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है पांच रास्ता एवं सुपेला तथा आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर अज्ञात आरोपियों का पतासाजी में पुलिस कर रही है।

सबरीमाला मंदिर का पट खुला, पुलिस ने दस महिलाओं को लौटाया

नई दिल्ली ए। केरल के सबरीमाला मंदिर को मंडला पूजा के लिए शनिवार की शाम 5 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। भारी सुरक्षा के बीच खोले गए सबरीमाला मंदिर में इस बार शांति है। हालांकि शनिवार को केरल पुलिस ने 10 महिलाओं को सबरीमाला मंदिर में अंदर जाने से रोक दिया है। रल पुलिस ने इन श्रद्धालुओं के पहचान पत्र को देखने के बाद सबरीमाला मंदिर के अंदर जाने नहीं दिया। यह वाकया उस वक्त सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट ने ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

गरमा-गरम

मास्टर प्लान — शहरी नक्सलवाद और पनाह देने के खिलाफ होगी बड़ी कार्रवाई

नक्सलियों का सफाया करने गृहमंत्री ने बनाया नया प्लान

अगले छह माह में छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया हो सकता है। गृहमंत्री अमित शाह ने सीआरपीएफ को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। गृहमंत्री शाह ने सीआरपीएफ से कहा कि वह अगले छह माह नक्सलियों के खिलाफ प्रभावी व निर्णायक अभियान चलाए।

नवप्रदेश संवाददाता

नई दिल्ली/रायपुर। सीआरपीएफ के मुताबिक शाह ने यह भी कहा है कि शहरी नक्सलवाद व इनको पनाह देने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करनी होगी। बता दें कि शाह शुक्रवार को सीआरपीएफ के दफ्तर पहुंचे थे। यहां उन्होंने नक्सल समस्या से निपटने के लिए सीआरपीएफ के आला अफसरों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा निर्देश दिए। जिसकी जानकारी सीआरपीएफ की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।



रोड कनेक्टिविटी व मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर सुधारने पर जोर

इसके मुताबिक केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सल प्रभावित इलाकों में रोड कनेक्टिविटी व मेडिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारने पर भी बल दिया है। साथ ही फोर्स को एक तरह से अगले छह माह में नक्सलियों के सफाए के लिए निर्देशित करते हुए उनके खिलाफ प्रभावी व निर्णायक अभियान चलाने को कहा है। लिहाजा छत्तीसगढ़ से भी अगले छह माह में नक्सलियों का सफाया हो सकता है।

कश्मीर: लोगों को धमकाने वाले 5 संदिग्ध गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की एक बड़ी साजिश का खुलासा करते हुए सुरक्षाबलों ने शनिवार को बारामुला जिले में 5 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। बारामुला में पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की संयुक्त टीम ने पांच संदिग्धों को आतंकी कनेक्शन की जानकारी के बाद गिरफ्तार किया है। इन सभी से सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी कड़ी पूछताछ कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार संदिग्धों में तीन लोग इस इलाके में लश्कर के धमकी भरे पोस्टर लगाकर लोगों के बीच भय पैदा कर रहे थे।

लश्कर के धमकी भरे पोस्टर भी बरामद

अलग-अलग ठिकानों से पांच लोग गिरफ्तार किए गए। सूत्रों के अनुसार, इन लोगों के पास से लश्कर के विवादास्पद पोस्टर और कई संदिग्ध सामान बरामद हुए हैं। जिसे देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने पूछताछ शुरू की है।

पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर की माफी की डिमांड, केजरीवाल ने याद दिलाया दिल्ली का प्रदूषण

- राफेल डील पर सवाल उठाने वालों से माफी की मांग कर रही बीजेपी
- केजरीवाल ने जवाब दिया कि राजनीति छोड़कर बीजेपी को प्रदूषण कम करने के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए

नई दिल्ली(ए.)। राफेल डील पर सवाल उठाने के लिए अरविंद केजरीवाल से माफी की मांग कर रहे पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को दिल्ली सीएम ने राजनीति छोड़ साथ आकर प्रदूषण कम करने के लिए काम करने को कहा है। जावड़ेकर ने यह मांग ट्वीट कर की थी, केजरीवाल ने उन्हीं के ट्वीट का जवाब देते हुए ऐसा कहा।

हाल में राफेल डील को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से क्लीन चिट मिली है। अब भारतीय जनता पार्टी की मांग है कि राफेल डील पर सवाल उठानेवाले लोगों को देश से माफी मांगनी चाहिए। इसके लिए प्रकाश जावड़ेकर ने ट्वीट किया, 'सुप्रीम कोर्ट ने राफेल पर जांच की जरूरत नहीं है। ऐसा आदेश देने पर भी कांग्रेस निर्लज्जता से 'चौकीदार चोर है' नारे का समर्थन कर रही है। इसलिए राहुल गांधी और सोनिया गांधी दोनों माफी मांगें। अगले ट्वीट में जावड़ेकर ने लिखा, 'अरविंद केजरीवाल जिन्होंने 'चौकीदार चोर है' नारे का समर्थन किया है। उनको भी माफी मांगनी चाहिए।

केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन

राफेल मामले ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद बीजेपी ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। शनिवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली से लेकर पश्चिम बंगाल तक कांग्रेस के खिलाफप्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट से राफेल पुनर्विचार याचिकाओं के खारिज होने के बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। दिल्ली में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफभी प्रदर्शन किया और राफेल मामले में उनसे भी माफी की मांग की।

इसपर अरविंद केजरीवाल ने जवाब दिया। उन्होंने लिखा, 'सर, ये वक्त राजनीति करने का नहीं बल्कि मिलकर प्रदूषण दूर करने का है। हम सब सरकारों को मिलकर लोगों को प्रदूषण से राहत दिलवाने पर काम करना चाहिए। दिल्ली सरकार और दिल्ली के लोग मिलकर वो सब कर रहे हैं जो हमारे हाथ में है। हमें आपका सहयोग चाहिए सर।'

गुजरात में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगा भव्य मंदिर, 100 मीटर होगी ऊंचाई

गांधीनगर। गुजरात उमैया धाम में 1 हजार करोड़ की लागत से 100 मीटर ऊंचा भव्य मंदिर बनने जा रहा है। पाटीदारों के इस विशाल मंदिर का नाम विश्व उमैया धाम होगा। इसी साल मंदिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था और अगले साल फरवरी में इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए 26 फरवरी 2020 को एक धर्म संसद का आयोजन किया गया है जिसमें हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख धर्म के धर्माचार्य हिस्सा लेंगे। इस मंदिर को बना रही है विश्व उमैया फाउंडेशन ने कहा कि दानदाताओं ने पहले ही 375 करोड़ रुपये दान देने का वादा किया है और इसमें से 100 करोड़ रुपये मिल भी गए हैं। फाउंडेशन के समन्वयक आरपी पटेल ने कहा, '29 फरवरी को करीब एक लाख लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे जिसमें देश और विदेश से भक्त शामिल होंगे। मंदिर और उसके परिसर का निर्माण कार्य 5 साल में पूरा हो जाएगा।' पटेल ने कहा, 'फाउंडेशन को 375 करोड़ रुपये के दान की पुष्टि हो गई है और 100 करोड़ रुपये मिल भी गए हैं। इस पूरी परियोजना की लागत करीब 1 हजार करोड़ रुपये है।

एनजीओ के किचन में बॉयलर फटने से चार की मौत, कई घायल

मोतिहारी। बिहार के मोतिहारी में बॉयलर फटने से दर्दनाक हादसा हो गया। यहां बॉयलर फटने से 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 5 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा शनिवार सुबह हुआ है। घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोतिहारी के सुगौली स्थित एक एनजीओ के किचन में यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि किचन में स्कूली बच्चों के लिए मिड-डे मील तैयार किया जा रहा था। इसी दौरान बॉयलर फट गया। हादसे से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस घटनास्थल पर मौजूद है और घायलों को अस्पताल में शिफ्ट कर रही है।

ससुराल पहुंचे दामाद को चारपाई से बांध की डंडों से पिटाई

पिनाहट (फतेहाबाद)। थाना पिनाहट क्षेत्र के गांव नगला दलेल में ससुराल पहुंचे युवक को ससुरालीजनों ने बंधक बना लिया। चारपाई पर डालकर बंधक बनाकर उसकी डंडों से पिटाई की। यहीं नहीं, पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस में हड़कंप मच गया। पांच ससुरालीजन को पकड़कर उनके विरुद्ध शांति भंग की धारा के तहत कार्रवाई की है। फतेहाबाद क्षेत्र के गांव पलिया निवासी 24 वर्षीय सुरेश की शादी पिनाहट क्षेत्र के गांव नगला दलेल निवासी 20 वर्षीय मधु पुत्री नत्थी लाल से मार्च 2019 में हुई थी। सुरेश के ससुरालीजनों का आरोप है कि वह आए-दिन पुत्री से मारपीट करता था। इसके चलते मधु मायके में रह रही थी। दो दिन पूर्व सुरेश ससुराल गांव नगला दलेल पहुंचा। ससुरालवालों का कहना है कि सुरेश ने वहां उनसे अभद्रता की। फसल को कुएं में फेंक दिया।

बैंक के अंदर से दिनदहाड़े फिल्मी अंदाज में 15 लाख की लूट

मछलीशहर (जौनपुर)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के नगर में स्थित एक्सिस बैंक में शनिवार को लगभग साढ़े बारह बजे बेखौफ बदमाशों ने लूटपाट की। बैंक कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बनाकर फिल्मी अंदाज में वारदात को अंजाम दिया गया। बदमाशों के हाथ 14 लाख 95 हजार रुपया लगा है। एक पखवाड़े में जिले में दूसरी दुस्साहसिक वारदात से हड़कंप है। एसपी समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गयी। नाकेबंदी की गयी। सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया लेकिन कुछ हाथ नहीं लग सका है। फुटेज में तीन बदमाश वारदात को अंजाम देते दिखाई दे रहे हैं।

राफेल: कांग्रेस के खिलाफ सड़क पर बीजेपी

बीजेपी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को दिल्ली से लेकर पश्चिम बंगाल तक कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया

- राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद बीजेपी ने राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है
- सुप्रीम कोर्ट से राफेल पुनर्विचार याचिकाओं के खारिज होने के बाद बीजेपी ने राहुल से माफी की मांग की है

नई दिल्ली/कोलकाता(ए.)। राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद बीजेपी ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली से लेकर पश्चिम बंगाल तक कांग्रेस के खिलाफप्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट से राफेल पुनर्विचार याचिकाओं के खारिज होने के बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की।

दिल्ली में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भी प्रदर्शन किया और राफेल मामले में उनसे भी माफी की मांग की।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने राफेल सौदा मामले में केन्द्र सरकार को क्लिन चिट देने वाले अपने फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका को गुरुवार को खारिज कर दिया। बीजेपी का कहना है कि शीर्ष अदालत के फैसले ने कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी के कोरे झूठ को सामने ला दिया है।

शुक्रवार को भी किया था प्रदर्शन

बीजेपी महासचिव भूपेन्द्र यादव ने शुक्रवार को दावा किया था कि बीजेपी कार्यकर्ता जिला स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष मनोज तिवारी के नेतृत्व में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफनारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि बिगाड़ने का प्रयास करने के लिए विपक्ष से माफी मांगने को कहा। प्रदर्शनकारियों ने मध्य दिल्ली में अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय की ओर मार्च करने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया और थाने ले गई।

दिल्ली में पुलिस से झड़प भी

शनिवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली से लेकर कोलकाता तक कांग्रेस के खिलाफप्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यकर्ता उग्र हो गए। उन्होंने सड़क पर लगे राहुल गांधी के पोस्टर तक फाड़ दिए। वहीं, नई दिल्ली में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफप्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी पुलिस से भी तीखी झड़प हुई।

डॉक्टर फैमिली मर्डर

चोरी करने गया था जिम ट्रेनर विरोध पर ली चारों की जान

- डॉक्टर, पत्नी व बेटी-दामाद हत्याकांड में पुलिस का खुलासा

फरीदाबाद(ए.)। सेक्टर-7ए में 8 नवंबर की रात डॉक्टर दंपती व उनके बेटी-दामाद की घर के अंदर हुई चाकू मारकर हत्या मामले का क्राइम ब्रांच ने सुक्रवार को खुलासा किया। एसीपी क्राइम अनिल कुमार ने प्रेस कॉफ्रेंस में बताया कि क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया है कि चारों हत्याएं जिम ट्रेनर मुकेश ने की थी। मुकेश सट्टेबाजी के कारण 5 लाख रुपये का कर्जदार हो गया था। कर्ज उतारने के लिए उसने डॉक्टर के घर चोरी की योजना बनाई। डॉक्टर पर हमले के बाद जूलरी चुराने लगा। पत्नी ने शोर मचाया तो उन्हें भी मार दिया। उसने अपराध छिपाने कि लिए वहां अचानक आए डॉक्टर के बेटी-दामाद की भी हत्या कर दी।

रास्ते में बदले खून से सने कपड़े

एसीपी क्राइम के मुताबिक, आरोपी जिम ट्रेनर डॉ. प्रवीन मेंहदीरत्ता के घर से उनकी पत्नी भारती के सोने के मंगलसूत्र, चेन और कड़ा ले गया था। उसने डॉक्टर की बेटी प्रियंका के कान से भी सोने के गहने उतार लिए। दामाद सौरभ की जेब से 17-18 सौ रुपये व बेटी-दामाद के मोबाइल फोन ले गया था। जिम ट्रेनर ने रास्ते में खून से सने अपने कपड़े बदले। वह शनिवार को भी सुबह-शाम जिम गया। पुलिस की जांच में रेडार पर आया तो घर में पत्र छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने जिम ट्रेनर को बुधवार को शिरडी से गिरफ्तार किया। वह वारदात के बाद पहले मुंबई फिर शिरडी गया था। यह खुलासा रिमांड के दौरान हुई पूछताछ पर हुआ है। पुलिस ने चारों शव घर के अंदर से शनिवार दोपहर बाद बरामद किए थे।

एक्सरे के बहाने गया था

एसीपी के मुताबिक, जिम ट्रेनर मुकेश कई दिनों से चोरी की योजना बना रहा था। डॉक्टर का घर इसलिए चुना क्योंकि उसे पता था रात को डॉक्टर का बेटा दर्शन ड्यूटी पर होता है। दोनों बुजुर्गों को लूटना या रोक कर घर में चोरी करना आसान होगा। वह रात करीब 10:30 बजे डॉक्टर के घर गया और खाती का एक्सरे कराने का बहाना बनाया। डॉक्टर के पूछने पर मुकेश ने अपना नाम राहुल बताया। यह राहुल नाम डॉक्टर ने रजिस्टर में भी दर्ज किया था।

महाराष्ट्र: विपक्ष चला सरकार बनाने, बीजेपी को चिंता नहीं

- 'राज्यपाल के पास जाएं कांग्रेस, एनसीपी, शिवसेना'
- भूपेंद्र यादव का दावा, चिंता की कोई वजह नहीं
- 'शिवसेना को हमने नहीं किया अलग, खुद गई'

मुंबई(ए.)। महाराष्ट्र में सरकार बनाने से एक बार इनकार कर चुकी भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता भले ही अब सरकार बनाने का दावा कर रहे हों, फिलहाल पार्टी जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाने जा रही। कांग्रेस और एनसीपी से गठबंधन करने के वाली शिवसेना से भी बीएमसी में नाता तोड़ने का बीजेपी फिलहाल कोई प्लान नहीं है। पार्टी के महाराष्ट्र प्रभारी भूपेंद्र यादव ने कहा है कि बीजेपी के पास चिंता करने की कोई वजह नहीं है। पार्टियों के राज्यपाल से मिलने के बाद देखा जाएगा कि क्या होता है।

माना जा रहा है कि अगले कुछ दिन में कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश कर सकती हैं। जब यादव से पुछा गया कि सेना के इकलौते मंत्री के केंद्रीय मंत्रिमंडल छोड़ने के बावजूद पार्टी सेना से नरमी से पेश क्यों आ रही है, तो उन्होंने कहा, 'हमने सेना के साथ अपने संबंधों को हमेशा मूल्य दिया है। हमने उन्हें अलग नहीं किया। वे चले गए।'

इन जगहों पर पार्टी को झटका

हालांकि, पार्टी के अंदर सेना के खिलाफ नाराजगी है। सूत्रों के मुताबिक महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद शिवसेना केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक सीट के अलावा दो और सीटों की मांग कर रही थी लेकिन बीजेपी नहीं मानी। राज्य में सत्ता खोने के बाद बीजेपी नेतृत्व ने माना है कि पार्टी को पश्चिम महाराष्ट्र में सतारा, कोल्हापुर और सांगली में हार मिली है। इन जगहों पर भारी बारिश के कारण बाढ़ आई थी।

मुंबई: 79 की उम्र में ऑनलाइन डेटिंग, 1.5 करोड़ की लगी चपत



मुंबई(ए.)। एक 79 वर्षीय शख्स को यूरोपियन महिला के साथ ऑनलाइन डेटिंग के चक्कर में 1.5 करोड़ रुपये की चपत लगी है। मुलुंड पुलिस जल्द ही मामले में केस दर्ज करेगी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित एक रिटायर्ड इंजिनियर है। पुलिस ने बताया कि उसने यूरोपियन महिला के चक्कर में अपनी पत्नी की 1.5 करोड़ की जूलरी बेच दी थी और मुलुंड में अपना फ्लैट बेचने जा रहा था, मगर समय रहते अमेरिका में रह रहे उसके बेटे ने उसे रोक लिया। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता इस साल मई में एक 'सौमिश महिला' के चक्कर में आ गया था, जिसने खुद का नाम विवियन लोवे बताया था।

सीओ को कथित रूप से धमकाने का मामला

योगी ने अपने मंत्री से मांगी सफाई

लखनऊ(वार्ता)। धोखाधड़ी के 150 से ज्यादा मामलों में जांच का सामना कर रहे अंसल के लिए कथित तौर पर पैरवी करना और सीओ को धमकाना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाति सिंह को भारी पड़ रहा है। शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने वायरल ऑडियो को लेकर मंत्री स्वाति सिंह को तलब किया और सफाई मांगी। करीब 25 मिनट तक सीएम योगी और स्वाति सिंह की मुलाकात हुई।

सूत्रों ने बताया कि सीएम योगी काफी नाराज थे। इसके अलावा डीजीपी से भी 24 घंटों के अंदर रिपोर्ट तलब की है। सूत्रों के मुताबिक, योगी ने कहा है कि किसी भी दागी या अपराधी की पैरवी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम के निर्देश पर डीजीपी ओपी सिंह ने लखनऊ के एसएसपी से रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि मंत्री स्वाति सिंह और सीओ कैंट बीनू सिंह की बातचीत का एक कथित ऑडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। ऑडियो में स्वाति सिंह सीओ को अंसल के खिलाफएफआईआर दर्ज करने के लिए फटकार लगा रही हैं और आकर मिलने की हिदायत देते हुए सुनाई पड़ रही हैं।

मंत्री स्वाति सिंह ने सीओ को ही बताया भ्रष्टाचारी

उधर, ऑडियो क्लिप सामने आने के बाद स्वाति सिंह ने जहां सीओ पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है, वहीं सीओ ने इस संबंध में कुछ भी कहने इनकार कर दिया। स्वाति सिंह ने सीओ को धमकी देने के आरोपों को गलत बताया है। उनका कहना है कि सीओ खुद को डीजीपी का रिश्तेदार बताती हैं और गरीब-पीड़ितों की एफआईआर नहीं दर्ज करती हैं। जिस मामले में उन्हें पैसा मिल जाए, उसकी एफआईआर दर्ज कर लेती हैं। मैंने पहले भी इन्हें कई पीड़ितों के केस दर्ज करने के लिए कहा, पर उन्होंने नहीं दर्ज किए।

फॉग | शुक्रवार को पीएम 2.5 का लेवल 700 पार था, यह शनिवार को 400 के करीब आया

दिल्ली-एनसीआर में अगले तीन दिन कुछ कम होगा प्रदूषण का प्रकोप

नई दिल्ली (ए.)। दुनिया के सबसे प्रदूषित इलाकों में शुमार दिल्ली-एनसीआर पिछले चार दिनों से गैस चैंबर बना हुआ है। लेकिन अब इससे कुछ राहत मिलने के आसार हैं। शनिवार से इसकी शुरुआत भी होती दिखी। सुबह दिल्ली और एनसीआर दोनों ही जगहों पर आसमान कुछ हद तक साफ दिखा और एयर क्वॉलिटी इंडेक्स में पीएम 2.5 का लेवल भी नीचे आ गया है। लेकिन हवा अभी भी जहरीली बनी हुई है।

अगले तीन दिन मिलेगी राहत

एनसीआर में बढ़े प्रदूषण की मुख्य वजह हवाओं की स्पीड में कमी थी। मौसम विभाग के एक अधिकारी की मानें तो शनिवार से सोमवार तक तेज हवाएं चलेंगी, जिससे प्रदूषण के कणों का फैलाव होगा। हालांकि, मंगलवार से दोबारा हालात बिगड़ने के चांस हैं।

हवा की गुणवत्ता पर नजर रखने वाले विभाग 'सफर' का यह भी कहना है कि आने वाले दिनों में पराली जलने की घटनाओं में भी कुछ कमी आएगी। शुक्रवार को हुए प्रदूषण में इसकी हिस्सेदारी 10 प्रतिशत थी जो कि शनिवार तक 5 प्रतिशत पर आ सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

पलूशन के हाल पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि एयर इंडेक्स 600 के ऊपर है, आखिर लोग सांस कैसे लें? ऑड-ईवन स्कीम पर सवाल उठाते हुए कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण से निपटने का यह स्थाई समाधान नहीं हो सकता। कोर्ट ने कहा कि ऑड-ईवन योजना आधी-अधूरी है और इस पर अमल अधकचरा है। सिर्फ प्राइवेट कारों पर बंदिश से असर लोअर मिडल क्लास पर ही होता है, क्योंकि अमीरों के पास तमाम (ऑड और ईवन) नंबरों की कारें होती हैं।

दिल्ली सरकार के वकील ने जब कहा कि ऑड-ईवन से 5 से 15% तक प्रदूषण कम हुआ है तो कोर्ट ने सवाल उठाते हुए कहा कि कारों से उत्न प्रदूषण ही होता है। सरकार ने माना कि दोपहिया बाहर रहने से इसका ज्यादा असर नहीं हुआ। कोर्ट ने इस समस्या से निपटने के लिए दिल्ली के सबसे प्रदूषित इलाकों में चीन की तरह बड़ी क्षमता वाले एयर फ्यूरीफायर लगाने का रोडमैप मांगा है।

आदेश के बावजूद पराली जलना बंद न होने से नाराज अदालत ने पड़ोसी राज्य यूपी, हरियाणा और पंजाब के मुख्य सचिवों को भी तलब किया है। यह भी पूछा कि क्यों न BS-6 मानक वाले वाहनों को चलाने की समयसीमा 1 अप्रैल 2020 से पहले कर दी जाए।

न्यूज गैलरी

दो मजदूर ऊंचाई से गिरे, एक की मौत

रायपुर। कंपनी के छत का सीट बदली करते समय ऊंचाई से दो मजदूर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें मेडिसाइन अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां एक मजदूर की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना खमतराई रायपुर निवासी जागरण दास मानिकपुरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का बेटा सोनूदास मानिकपुरी 30 वर्ष एवं मुरली टेकाम 21 वर्ष पिता छोटे लाल निवासी खुर्सीपार भिलाई जय अंबे वार्ड रावाभाठा के बंजारीभाठा के पीछे खमतराई में ठेकेदार फकरुदीन खान पिता वरीश इमामखान निवासी शहीद नगर खमतराई के अंडर में काम करते थे। 13 मई 2018 को ठेकेदार द्वारा कंपनी का ऊंचाई पर चढ़ाकर सीट बदली कराने के दौरान दोनों मजदूर नीचे गिर गए जिसके चलते उन्हें मेडिसाइन अस्पताल में भर्ती किया गया था इलाज के दौरान सोनूदास मानिकपुरी की मौत हो गई। ठेकेदार द्वारा ऊंचाई पर चढ़े मजदूरों की सेफ्टी का ध्यान नहीं रखते हुए लापरवाहीपूर्वक बिना सेफ्टी बेल्ट के ऊंचाई पर काम करने के दौरान हादसा हुआ।

स्कूटी के डिक्की से मोबाइल व पर्स पार

रायपुर। उद्यान के पास खड़ी स्कूटी की डिक्की से एक नग मोबाइल फोन एवं पर्स चोरी किये जाने की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई है। आरके प्राव्हिजन ब्राम्हण पारा आजाद चौक निवासी एकता शुक्ला 23 वर्ष पिता अनिल शुक्ला ने रिपार्ट दर्ज करायी है कि 15 नवंबर को गौरव वाटिका उद्यान के पास न्यू शांतिनगर में प्रार्थियां अपनी सुजुकी एक्सेस मोटरसाइकिल खड़ी की थी। किसी अज्ञात चोर ने स्कूटर का डिक्की खोलकर उसमें रखे पर्स व एक नग मोबाइल फोन रेडकी कंपनी का कीमत 10 हजार रुपये को चोरी कर लिया।

ट्रक चालक की कंपनी में पिटाई

रायपुर। ट्रक चालक को कंपनी में कोयला खाली करते समय मिलावट करने की बात पर कमरे में बंद कर पिटाई किए जाने की रिपोर्ट धरसींवा थाने में दर्ज की गई है। ग्राम गांजर रामचंद्रपुर जिला बलरामपुर निवासी हबीब उल्ला अंसारी 29 वर्ष पिता इस्लाम अंसारी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 9 नवंबर को रामा उद्योग प्राइवेट लिमिटेड सिलतरा धरसीवा में प्रार्थी ट्रक में कोयला लोड करके लाया था खाली करते समय कंपनी के कर्मचारियों ने कोयले में मिलावट करके लाने की बात कहकर गाली गलौज करते हुए कमरे में बंद कर पिटाई किया।

सूने मकान से हजारों के जेवरात पार

रायपुर। सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर चोरी किए जाने की रिपोर्ट मंदिर हसौद थाने में दर्ज की गई है। ग्राम नकटा गांधी नगर मंदिर हसौद निवासी डॉ. स्वागत सासमल 40 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 14 नवंबर को ग्राम नकटा गांधी नगर में प्रार्थी का मकान का ताला तोड़कर किसी अज्ञात चोर ने कमरे में प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात कीमत 80 हजार 6 सौ रुपये की चोरी कर लिया।

रवि भवन के पार्किंग से बाइक चोरी

रायपुर। रविभवन के बेसमेंट पार्किंग में खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट गोलबाजार थाने में दर्ज की गई है। सतनाम चौक देवपुरी टिकरापारा निवासी परमानंद महेश्वरी 23 वर्ष पिता संत महेश्वरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 14 नवंबर को 2 बजे रविभवन के बेसमेंट पार्किंग में प्रार्थी अपनी मोटरसाइकिल बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 04 एमजे 8342 कीमत 43 हजार रुपये को किसी ने चोरी कर लिया।

वार्षिकोत्सव...

रायपुर। देशबंधु इन स्कूल में डांस कंपटीशन एनुअल फंक्शन

भाजपा आदतन किसान विरोधी

भाजपा सत्ता में थी तो बोनस नहीं दिया अब कांग्रेस सरकार को नहीं देने दे रही है

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। किसानों के धान का 2500 रु प्रति क्विंटल देने में अड़ंगा लगाने वाले केंद्र सरकार के खिलाफ मौन धारण धरे छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसद और नेताओं को किसान विरोधी ठहराते हुये प्रदेश प्रदेश प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा असल में चंद सेठ साहूकारों की पार्टी है। भाजपा नेताओ ने छत्तीसगढ़ में खिसकती अपनी जनाधार और राजनीति को बचाने के लिये किसानों के पक्ष में धरना देने का नाटक नौटंकी किया। छत्तीसगढ़ में 15 साल तक भाजपा सत्तासीन रही है उस दौरान भी उनका रवैया किसान विरोधी ही रहा है आज भाजपा विपक्ष में है तब भी उनका रवैया किसान विरोधी ही है। भाजपा के नेता छत्तीसगढ़ के किसानों को अभी तक स्पष्ट यह बताने में असमर्थ हैं कि किसानों के धान को केंद्र की मोदी सरकार के तय दाम 1815 रू. प्रति क्विंटल पर खरीदा जाए या राज्य के भूपेश बघेल सरकार के द्वारा तय किए गए 2500 रू. के दाम पर खरीदे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व की रमन सरकार के दौरान किसानों की आत्महत्या की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ रही थी। किसानों की आर्थिक हालात सुधरने के बजाय और बद से बदतर हो रही थी। कर्ज से दबा किसान अपने खेत खलिहानों, पशुधन घर द्वार को बेचने को मजबूर था और सत्तासीन भाजपा किसानों के बजाय चंद उद्योगपति भाजपा समर्थित ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने में जुटी हुई थी। कर्ज के बोझ तले जब किसान हताश परेशान होकर आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाता था तब भाजपा के नेता किसान के आत्महत्या के कारण किसान को शराबी होना पारिवारिक विवाद या मानसिक रूप से बीमार होना बताकर किसान की विवशता का उपहास उड़ाते थे। आज राज्य की भूपेश बघेल की सरकार अपने वादा अनुसार जब किसानों का कर्ज माफकी है। धान का दाम 2500 रू. रुपया दे रही है ऐसे समय में राजनीतिक महत्वाकांक्षा के चलते केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ के संवैधानिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

एवरेस्ट फतह करने वालों को नहीं आया सेफ्टी जैकेट बांधना!

द रेडिएंट वे स्कूल हादसा: एडवेंचर स्पोर्ट्स कंपनी माउंटेन मैन का संचालक-मैनेजर गिरफ्तार फिर रिहा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। द रेडिएंट वे स्कूल में कथित तौर पर नाइट एडवेंचर स्पोर्ट्स में कई तरह के चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस और शिक्षा अधिकारियों की कछुआ रफ्तार जांच की वजह से बयान, साक्ष्य और शिकायतों पर लगाई गई धाराएं मामले की गंभीरता की अनदेखी कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के बाद से ही आयोजनकर्ता द रेडिएंट वे स्कूल के डायरेक्टर समीर दुबेऔर प्राचार्य भावना दुबे गिरफ्तारी और रिहाई भी गुपचुप कर दी गई है। वहीं नाइट एडवेंचर स्पोर्ट्स कैंप का जिम्मा लेने वाली कंपनी माउंटेन मैन को भिलाई पुलिस ने गिरफ्तार किया और रायपुर सरस्वती नगर पुलिस थाना से उसे फौरन ही मुचलके पर रिहा कर दिया गया है। मजे की बात यह कि पूरे मामले में गंभीर और जानलेवा साबित हो सकने वाली चूक के दोषी एडवेंचर स्पोर्ट्स कंपनी माउंटेन मैन के कर्ता-धर्ता माउंट एवरेस्ट फतह कर चुके हैं। कंपनी के आरोपी राहुल गुप्ता पर्वतारोही हैं। 14 मई को माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर वे तिरंगा फहरा चुके हैं। हिमालय फतह करने वाले इस पर्वतारोही की मौजूदगी में 11 साल की मासूम कार्तिया जिल लाइनिंग करने के दौरान 25 फीट से सिर्फ इसलिए गिरी क्योंकि कि सेफ्टी जैकेट जो पहनाया गया था वह लॉक हुआ या नहीं यह तक चेक नहीं किया गया था। माउंटेन मैन के संचालक राहुल गुप्ता और

मैनेजर आकाश कुमार साहू समेत स्कूल के डायरेक्टर और प्रिंसिपल की गिरफ्तारी और रिहाई इतनी गुप्त हुई कि पुलिस ने मीडिया को भनक तक लगने नहीं दी।

शिक्षाधिकारी भी खामोश

सीएम ने कलेक्टर भारतीदासन को जांच का आदेश दिया है। जांच हो रही है तो कब तक वह सार्वजनिक होगी और क्या कार्रवाई होगी यह वक्त बताएगा। लेकिन, पूरे मामले में शुरु से लेकर हादसे के दिन तक पूरी तरह से बेखबर जिला शिक्षा अधिकारी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने के बाद दोषियों की गिरफ्तारी और मुचलके के बाद से ठंडे पड़ गए हैं। विभागीय अधिकारियों का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उनके दफ्तर के पीछे ही संचालित एजिल्स स्कूल समेत इंटर स्कूल कांपिटिशन सप्ताहभर पूर्व मारुती लाइफ स्टायल स्थित वलब पलसियों में हुआ। जिसमें मासूम बच्चों से लेकर स्कूल के बड़ी क्लास के बच्चों के बीच करारे स्पर्धा हुई पर उसकी अनुमति नहीं ली गई थी।

हादसा गंभीर, धाराएं मामूली

द रेडिएंट वे स्कूल में हुआ हादसा जितना गंभीर है उससे कमतर तो पुलिस ने कार्रवाई की है। घटना के बाद से ही गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार स्कूल डायरेक्टर, प्राचार्य और एडवेंचर स्पोर्ट्स कंपनी माउंटेन मैन अपनी सुविधा के मुताबिक थाना पहुंचा। पुलिस ने मामले में दो तरफा शिकायत दर्ज की है। जिसमें घायल बच्ची के पालकों और शिक्षा विभाग की तरफ से एफआईआर होना बताया गया है। लेकिन धारा ऐसी लगाई गई कि दोषी घटना के 48 घंटे तक फरार रहे और पूरी सैटिंग होने के बाद ही थाना पहुंचे तथा मुचलका देने तैयार बैठी पुलिस भी उन्हें लौटते पैर रवाना कर दी। इससे साफ हो जाता है कि समय बीतने के साथ ही मामले में फिर से नियम, कानून के दांव-पेंच में दोषी रिहा होकर शिक्षा कारोबार में जुट जाएंगे।

कलिंगा विवि में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय में 15 नवंबर से कला एवं मानविकी संकाय के द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। ओवर द होरिजोन-इंट्रोस्पेक्टिंग द सेल्फ इन फ्लक्स विषय पर आयोजित सम्मेलन में भारतवर्ष के विभिन्न स्थान से पधारे शोधार्थी एवं प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर कलिंगा विवि में महानिर्देशक डॉ. बैजु जॉन, कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी, अधिष्ठाता डॉ. आशा अंबईकर, विभागाध्यक्ष डॉ. एमएस मिश्रा, डॉ. अजय शुक्ला एवं अतिथिगण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य वक्ता शासकीय महाविद्यालय बोरी दुर्ग के प्राध्यापक डॉ. तापस मुखर्जी ने अपने उद्बोधन में पूर्वी एवं पश्चिमी दर्शनशास्त्र की विचारधाराओं पर प्रकाश डाला एवं जैक्स देरिदा के दर्शनशास्त्र की विचारधारा के आधार पर अपने विचार व्यक्त किये। इसी क्रम में प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता शासकीय महाविद्यालय भंडारा (महाराष्ट्र) के प्राध्यापक डॉ. कार्तिक पाणिकर ने की एवं रिसोर्स परसन के रूप में एमिटी विश्वविद्यालय राँची (झारखंड) की प्राध्यापक डॉ. माधुरी महतो उपस्थित थी। इस अवसर पर डॉ. एल.डी. द्विवेदी (बीआईटी वेल्लौर), डॉ. मनीषा द्विवेदी (सीवी रमन विश्वविद्यालय), अपर्णा राय, माया शर्मा, रविशंकर पनिका, सिजु मैथ्यू, अनुराधा शुक्ला एवं अन्य शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कलिंगा विश्वविद्यालय के डॉ. शिल्पी भट्टाचार्य, डॉ. देबाहुति पाणिग्रही, डॉ. ए. राजशेखर, डॉ. अनिता समल, डॉ. नम्रता, विजय भूषण, विजय आनंद, अमित चतुर्वेदी, अविनाश कौर, शबलम पानी, मधुमिता, चंदन राजपुत, स्वरूपा पण्डित, राहुल सिंह, अरूण जायसवाल, खुशबू सिंह, अनुरिमा दास, मेरिटा एवं प्रबंध समिति के सदस्य एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

विरोध...

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी का एसपीजी सुरक्षा हटाने के विरोध में मोदी सरकार के विरुद्ध धरना दिया।

निरीक्षण आंगनबाड़ी केंद्र और लक्ष्य सुपोषण योजना का सचिव ने किया निरीक्षण

सचिव परदेशी ने कुपोषित बच्चों को परोसा गर्म भोजन

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने शनिवार को धरसीवा विकासखंड के ग्राम भनपुरी एवं साकरा के आंगनबाड़ी केंद्रों तथा यहां संचालित मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का निरीक्षण किया। भनपुरी आंगनबाड़ी केंद्र में लक्ष्य सुपोषण योजना अंतर्गत कुपोषित बच्चों के लिए जन सहयोग से संचालित योजना का अवलोकन के साथ उन्होंने हितग्राहियों के साथ चर्चा भी की।

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र की स्कूल पूर्व अनौपचारिक शिक्षा तथा महतारी जतन योजना एवं रेडी टू ईट की गुणवत्ता का निरीक्षण भी किया। लक्ष्य सुपोषण योजना अंतर्गत बहुत कम समय में भनपुरी सेक्टर में 29 गंभीर कुपोषित बच्चों में से 2 बच्चे सामान्य श्रेणी में तथा 8 बच्चे मध्यम श्रेणी में आ गए हैं। इन सभी हितग्राहियों से उन्होंने चर्चा कर योजना के उपयोगिता

के संबंध में भी जानकारी ली। भनपुरी में वर्ल्डविजन के द्वारा निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन कर वहाँ के शौचालय को बच्चों के लिए सुविधायुक्त बनाने के निर्देश भी उन्होंने दिए।

ज्ञात हो लक्ष्य सुपोषण योजना के अंतर्गत जिले में 819 अति कुपोषित बच्चों को लक्षित किया गया है। जिनमें से विगत एक माह में 12 बच्चे पूर्णता सुपोषित हो चुके हैं तथा 173 बच्चे मध्यम सुपोषण की श्रेणी में आ गए हैं तथा शेष बच्चों का वजन भी 300 से 500 ग्राम तक बढ़ा है। ग्राम साकरा में भी मुख्यमंत्री सुपोषण योजना अंतर्गत 15 से 49 वर्ष की एनिमिया पीड़ित महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को दिए जाने वाले गर्म भोजन का निरीक्षण किया ।उक्त ग्राम में 50 महिलाएं 10 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन की एनीमिया पीड़ित है ।कुपोषित तथा एनीमिया पीड़ित महिलाएं प्रतिदिन मंगल भवन में उपस्थित होकर भोजन प्राप्त कर रही हैं।

भोजन के मीनू का भी श्री परदेशी ने अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य विभाग के एएनएम और ग्राम के सरपंच से इस विषय में विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुपोषित बच्चों को गर्म भोजन भी परोसा तथा उनके साथ बैठकर भोजन भी किया।उपस्थित महिलाओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रारंभ की गई इस योजना को अत्यंत लाभकारी बताया । जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के सफल संचालन के लिए कलेक्टर एस भारती दासन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गौरव सिंह को बधाई दी।

वर्तमान में रायपुर जिले के 408 ग्राम पंचायतों में से 397 पंचायतों में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का संचालन 2 अक्टूबर से किया जा रहा है स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार 10 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन की 8535 महिलाओं में से विगत एक माह में ही 2604 महिलाओं का हीमोग्लोबिन का प्रतिशत बढ़ा है तथा महिलाएं एनीमिया पीड़िता की श्रेणी से बाहर हो गई है।

लोधी क्षत्रीय समाज का परिचय वार्षिक सम्मेलन आज

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। लोधी क्षत्रीय समाज चंगोराभाठा रायपुर के तत्वाधान में युवक-युवती परिचय एवं वार्षिक सम्मेलन 17 नवंबर को लोधेश्वर धाम में किया जाएगा। इसकी जानकारी लोधी क्षत्रीय समाज के सचिव प्रहलाद दमाहे ने विज्ञप्ति जारी कर दी। इस अवसर पर समाज द्वारा स्मारिका का भी विमोचन किया जाएगा। प्रतिवर्ष होने वाले कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, टाटानगर, हैदराबाद और राजस्थान के अलावा अन्य प्रदेशों में निवासरत सभी लोधी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य भी शामिल होंगे। समाज द्वारा यह कार्यक्रम 19 वर्षों से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में बस्तर आर्ट एवं बेल मेटल प्रदर्शनी लोधी गौरव वर्मा कोण्डागांव द्वारा लगाई जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य शिविर एवं ब्लड ग्रुप जांच के अलावा कैरियर मार्ग दर्शन भी प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोधी बुधराम देवगड़े (लांजी) बिल्डर्स बैंगलोर एवं अध्यक्षता लोधी कमल सिंह वर्मा संस्थापक फाउंडर (अभालोम) नागपुर करेंगे। विशेष अतिथि लोधी कृष्णा देवी, मानस किंकरी (वृंदावन धाम) शिवपुरी होंगे। इसके अलावा विशेष रूप से रामप्रसाद कौशल इंदौर, लोधी कोकसिंह नरवरिया भोपाल, लोधी रमेश सिंह भोपाल, लोधी शशिभूषण सिंह मुंबई, लोधी नरेश मुंबई, विनोद वर्मा अध्यक्ष लायंस क्लब रायपुर, पन्ना सिंह जंघेल टाटानगर, धनराज सिंह तेलंगाना हैदराबाद, लाखनसिंह लोधी दिल्ली, लोधी विनोद जरिया राजकोट, बच्चु सिंह राजपूत औरंगाबाद, लक्ष्मी चंद बड़गैय्या, लोधी सीया, गोबिंद उमरे कटंगी लांजी, उत्तम वर्मा भिलाई, भरतवर्मा राजनांदगांव, भेंडू सिंहभाउ नागपुरे आमगांव, एडवोकेट ऐशुलाल उपराडे आमगांव, भागवत भाउ लांजी, सुनील लिलहारे गोविंद, नरबदसिंह अम्बिकापुर, छत्रपाल कबीरे, सुनीता जंघेला अध्यक्ष मंडला बालाघाट आदि शामिल होंगे।

अगर आपकी शादी होने वाली है तो आप भी इन डिजाइंस को गौर से देख लें और अपने पति का नाम इसी तरह डिजाइनर अंदाज में लिखवाएं।

शादी में रंग लाए मेहंदी

शादियों का मौसम शुरू हो चुका है। इस वर्ष जो लड़कियां शादी के बंधन में बंधने वाली हैं उन्हों अपनी तैयारियां शुरू कर दी होंगी। खासतौर पर शादी के दिन उन्हें क्या पहनना है और कैसे सजना है इन सब चीजों के बारे में उन्होंने पहले ही सोच लिया होगा। मगर, शादी के आउटफिट और ज्वैलरी के साथ-साथ शादी की मेहंदी का भी लड़कियों को बहुत क्रेज होता है। जाहिर है यह यह मेहंदी होती ही खास है क्योंकि यह मेहंदी पिया के नाम की होती है। इस मेहंदी की डिजाइन से लेकर इसमें पति का नाम लिखवाने तक के लिए लड़कियों के मन बहुत सारी उत्सुक्ता होती है। वैसे तो एक हिंदू रस्म के मुताबिक दूल्हे को दुल्हन के हाथों में मेहंदी की महीन डिजाइन के बीच अपना नाम तलाशना होता है। मगर, अब ट्रेंड बदल चुका है और होने वाली दुल्हन अपने दूल्हे को सताने की जगह डिजाइनर अंदाज में उसका नाम अपने हाथों में रचाती है। तो अगर आपकी शादी होने वाली है तो आप भी इन डिजाइंस को गौर से देख लें और अपने पति का नाम इसी तरह डिजाइनर अंदाज में लिखवाएं।



यूनिक मेहंदी की डिजाइन भी बेहद खूबसूरत है। आप इसे किसी भी मेहंदी वाले बनवा सकती हैं। आप अपने हाथों में अपने पति और अपना नाम किसी स्लोगन की तरह लिखवा सकती हैं। जैसे, आकाश की श्लोका, आकाश की दुल्हन, बनू मैं तेरी दूल्हन आदि आप लिखवा सकती हैं।

नाम का पहला अक्षर

1. अपने हाथों में पति के नाम का पहला अक्षर भी लिखवा सकती हैं। एक हाथ पर पति के नाम का पहला अक्षर और दूसरे हाथ पर अपने नाम का पहला अक्षर लिखवा सकती हैं। मेहंदी वाले से दोनो हथेलियों के साइड में दिल के आकार की डिजाइन के बीच लिखवाएं तो यह अच्छा नजर आएगा।

मंत्र और सिम्बल्स

2. इस मेहंदी डिजाइन में केवल मेहंदी की रेग्यूलर डिजाइन ही नहीं है बल्कि कुछ धार्मिक मंत्रों और सिम्बल्स को भी जोड़ा गया है। यहां तक की इसमें कुछ प्रमुख तारीखों के बारे में भी बताया गया है।

हथेलियों पर डिजाइन

3. जरूरी नहीं है कि आप हथेलियों में ही अपने पति का नाम रचाएं आप अपनी कलाई में भी डिजाइनर अंदाज में अपने पति के नाम का पहला अक्षर लिखवा सकती हैं। आप चाहे तो एक हाथ पर अपने पति तो दूसरे में अपने नाम का अक्षर लिखवा सकती हैं। आपको अपने मेहंदी वाले को किसी यूनीक पॅन्ट का इस्तेमाल करने के लिए कहना होगा। ताकि यह साधारण न नजर आए।

दूल्हे-दुल्हन का नाम

4. मेहंदी की डिजाइन का मतलब यह नहीं होता कि आप अपना पूरा हाथ डिजाइन से भरवा लें। आप कुछ यूनीक भी कर सकते हैं। और कम डिजाइन में ही आप अपने मेहंदी को खूबसूरत अंदाज दे सकती हैं। आप अपनी और अपने दूल्हे की फिगर बनवा कर अपना और उनका नाम लिखवा कर मेहंदी की डिजाइन को पूरा कर सकती हैं।

शादी का सीजन आ रहा है, ऐसे में अगर आप कुछ अलग तरह का लहंगा पहनना चाहती हैं तो यहां से आइडिया ले सकती हैं। जरुरी नहीं रेड और भारी-भरकम लहंगा पहनें, यह है बेहतर चॉइस।

भारी-भरकम नहीं सिंपल लहंगे का ट्रेंड

शादी में भारी-भरकम लहंगे पहनने का जमाना गया। आजकल की दुल्हनें शादी में हल्के और सिंपल लहंगे पसंद कर रही हैं और इनके साथ खूब एक्सपेरिमेंट भी कर रही हैं। चार्वी भाटिया ने भी ऐसा ही लहंगा चुना। यह ग्रीन कलर का लहंगा था डिजाइनर सब्यसाची का।

चार्वी ने इसके साथ चोली-कट ब्लाउज पहना था इसमें सब्यसाची की सिग्नेचर गोल्डेन धागे की कढ़ाई थी। यह ब्लाउज उन्होंने सिंपल ग्रीन लहंगे के साथ पहना था, जिसके बॉर्डर पर गोल्डेन एंब्रॉइड्री थी। दुल्हन ने इसको दो दुपट्टों के साथ स्टाइल किया था। एक बंधानी दुपट्टा जो कि उन्होंने कंधे पर लिया था दूसरा सिर पर पल्लू की तरह।

अक्सेसरीज के लिए उन्होंने इसके साथ हरी चूड़ियां और कलीरे पहने थे। वहीं जूलरी की बात करें तो उन्होंने खूबसूरत चोकर, माथा-पट्टी और पतली सी नथ पहनी थी। बालों पर उन्होंने जूड़ा बनाकर इसे गुलाब के फूलों से सजाया था।

खुशियां लेकर आता वैवाहिक कार्यक्रम

घर में वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन खुशियाँ लेकर आता है। घर के सदस्य ही नहीं, आस-पड़ोस के लोग और रिश्तेदार भी खुश होते हैं । विवाह से पूर्व ही घर में उत्सव होने लगता है । घर के सदस्यों की व्यस्तता बढ़ जाती है। विवाह की तैयारियों में वे उत्साह के साथ भाग लेते हैं ।

शादी और विवाह से रिश्तों में मिठास आती रिवाजों और परंपराओं से यह खुशी दुगनी हो जाती है

भारतीय संस्कृति में विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार

भारतीय परिवार और विवाह संस्थाएँ दीर्घकाल से यहाँ प्रभावशाली रही है । हिन्दू विवाह भारतीय समाज के इतिहास में एक महत्वपूर्ण संस्था है । इसके अन्तर्गत करोड़ों मानवों का जीवन संचालित होता आया है तथा इसके आदर्शों के अनुसार चलकर वे अपने विविध शक्तियों में सन्तुलन करते रहे हैं । यह पाँच सहस्र वर्षों से भी अधिक प्राचीन एवं एक सामाजिक संस्था है जिसके ढाँचे में समयानुसार परिवर्तन होता रहा है । परन्तु इसकी आत्मा यथावत् सुरक्षित रही है । हिन्दू विवाह यद्यपि अपना एक विशिष्ट रूप रखता है फिर भी सामान्य विवाह की संस्था से बिल्कुल भिन्न नहीं अपितु उसका एक प्रकार है। स्त्री-पुरूष मिलन से ही सृष्टि आगे बढ़ती है, अर्थात् स्त्री-पुरुष केवल अपने आनन्द के लिए ही विवाह नहीं करते, उसके साथ-साथ उनके कुछ अन्य लक्ष्य भी होते हैं।

शादी एक ऐसा शब्द होता है जिसके सुनने पर ही आंखों के सामने एक खुशी का माहौल आ जाता है चहल पहल रौनक यह सब हमें महसूस होने लगता है और अगर शादी आपकी किसी नजदीकी रिश्ते में किसी की हो तो और मजा आ जाता है। भारतीय परम्परा में विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार है । लड़का हो अथवा लड़की, दोनों की ही शादी यथा सम्भव धूमधाम से सम्पन्न होती है । प्रत्येक माता-पिता यथा शक्ति और कभी-कभी सीमा से बाहर जाकर भी खर्च करते हैं । इसलिए विवाह शादियों में शान-शौकत का प्रदर्शन और तड़क-भड़क खूब रहती हैं। प्रत्येक स्त्री की हार्दिक इच्छा होती है कि वह माँ बने इसके लिए विवाह आवश्यक है । उसे गर्भावस्था से बड़े होने तक बच्चे की देखरेख के लिए पुरूष की सहायता व सुरक्षा की आवश्यकता होती है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सूर्य की किरणे

जिस दिन सूर्य की किरणों ने रोशनी बिखेरना छोड़ दिया जिस दिन हार गया सूरज रात के अंधेरों से, उस दिन मैं एक नयी शुरुआत करना छोड़ दूंगी, तब तक हर दिन मेरा सूर्योदय होगा हर सूर्यास्त के बाद।

- प्रीयंका प्रीयदर्शीनी

घण्टों की मौजूदगी

कुछ घण्टों की मौजूदगी... ख़ामोश लब नैनों के प्रश्नों का नैनों से उत्तर सुलगती धड़कनों का आमना-सामना पिघलते जज़्बात का आदान-प्रदान पलकों से पलकों को प्रेम की स्वीकृति मधुर मुस्कान से करने हज़ारों वादे.... सिर्फ़ और सिर्फ़ एक दिन कोने की टेबल, दो मग कॉफ़ी मैं और तुम!!

- नन्दनी श्रीवास्तव

ख़ास पाती | आना तो है हमको पास

सुनो ....आना तो है हमको पास पर अभी कोई जल्दी नहीं.... भर जाने दो ज़ख्मो को सूखकर बिखर जाने दो नमक इन आंखों का... उड़ जाने दो सारी महक इन हवाओ में... ताकि यादों के दरवाजे से आ ना सके कभी कोई महक नमक की परत को साथ ले करने इन ज़ख्मों को नासूर... सुनो..... मुझसे मिलने से पहले झाड़ लेना सारे पुराने ख्वाबों की किरचन को... कहीं ये किरचन नए रिश्ते के रास्तों पर नए ज़ख्मों की सौगात न दे जाए।

- प्रिया वाच्छानी

देश विरोधी कृत्यों पर ठोकाई ही इलाज

अगर कन्हैया और खालिद को लात मारकर जेल के सलाखो के पीछे भेजा गया होता तो आज जेएनयू में जो हुआ वो शायद न होता... अरविन्द केजरीवाल उस केस की फ़ाइल दबा कर बैठा है इसलिए दिल्ली पुलिस ने सालो लगा दिये आरोपपत्र दाखिल करने में देश विरोधी कृत्यों पर सीधे ठोकाई इसका इलाज है। उम्मीद हैं स्वामी विवेकानन्द कि मूर्ति पर अभद्रता वाली घटना पर तत्काल कार्यवाही होगी !!

- अम्बर दानी

औलाद को हम साजोसामान दे दौलत

औलाद को आ हम साजोसामान दे दौलत का ढ़ेर दे आ सारा आराम दे। क्यों परवाह करें कि हम झूठ बोलते हैं आ छिन ले हवा भी और जहर नाम दे। न मालूम जीते हैं हम किस मुगालते में सोख लिया पानी भी अब जाम हाथ दे। बर्बादियों को हमनें महबूब है बनाया एक दूसरे को इनका आ इल्ज़ाम दे। खेलते रहे जमीं की वफ़ओं से सदा चल दिया इसे भी अब छोड आज दे।

- दिव्या राकेश शर्मा।

आतिश है जिस्म जैसे कोई आफ़्ताब

आतिश है जिस्म जैसे कोई आफ़्ताब हो सूरत से हो रहा है गुमाँ माहताब हो तारीफ़आपकी जो करूँ क्या मिसाल दूँ हो बिन पिए ही सबको नशा वो शराब हो तेरी ज़िया ने बख़्श दिया नूर इस तरह सूरज ओ चाँद तारो का जैसे जवाब हो कलियों का है मिज़ाज़ ओ सूरज सी रौशनी सीरत से लाजवाब बदन से गुलाब हो आरिज़ पे ख़म है ज़ुल्फ़का लिश्बाह खैर हो बेशक़ 'फ़लक' पे चाँद सा शायर का ख़्वाब हो।

- अजय फलक

किसी को दिल में बसायेगे तो

किसी को दिल में बसायेगे तो स्वयं के दिल पर स्वयं का हक खो देंगे ..... किसी से निःस्वार्थ प्रेम करेंगे व उसके खुशियों की परवाह करेंगे तो प्रेम के साथ सम्मान भी खो देंगे ..... किसी से उम्मीद रखेंगे तो टूट कर बिखर जायेगे.... इसलिए स्वयं से प्यार करना सीखें जिंदगी बेहद आसान लगने लगेगी.....!!

- अहाना अर्चना पाण्डेय

अगहन महीना लक्ष्मी दाई के होथे बास

अगहन महीना लक्ष्मी दाई के घर-घर होथे बास खेत ले लुआ के धान आथे मिंजा के माढथे रास राम के नाम ले गिनती चलथे बीस म होथे सरा बीस सरा के एक गाड़ा तब जिनगी होथे हरा भरा।

-सुशील भोले

ज़रा सी ज़िन्दगी,अरमान बहुत

ज़रा सी ज़िन्दगी,अरमान बहुत हैं ,हमदर्द नहीं कोई ,इन्सान बहुत हैं द्य दिल का दर्द दिखायें तो दिखायें किसको... जो ह़दिल के क़रीब हैं वो ह़अन्जान बहुत हैं।

- सुनित लाहीरी

लघु कथा

ईमानदारी ही सबसे बड़ा धन

मुरारी लाल अपने गाँव के सबसे बड़े चोरों में से एक था। मुरारी रोजाना जेब में चाकू डालकर रात को लोगों के घर में चोरी करने जाता। पेशे से चोर था लेकिन हर इंसान चाहता है कि उसका बेटा अच्छे स्कूल में पढाई करे तो यही सोचकर बेटे का एडमिशन एक अच्छे पब्लिक स्कूल में करा दिया था। मुरारी का बेटा पढाई में बहुत होशियार था लेकिन पैसे के अभाव में 12 वीं कक्षा के बाद नहीं पढ़ पाया। अब कई जगह नौकरी के लिए भी अप्लाई किया लेकिन कोई उसे नौकरी पर नहीं रखता था। एक तो चोर का बेटा ऊपर से केवल 12 वीं पास तो कोई नौकरी पर नहीं रखता था। अब बेचारा बेरोजगार की तरह ही दिन रात घर पर ही पड़ा रहता। मुरारी को बेटे की चिंता हुई तो सोचा कि क्यों ना इसे भी अपना काम ही सिखाया जाये। जैसे मैंने चोरी कर करके अपना गुजारा किया वैसे ये भी कर लेगा। यही सोचकर मुरारी एक दिन बेटे को अपने साथ लेकर गया। रात का समय था दोनों चुपके चुपके एक इमारत में पहुंचे। इमारत में कई कमरे थे सभी कमरों में रौशनी थी देखकर लग रहा था कि किसी अमीर इंसान की हवेली है। मुरारी अपने बेटे से बोला ङ्ग आज हम इस हवेली में चोरी करेंगे, मैंने यहाँ पहले भी कई बार चोरी की है और खूब माल भी मिलता है यहाँ। लेकिन बेटा लगातार हवेली के आगे लगी लाइट को ही देखे जा रहा था। मुरारी बोला ङ्ग अब देर ना करो जल्दी अंदर चलो नहीं तो कोई देख लेगा। लेकिन बेटा अभी भी हवेली की रौशनी को निहार रहा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1278: इंग्लैंड में 680 यहूदियों को नकली मुद्रा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और इनमें से 293 को फांसी पर लटका दिया गया। 1525: मुगल शासक बाबर ने भारत को जीतने के मकसद से भसघ के रास्ते पांचवी बार प्रवेश किया। 1831: इक्वाडोर और वेनेजुएला ग्रेटर कोलंबिया से अलग हुए। 1869: दस साल के निर्माण कार्य के बाद स्वेज नहर को यातायात के लिए खोल दिया गया। यह नहर यूरोप को एशिया से जोड़ता है। 1869: इंग्लैंड के जेम्स मुरी ने 13 हजार किलोमीटर लंबी पहली साइकिल रेस जीती। 1928: लाठी चार्ज में घायल होने के बाद लाला लाजपत राय का निधन। 1932: तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत हुई। 1933: अमेरिका ने सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति दी।

सड़क पर मलबा देख लगाया जुर्माना, ठेका कंपनी को जारी किया नोटिस

■ शहर का निरीक्षण करने साईकिल पर निकले निगम कमिश्नर

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। नगर पालिक निगम कमिश्नर और स्मार्ट सिटी के एमडी प्रभाकर पाण्डेय का सुबह साइकिल से शहर के वार्डो में सफाई की व्यवस्था का देखने निकल पड़े , जिन्होंने सड़कों पर पड़े मलबा को देख ठेकेदार पर जुर्माना लगाया और नोटिस जारी किया ।

गौरतलब है कि प्रदेश के चीफ सेक्टरी आरपी मण्डल ने शहर को स्वच्छ रखने जिम्मेदार अफसरों को सुबह 6 बजे उठकर वार्डो का निरीक्षण करने का आदेश दिया है जिसका बेहतर परिणाम भी अब नज़र आने लगा हैं। आज सवेरे निगम आयुक्त प्रभाकर पांडे ने अरपा पार जोन क्रं 8 में अपनी टीम के साथ सफाई व्यवस्था का हाल जानने अपनी टीम के साथ निकल पड़े, निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री पाण्डेय ने पुराने पुल वाले रोड में निजी निर्माण के लिए रखे गए निर्माण सामग्री को देखकर भड़क गए, जिस पर बार-बार समझाईश के बाद भी संबंधित व्यक्ति द्वारा नहीं उठाने की बात सामने आई। जिसके बाद सरकंडा निवासी विष्णु अग्रवाल पर 2000 रू जुर्माना लगाने के निर्देश कमिश्नर ने दिए। मुक्तिधाम चौक में ठेला व्यवसायी द्वारा डस्टबिन घर में रखने और सड़क पर कचरा

फैलाने पर 200 रू का जुर्माना ठोंका गया तो वहीं हुंडई चौक में एक दुकानदार द्वारा डस्टबिन के सही उपयोग करने पर कमिश्नर प्रभाकर पाण्डेय द्वारा शाबासी दी गई।

पिछले पखवाड़ा भर से निगम कमिश्नर द्वारा साइकिल से शहर भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। जिसके तहत शहर के किसी भी हिस्से में औचक निरीक्षण करने का फरमान भी उन्होंने जारी किया है। इसी कड़ी में निगम कमिश्नर ने सरकंडा क्षेत्र के महामाया चौक, सीपत रोड, नूतन चौक, जोरापारा, चौबे कालोनी, अशोक नगर, कपिल नगर समेत मुख्य मार्गों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सफाई व्यवस्था और भी बेहतर बनाने और मानिटरिंग के करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने पाया, कि कुछ रहवासी गीला और सूखा कचरे को अलग करके नहीं देते, इस पर उन्होंने सफाई अमले को निर्देशित किया, कि घरों में जाकर लोगों को गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने के लिए समझाएं। इस अवसर पर निगम कमिश्नर ने शहरवासियों से अपील भी की है की कचरे को वैज्ञानिक रीति से अलग-अलग रखे, जिसके लिए दो डस्टबिन भी दिया गया है।

श्री पाण्डेय ने कचरा कलेक्शन करने वाली रामकी कंपनी के मैनेजर को अशोक नगर में कचरा ट्रांजिट बनाने के निर्देश दिए जहां घरों से छोटी गाड़ियों में लाने वाले कचरे को यहां इकट्ठा कर बड़ी गाड़ियों से आरडीएफ प्लांट भेजे। कुछ जगहों पर ऐसा भी देखा गया जहां सफाई करने के बाद तुरंत कचरे का उठाव नहीं किया जा रहा है, जिस पर सफाई ठेका कंपनी लायंस के मैनेजर को फटकार लगाया और उस बीट के सुपरवाइजर को शो कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। सफाई में कसावट लाने कमिश्नर निगम के डिप्टी कमिश्नर समेत चीफ इंजीनियर और ईई एसई स्तर के अधिकारियों को अलग-अलग वार्डो में सुबह दो घंटे मानिटरिंग करने की ड्यूटी लगाई गई है। ड्यूटी के दौरान मानिटरिंग की तस्वीर भी भेजने का फरमान जारी हुआ है। इस दौरान औचक निरीक्षण की बात कहते हुए गायब रहने वालों पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है।

सिविल लाइन पुलिस ने सट्टाम को धर दबोचा

■ आईपी एड्रेस चोरी कर बना रहा था फर्जी राशनकार्ड

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। लॉगिन आईडी और पासवर्ड चोरी कर फर्जी राशन कार्ड बनाने वाला आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बिलासपुर के नगर निगम क्षेत्र में 1613 ऐसे राशन कार्डों का नवीनीकरण आवेदन अवैध रूप से दर्ज हुआ था जिसकी अनुमति खाद्य विभाग ने नहीं दी थी। इससे परेशान खाद्य विभाग, बिलासपुर द्वारा सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज किया गया था।

छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राशन कार्डों का नवीनीकरण किया जा रहा है। जिसके लिए बिलासपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के हितग्राहियों के आवेदन पत्रों

की डाटा एंट्री का कार्य मेसर्स रेसिलाएंस सॉफ्ट कंपनी, व्यापार विहार को सौंपा गया था, जिनके द्वारा लॉगइन आईडी और पासवर्ड से डाटा एंट्री का काम किया जाता था। इसके अलावा खाद्य विभाग द्वारा खाद्य अधिकारियों के नाम पर भी लॉगिन आईडी और पासवर्ड दिए गए थे, जिसकी मदद से राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा था, लेकिन इसी बीच किसी ने कूट रचना करते हुए 1613 राशन कार्ड का आवेदन कर दिया। इस मामले में सिविल लाइन थाने की साइबर सेल सक्रिय हुई और बारीकी से जांच की तो पता चला कि राशन कार्ड नवीनीकरण के दौरान लॉगइन लॉगआउट करते समय प्रयुक्त हुए डायनेमिक इंटरनेट प्रोटोकोल यानी आईपी एड्रेस की जानकारी चुरा ली गई थी। जांच में एक मोबाइल नंबर संदिग्ध मिला। पुलिस को पता चला कि इस मोबाइल नंबर का इस्तेमाल इंटरनेट चलाने और कूट रचना कर अवैध रूप से आईडी पासवर्ड प्राप्त कर बेजा इस्तेमाल करते हुए राशन कार्ड फर्जी तरीके से डाटा एंट्री के लिए किया जा रहा था। साइबर सेल ने एक-एक जानकारी इकट्ठा की और उसके बाद तालापारा में रहने वाले 27 साल के सद्दाम हुसैन को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद उसके पास से फर्जी डाटा एंट्री हेतु उपयोग में लाया गया मोबाइल , सिम कार्ड, लैपटॉप बायोमैट्रिक आईडेंटिफायर, मोहर राशन कार्ड आधार कार्ड का फोटो कॉपी भारी मात्रा में जप्त किया गया।

धमतरी के बहुचर्चित प्रेम विवाह मामले में आया राहत भरा फैसला

■ अंजलि को हाईकोर्ट ने अपने पसंद की जगह और व्यक्ति के साथ रहने की छूट दी

बिलासपुर। धमतरी के बहुचर्चित प्रेम विवाह के मामले में हाईकोर्ट ने फैसला देते हुए अंजलि को छूट दी है कि वह अपनी पसंद की जगह पर अपने पसंद के व्यक्ति के साथ रह सकती है। ज्ञात हो कि करीब 20 माह पहले अंजलि जैन और इब्राहिम ने आर्य समाज मंदिर में प्रेम विवाह किया था। अंजलि के परिजनों के विरोध के कारण यह मामला स्थानीय अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक गया। इस विवाह के खिलाफ इब्राहिम के खिलाफ अंजलि जैन के परिजनों ने पुलिस में रिपोर्ट लिखाई थी और कोर्ट में केस दर्ज कराया था। दपम्पी का आरोप है कि उन्हें इस विवाह के बाद तमाम तरीकों से धमकाया गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। अंजलि व इब्राहिम की मदद कर रही अधिवक्ता प्रियंका शुक्ला पर रायपुर के सखी केन्द्र में मारपीट की गई, जिसकी पुलिस में शिकायत भी की गई। उसे कोर्ट के आदेश पर इस सखी सेंटर में रखा गया था। ताजा फैसला अंजलि जैन और उसकी छोटी बहन की ओर से हाईकोर्ट को लिखे गये पत्र के बाद आया है। इन पत्रों को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया था। इसके पहले इब्राहिम ने अपनी पत्नी को साथ रखने के लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की। कुछ उग्र संगठनों ने इस मामले में विरोध प्रदर्शन भी किया था। हाईकोर्ट ने पहले उसे बिलासपुर के गर्ल्स हॉस्टल में रखने का आदेश दिया था। आरोप है कि यहां से अंजलि के पिता उसे बिना किसी अदालती और पुलिस के आदेश के अपने साथ ले गये थे।

सर्व-धर्म सद्भावना हमारे जीवन का सार है : सहायक कलेक्टर

■ ईश्वर, अल्लाह तेरो नाम...से गूंजा प्रार्थना सभा भवन

■ कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा,

■ वक्ताओं ने साम्प्रदायिक सद्भाव का दिया संदेश

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। स्काउट गाइड्स, एनएसएस के स्वयंसेवक और विद्यार्थियों ने विभिन्न धर्मो के संत-गुरुओं की उपस्थिति में जब महात्मा गांधी का प्रिय भजन 'ईश्वर अल्लाह तेरो नाम..' गाया तो प्रार्थना सभा भवन और परिसर गूंज उठा।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रदेश में कौमी एकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। साम्प्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता और विविधता में एकता की राष्ट्रीय भावना को मजबूत करने के लिए जल संसाधन विभाग परिसर स्थित प्रार्थना सभा भवन में जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आज सर्व धर्म प्रार्थना सभा हुई। इसमें वक्ताओं ने विभिन्न धर्मों में निहित सद्भावना के संदेश पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित एनएसएस व स्काउट गाइड्स के छात्र व स्कूली बच्चे और उपस्थित शिक्षकों व अतिथियों ने सामूहिक रूप से सर्व-धर्म प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सन्मति दे भगवान, गुरुर ब्रह्मा, गुरुर विष्णु... और साम्प्रदायिक सद्भाव से ओत-प्रोत सामूहिक गीत गाये। कार्यक्रम में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, इसाई धर्म का प्रतिनिधित्व कर रहे बच्चे अपनी-अपनी वेशभूषा में उपस्थित थे। उन्होंने अपने-अपने धर्मों के प्रार्थना की प्रस्तुति दी। इस अवसर विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि वक्ताओं ने राष्ट्रीय एकता में साम्प्रदायिक सद्भाव के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक कलेक्टर श्री देवेश ध्रुव ने कहा कि सर्वधर्म सद्भाव हमारे जीवन का सार है। स्काउट गाइड संहिता में उल्लेखित है कि जाति, धर्म से न कोई बड़ा है न कोई छोटा।

युवती समेत तीन युवक हादसे में गंभरी घायल

■ राजेंद्र नगर में बाइक और स्कूटी की आमने सामने हुई टक्कर

बिलासपुर। तेज रफ्तार बाईक सवार ने स्कूटी चालक को रॉन्ग साइड से जबरदस्त टक्कर मारी दुर्घटना में तीन युवक को गम्भीर अवस्था में सिम्स उपचार के लिए दाखिल कराया गया है । दोपहर को राजेंद्र नगर चौक के पास तिलक नगर स्थित मेघानी नर्सिंग होम के स्टाफ किरण भास्कर और उमेश साहू स्कूटी पर सवार होकर अस्पताल जा रहे थे। उसी दौरान कुदुदंड निवासी समीर खान और उसका दोस्त

नंदू चौहान किसी शादी समारोह में जाने पर पल्सर पर निकले थे । समीर खान पल्सर को काफी तेज रफ्तार में चला रहा था । राजेंद्र नगर चौक से ठीक पहले उसने रॉन्ग साइड से ओवर टेक करने की कोशिश की, जिसमें पल्सर सामने से आ रही स्कूटी से टकरा गई। हादसा इतना भयानक था कि स्कूटी के पीछे बैठी किरण भास्कर दूर जा गिरी लेकिन उमेश साहू के साथ समीर खान और नंदू चौहान भी सड़क पर गिर पड़े। जिनके सिर में गम्भीर चोटें आई । हालांकि किरण भास्कर को भी मामूली चोटें आई है लेकिन उमेश साहू, समीर खान और नंदू चौहान की हालत बेहद गंभीर है ।

सिम्स में 10 मरीज उपचार के लिए भर्ती, 238 मरीजों ने दिया है सेम्पल

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। सिम्स मेडिकल कॉलेज में डेंगू के 10 मरीजो का उपचार चल रहा है और लगभग 238 मरीजों का सेम्पल जांच के लिए लिया गया है, जिनमे डेंगू के लक्षण पाए गए है हालाकि इस सेम्पल में 30 लोगों को डेंगू पॉजिटिव पाया गया है। गौरतलब है कि भिलाई के बाद बिलासपुर में इतने अधिक मरीज डेंगू पॉजिटिव मिले है जो कि स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय है। सिम्स प्रबंधन की माने तो जो मरीज डेंगू पॉजिटिव मिले है वह बिलासपुर संभाग के नही है, लेकिन यह सफाई डेंगू के प्रकोप को झुठला नही सकता बढती हुई बीमारियों का दोष कई बार इस बदलते मौसम को देते हैं लेकिन यह भूल जाते हैं

कि इन्ही लापरवाहियों के कारण डेंगू जैसी बीमारियों का शिकार हो जाते हैं। शहर में लगातार तेजी से डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है जिसके कारण लगातार डेंगू से पीडित मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। संक्रमित एडिज मच्छर से फैलने वाला यह रोग एक महामारी बनता जा रहा है। तेज बुखार, सिरदर्द, जोड़ों में दर्द, उल्टी आना यह सब डेंगू के लक्षण हैं।

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ROHIT KOUSHIK S/O ANIL KOUSHIK निवासी MAHURBAND PARA CIVIL LINE KANKER C.G. 494334 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम और पता को त्याग कर नया नाम ROHIT KAUSHIK S/O ANIL KAUSHIK रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम और पता ROHIT KAUSHIK S/O ANIL KAUSHIK H.NO.115, JAWAHAR WARD, KAUSHIK GALI KANKER UTTAR BASTAR KANKER, CHHATTISGARH 494334 से ही जाना पहचाना जावे।

ROHIT KAUSHIK
S/O ANIL KAUSHIK
H.NO.115, JAWAHAR WARD,KAUSHIK GALI KANKER UTTAR BASTAR KANKER,
CHHATTISGARH-494334

युवा महोत्सव में छलक रहा है युवाओं का जोश और उत्साह

बिलासपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ की परंपरा, संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं की प्रतिभा को आगे लाने के लिये खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा महोत्सव 2019 के आयोजन का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में आज विकासखंड मस्तूरी



में युवा महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के 500 से अधिक युवाओं ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव में युवाओं का जोश और उत्साह छलक रहा था। मस्तूरी विकासखंड के ग्राम एरमसाही के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित युवा महोत्सव में क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण स्कूल और कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। महोत्सव के रंग में सभी रंगे हुये थे। लोक नृत्य, लोक गीत, शास्त्रीय नृत्य, एकाकी नाटक, हारमोनियम, तबला, बांसुरी, क्विज, वाद-विवाद, गेंड़ी, भौंरा, फुगड़ी, वेशभूषा, फैंसी ड्रेस, चित्रकला, निबंध, तात्कालिक भाषण और स्थानीय व्यंजन बनाने की प्रतियोगिताएं हुईं। इन सभी विधाओं में युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे थे। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा इस महोत्सव के माध्यम से लोगों के सामने आई। इन युवाओं को पहली बार इस तरह के आयोजन में शामिल होने का मौका मिला। इनके चेहरे पर खुशी के साथ-साथ संतुष्टि के भाव थे।

आईटीआई कोनी में कैम्पस इंटरव्यू 22 और 23 को

बिलासपुर । एचआरवीएस इंडिया प्राईवेट लिमिटेड की ओर से इलेक्ट्रीकल, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई (ऑटो मोबाईल), ट्रेक्टर मैकेनिक एवं पेन्टर जनरल व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थी जो सत्र 2015 से 2019 के बीच आईटीआई उत्तीर्ण हुये हैं। उनके लिये एचआरवीएस इंडिया प्राईवेट लिमिटेड द्वारा कैम्पस इण्टरव्यू 22 एवं 23 नवंबर को आयोजित किया गया है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी जिनका दसवीं बोर्ड परीक्षा में 55 प्रतिशत एवं आईटीआई में 60 प्रतिशत अंक है, वे ही इस इण्टरव्यू में भाग ले सकते हैं। कैम्पस इण्टरव्यू आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी बिलासपुर में होगी।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, नारायणपुर जिला-नारायणपुर (छ.ग.)
दूरभाष (कार्यालय) 07781-252378

क्रमांक/1841/न.पा./2019 नारायणपुर, दिनांक 13/11/2019

एतद् द्वारा नगरपालिका परिषद नारायणपुर की ओर से शासकीय अथवा अर्धशासकीय विभाग में पंजीकृत सप्लायर तथा उनके अधिकृत विक्रेताओं से काउ केचर (चार चक्का) क्रय करने हेतु मैनुअल पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से वि लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि :- 23.11.2019 समय 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 25.11.2019 समय 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि :- 04.12.2019 समय 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 04.12.2019 समय 4.00 बजे तक

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
1.	काऊ केचर क्रय। (चार चक्का)	5.99

1. सक्षम निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा। 2. निविदा से संबंधित अन्य नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में समय में नगरपालिका परिषद नारायणपुर कार्यालय से प्राप्त/ देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद नारायणपुर

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोटा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 6017/निविदा सूचना क्रमांक : 11/ब.लि./2019-20 दिनांक 19.11.2019

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **29.11.2019** (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

सिस्टम निविदा क्र.	समूह क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
58392	01	पटैता वन नाका पी.डब्ल्यू.डी. रोड से घोंघा जलाशय रेगुलेटर तक डामरीकरण रोड मरम्मत एवं नियुक्त कोट का कार्य।	रु.48.67 लाख
58393	02	निरीक्षण गृह घोंघा बाहरी गेट से भवन तक मुख्य रोड मरम्मत एवं सीमेंट क्रांकीट रोड का कार्य।	रु. 19.81 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **19.11.2019** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कोटा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता
हसदेव कछार जल संसाधन विभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-74966/3

न्यायालय तहसीलदार केशकाल के न्यायालय में मामला क्रमांक 2019102001000015/11/बी-121/2019-20
विषय-बी-121 भाषने की धोती- राजस्व सन् 2019-20
कोरोभाठा ए.ह.नं. 00016 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार – श्रीमती कचरीबाई नेताम
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा कोरोभाठा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कचरीबाई नेताम पति स्व. लालेश राम नेताम जाति गोंड साकिन कोरोभाठा पोस्ट कोपकनेरा तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव के द्वारा उनके पति स्व. लालेशराम नेताम पिता सोंधराम नेताम लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आरक्षियकांप अधिकारी लोक निर्माण (भवन/सड़क) केशकाल विकासखंड केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग. में गैंग मजदूर (दैनिक वेतन भोगी) के पद पर कार्यरत थे। सेवाकाल के दौरान दिनांक 11/06/2019 को उनका आकस्मिक निधन हुआ है। आवेदिका द्वारा अपने पति के संबंधित विभाग से बकाया वेतन, जी.पी.एफ. स्लाप, ग्रेजुटी, पेंशन एवं अनुकम्पा नियुक्ति हेतु वारिसान प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने के कारण कलेक्टर जिला कोण्डागांव के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जांच हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिस किसी व्यक्ति संस्था को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 22/11/2019 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 07/11/2019 को जारी किया जाता है।

RAKESH KUMAR HASU
तहसीलदार
केशकाल
(सील)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-2/2019-20
ग्राम खोरगांव प.ह.नं. 17 तहसील केशकाल

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती किरण बाई जैन पति श्री जौहरी लाल जैन जाति जैन निवासी खोरगांव तहसील केशकाल जिला-कोण्डागांव द्वारा ग्राम खोरगांव प.ह.नं. 17 तहसील केशकाल में अपने स्वामित्व में दर्ज भूमि खसरा नं. 29/4 रकबा 0.0250 हेक्टेयर आवासीय प्रयोजन उपयोग हेतु परिवर्तित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 28/11/19 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/11/2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा के जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केशकाल
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
(सील)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-2/2019-20
ग्राम सूरडोंगर प.ह.नं. 13 तहसील केशकाल

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मै. न्यू रजा स्टील प्रो. मोहम्मद सोहेल पिता मोहम्मद रफीक जाति मोमिन साकिन केशकाल नगर पंचायत केशकाल तहसील केशकाल जिला-कोण्डागांव द्वारा ग्राम केशकाल प.ह.नं. 17 तहसील केशकाल में अपने स्वामित्व में दर्ज भूमि खसरा नं. 26/111 रकबा 0.0740 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 25/11/19 तक न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/11/2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा के जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
केशकाल
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
(सील)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 58391/निविदा सूचना क्रमांक : 12/ब.लि.वि./2019-20 दिनांक 14.11.2019

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **04.12.2019** (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

सिस्टम निविदा क्र	समूह क्रमांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
58391		खारंग जलाशय परियोजना के लायर शाखा नहर के डी.सी. आर.डी. 750 मी. का मरम्मत कार्य एवं स्टिप शाखा नहर के वी.आर.बी. आर.डी. 1050 मी. के मरम्मत कार्य।	रु. 27.85 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **20.11.2019** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।
नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता
हसदेव कछार जल संसाधन विभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-74972/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही
मुख्यालय पेण्ड्रा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
:: मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02 ::

जापन क्र. 579/ब.लि./ग्रा.यां.से./2019-20 पेण्ड्रा, दिनांक 13/11/2019

छत्तीसगढ़ राज्यपाल महोदय की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित कार्यों हेतु मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग विद्युत कार्यों हेतु जारी दिनांक 15.04.2019 से लागू दर अनुसूची के आधार पर आफलाईन (offline) निविदा प्रतिशत दर पर पोस्ट आफिस के माध्यम से पंजीकृत/ स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 29.11.2019 को अपरान्ह 5.30 बजे तक

क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)
1	शास. हाई स्कूल करसौया अतिरिक्त कक्ष में आवश्यक विद्युतीकरण कार्य	2.24
2	शास. हाईस्कूल गुदुमदेवरी अतिरिक्त कक्ष में आवश्यक विद्युतीकरण कार्य	2.70
3	शास. हाई स्कूल रुमगा अतिरिक्त कक्ष में आवश्यक विद्युतीकरण कार्य	2.70
4	शास. हाई स्कूल पासमी अतिरिक्त कक्ष में आवश्यक विद्युतीकरण कार्य	2.24

1. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) तथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट http://cg.nic.in/res work>Live Tender>Manual Tender में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।
2. निविदा फार्म 2.13 एवं 2.10 का प्रिंट उक्त वेबसाईट से प्राप्त कर निर्धारित स्थान पर दर भरते हुए सील बंद लिफाफा प्रेषित करना होगा।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मरवाही
मुख्यालय पेण्ड्रा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

जी-74978/2

■ न्यूज गैलरी

नवविवाहिता ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात

राजनांदगांव। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम नवागांव कला निवासी एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार ग्राम नवागांव कला निवासी रिंकी पति कमल रजक उम्र 22 साल ने अपने घर के कमरे में लगे पंखे में कपड़ा लपेटकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतिका रिंकी रजक नगर के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी की कपड़ा दुकान में काम करती थी और बुधवार को भी वह काम में आयी थी पर उसे पता चला कि कपड़ा दुकान के संचालक की मौत हो गई है, जिसके बाद वह वापस अपने घर नवागांवकला आ गई और शाम तकरीबन 4.30 बजे आत्महत्या कर ली। हालांकि मृतिका ने फंसी क्यों लगाई इसका कारण अज्ञात है।

फोटो क्रमांक-6

रामपुर स्कूल में धूमधाम से बाल मेला का आयोजन

राजनांदगांव। शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला रामपुर के संयुक्त तत्वावधान में 14 नवंबर को शाला गया। इस कार्यक्रम में खेल प्रतियोगिता, रंगोली, चित्रकारी सूई धागा, रस्सी खीच, कबड्डी आदि खेलो का आयोजन किया गया। बाल में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाया। जिसका आनंद स्कूल के बच्चों के साथ साथ शिक्षकों से लेकर पंचायत प्रतिनिधि शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण एवं पालकगण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ में शीघ्र लागू होगा पत्रकार सुरक्षा कानून

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा के लिए शीघ्र पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होगा। इस संबंध में न्यायमूर्ति आफ्ताब आलम सेवानिवृत्त न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय की अध्यक्षता में गठित समिति ने प्रस्तावित कानून का प्रारूप तैयार कर लिया है और इस पर पत्रकारों, पत्रकार संगठनों तथा आमजनों से चर्चा कर सुझाव प्राप्त करने के लिए समिति 16 से 18 नवम्बर तक राज्य के विभिन्न अंचलों का दौरा करेगी।

डीईओ ने किया विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण

राजनांदगांव। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दरमियान सभी शिक्षक समय पर उपस्थित मिले लेखापाल एवं कार्यालय सहायक विलंब से आए उन्हें चेतावनी दी गई। छात्रों से चर्चा के दौरान छात्रों के द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय में खेलकूद की प्रतियोगिताएं नहीं होती हैं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी नहीं होता, इस हेतु प्राचार्य एवं शिक्षकों को समक्ष में निर्देश दिया गया।

कलेक्टर ने पट्टे वितरण की तैयारियों की समीक्षा की

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने राजस्व और नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक लेकर राजीव आश्रय योजना के तहत पट्टे वितरण की तैयारियों की समीक्षा की।

श्री मौर्य ने बैठक में कहा कि राजीव आश्रय योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को स्थायी पट्टे देने के लिए पट्टे लगभग तैयार है। राज्य शासन से निर्देश प्राप्त होते ही वितरण की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

महानदी से रात में निकाल रहे रेत, कीमत भी हुई दोगुनी

■ **प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, अवैध रेत खनन जोरो पर**

नवप्रदेश संवाददाता

बलौदाबाजार। अवैध उत्खनन और नदियों के संरक्षण के लिए कांग्रेस सरकार ने चुनाव से पहले अपने वचन पत्र में प्रभावी नियम बनाने का जो वायदा किया था उसे निभाते हुए प्रदेश सरकार ने नई रेत नीति 2019 लागू किया है। जिससे प्रदेश के आवाम को सस्ती-सुलभ रेत मिल सकें लेकिन जब यही नीति सरकार की गले की फंस बन जाये तो निश्चित रूप से सरकार की किरकिरी होना लाजमी है। मामला बलौदाबाजार जिले की ग्राम तुरमा के अमलडीहा-हरदी घाट की है जहाँ मेरी मर्जी की तर्ज पर ठेकेदार द्वारा रेत उत्खनन किया जा रहा है। साथ ही मनमाना दर पर लोडिंग किया जा रहा है। जिससे अब लोगों को दोगुना दर पर रेत मिल पायेगा। मीडिया ने जब गुरुवार को उक्त घाटों पर जाकर भौतिक सत्यापन किया गया तो महंगी रेत की कहानी पूरी तरह सच निकला। सूत्रों ने बताया कि यहाँ ठेकेदार पेटी में काम लेकर हाईवा में पहले जिस दर से लोडिंग किया जा रहा था वह अब दोगुना दर पर किया जा रहा है। जिससे अब लोगों को जिस दर पर 6 माह पहले मिल रहा था अब वह रेत दोगुना दर पर मिलेगा। कूलमिलाकर ठेकेदार द्वारा पैदा की गई कूटनीति का प्रभाव सरकार को पड़ेगा। जिससे सरकार की किरकिरी होना स्वाभाविक है।

विधायक ने ली सुध

रातभर हैवी मशीन से रेत के उत्खनन की जानकारी जब क्षेत्रीय विधायक सुश्री शकुंतला साहू को दी गई तो उन्होंने सीधे कहा कि उन्होंने खनिज विभाग और प्रशासन को कार्रवाई के लिए कहा है अगर 2 दिनों के भीतर जिला प्रशासन और खनिज विभाग इस ओर लगाम नही लगाता तो खुद विधायक पूरे मामले की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री से करेंगी। जिससे प्रदेश की जीवन दायिनी महानदी का अस्तित्व बचा रहे।

पोकलेन से उत्खनन

नदियों के वास्तविक स्वरूप को बनाए रखने के लिए पर्यावरण विभाग ने रेत खदान में पोकलेन, जेसीबी जैसी हैवी मशीनों को उतारने पर प्रतिबंध लगा रखा है और रेत खदानों ने लोडिंग अनलोडिंग का मैनुयल लेना है पर ठेकेदार पोकलेन मशीन से न केवल रेत का खनन करते है, बल्कि नदी के किनारों को काटकर बीच में बड़े-बड़े रपटा बनाकर नदी का स्वरूप बिगाड़ रहे है बलौदाबाजार विकासखंड के ग्राम पंचायत तुरमा के अमलडीह और हरदी रेत घाट महानदी के समीप है जहाँ पर मशीनों से दिन-रात रेत का अवैध खनन कर रोजाना हाईवा और मिनी डंफरों से परिवहन किया जा रहा है जिसकी सुध किसी जिम्मेदार द्वारा नही ली जा रही है जिससे यहाँ ठेकेदार अंधाधुंध उत्खनन कर शासन को चुना लगा रहा है। ऐसा नही की इसकी जानकारी खनिज विभाग और जिला प्रशासन को न हो लेकिन महीनों की लंबी घड़ोतरी मिलने के कारण खनिज विभाग द्वारा मूक आदेश देने की खबर है वही लोगों की माने तो ठेकेदार और खनिज अधिकारी की मिलीभगत से जीवन दायिनी महानदी का गला घोंटा जा रहा है।

इनका कहना है

मजदूर उक्त रेत घाट में काम कर सकते है। पूरे मामले की जल्द ही जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

एम. चंद्रशेखर, खनिज अधिकारी, बलौदाबाजार

आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है मैं दिखवाती हूँ।

नीतू कमल, पुलिस अधीक्षक, बलौदाबाजार

यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है अभी हमारे द्वारा 10 ओवरलोड हैवी वाहनों पर कार्रवाई की गई है। यदि ओवरलोड रेत हाईवा निकल रही है तो आगे कार्रवाई की जाएगी।

जितेंद्र कोसले, यातायात प्रभारी, बलौदाबाजार

जब इस संबंध में ठेकेदार मुकेश दुबे से बात करना चाहा गया तो अमलडीहा घाट में उपस्थित मुंशी द्वारा किसी डेबर नामक रायपुर के ठेकेदार का नम्बर दिया जिससे बात की गई तो उन्होंने कहा मैं आपसे आकर मिलता हूँ।

कालेज की विभिन्न समस्याओं से एबीवीपी ने कराया अवगत

राजनांदगांव। दिग्विजय महाविद्यालय प्रदेश का अग्रणी महाविद्यालय है जिसमें 5 हजार नियमित छात्र छात्रायें एवं 17 हजार प्राईवेट के छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हित के लिये कार्य करते आ रहे है। इसी संदर्भ में दिग्विजय महाविद्यालय में तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्राचार्या के नाम रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा गया, जो कि तीन सूत्रीय मांग बीसीए प्रथम वर्ष की विषय निर्धारित की जाये। आवश्यक बुक की पूर्ति की जाये। 3 पेयजल की व्यवस्था की जाये एवं उसके आसपास सफाई की जाये।

छात्र नेता चिंटू सोनकर ने बताया कि बीसीए प्रथम वर्ष में नामांकन के ऑनलाईन में नौ विषय दिखाया जा रहा है, किन्तु जब डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष से सिलेबर्स के आधार पर जानकारी मांगी गई तो सिलेबर्स में मात्र छै विषय का ही उल्लेख किया गया है। ऐसे में छात्र-छात्राऐं दुविधा में फंसे है कि सिलेबर्स के आधार पर परीक्षा की तैयारी की जायें या फिर नामांकन के आधार पर तैयारी करें।

पुष्पांजलि समिति किशुनगढ़ के अध्यक्ष अर्जुन के द्वारा किया जाएगा रेल्वे संघर्ष समिति पंडरिया का सम्मान

पंडरिया। पंडरिया रेल्वे संघर्ष समिति के द्वारा पिछले वर्ष 103 दिन के आंदोलन रेल रुट परिवर्तन के परिपेक्ष्य में किया गया था जिसका माननीय मुख्यमंत्री जी और श्री अर्जुन तिवारी जी भी अपना समर्थन समिति को दिया था जिसे सत्ता परिवर्तन के बाद माननिय मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया था कि रेल्वे लाइन बनेगा तो पुराना सर्वे के आधार पर बनेगा नही तो रेल्वे लाइन केंसिल कर दिया जाएगा इसी कड़ी को लेकर पुष्पांजलि समिति के अध्यक्ष व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री अर्जुन तिवारी जी के द्वारा समिति का बैठक रखा गया था कि इस समिति में जितने सदस्य अपना योगदान दिया है उन लोगो का हमारे पुष्पांजलि समिति किशुनगड के द्वारा सम्मानित करने की बात हुई जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री आशीष जैन ने इस सम्मान को स्वीकार करते हुए अपना समय जो 18 नवम्बर तय किया था इस संदर्भ में दिनांक14/11/2019 को श्री अर्जुन तिवारी के द्वारा विश्राम गृह पंडरिया में शाम 4 बजे पत्रकार वार्ता रखा गया था जिसमे पंडरिया एवं पांडातराई के पत्रकारों ने अपना समय दिया और तिवारी जी से सवाल जवाब किये जिसमे रेल रुट परिवर्तन के बारे में चर्चा किया गया और श्री तिवारी जी के द्वारा बताया गया कि रेल्वे संघर्ष समिति का सम्मान 18 नवम्बर के स्थान पर 18 दिसम्बर को किया जाएगा और उसमें भागीदारी करने वाले सदस्यो को आने वाले समय या कभी भी अन्याय के खिलाफ इस तरह के आंदोलन करने पर पुष्पांजलि समीति अपना योगदान देते रहेगा इस बात की पुष्टि श्री तिवारी जी ने की और अगर रेल्वे लाइन पंडरिया होते गुजरते है तो यहां के नागरिको और सदस्यों को पहले प्राथमिकता देने की बात कही।

सत्ता में आने के बाद वादा खिलाफी कर रही कांग्रेस

■ **कांग्रेस सरकार जनता से झूठ बोलकर सत्ता में आई है, जनता से किये वादे पूरा करे कांग्रेस**

लवन । प्रदेश के कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों से की जा रही वादाखिलाफी एवं धान खरीदी को लेकर किए गए झूठे वायदे के खिलाफ भाजपा ने शुक्रवार को स्थानीय तहसील चैक में प्रदर्शन कर कांग्रेस सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए मंडल अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्क्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सत्ता में आने के लिए जो झूठे वादे किए थे, सत्ता में आने के बाद उसे भूल गए। कांग्रेस पार्टी ने किसानों का धान 2500 रूपए प्रति क्विंटल में लेने और 2 साल का बकाया बोनस देने का वादा अपने जनघोषणा पत्र में किया था। किन्तु आज अपना वादा पूरा करने के बजाय केन्द्र सरकार की तरफ देख रही है। कांग्रेस सरकार ने जनता से झूठ बोलकर सत्ता में आने के बाद शराबबंदी करने की बात कही थी, लेकिन सत्ता में आते ही शराब की कीमत में और अधिक इजाफा कर, शराबबंदी करने की ओर आगे नहीं बढ़ रही है। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता और रोजगार देने का वादा किया पर अभी तक न किसी को रोजगार और न ही बेरोजगारी भत्ता मिला। प्रदेश की भूपेश सरकार ने 1 दिसम्बर से धान खरीदी शुरू करने की घोषणा कर किसानों की परेशानी को और बढ़ा दिए है। किसानों के पास धान रखने के लिए जगह का अभाव हो रहा है। भाजपा के शासनकाल में किसान धान को अपने खलिहान से सीधे खरीदी केन्द्र लेकर जाते थे, किन्तु इस वर्ष 1 दिसम्बर से धान खरीदी किये जाने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई है, अधिकतर किसानों ने अपना धान को काटकर खलिहान में ही मजबूरीवश रखे हुए है। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार किसानों का धान जल्द खरीदे नहीं तो जेल भरो आंदोलन करेंगे। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि हम किसानों का एक-एक दाना खरीदेंगे पर अब हेक्टेयर में 37 क्विंटल धान खरीदने की बात कर रहे है।

प्लेसमेंट कैम्प में 182 आवेदकों ने किया आवेदन, कैम्प स्थल में 56 का चयन

■ **शेष रिक्त पदों पर चयन कौशल परीक्षण एवं साक्षात्कार उपरांत होगा**

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग एवं संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गरियाबंद द्वारा निजी प्रतिष्ठान टॉप कैरियर सर्विसेस, तात्पापारा, रायपुर द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती हेतु शासकीय आई.टी.आई. परिसर में बीते 14 नवम्बर गुरुवार को निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया था। जिसमें गरियाबंद सहित आसपास इलाकों के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां भारी संख्या में पहुंचे हुए थे।

इन रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प आयोजित

रायपुर के लिए सिविल इंजीनियर बी.ई. सिविल 10 पद, फीटर आई.टी.आई 10 पद, इलेक्ट्रीशियन आई.टी.आई 10 पद, एकाउंटेंट टैली जी.एस.टी 5 पद, नर्सिंग स्टाफजीएनएम बीएससी 50 पद, सिक्युरिटी गार्ड 10वीं पास 30 पद, डिलवरी बॉय 10वीं पास 15 पद एवं गरियाबंद में मार्केटिंग आफिसर खातक के 40 पदों पर भर्ती किया जाना था। इसमें आवेदक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित किया गया था।

छत्तीसगढ़ी फिल्म हंस झन पगली फंस जबे का लिंक कॉपी कर आयोजनों में चलाना महंगा पड़ा

■ **कसडोल पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट के तहत 3 आरोपियों के खिलाफ मामला किया पंजीबद्ध**

बलौदाबाजार/कसडोल। प्रदेश भर में अभी तक रिकार्ड तोड़ कमाई करने वाली छत्तीसगढ़ी फ़िल्म हंस झन पगली फंस जबे का लिंक कॉपीराइट का मामला सामने आया है, फ़िल्म निर्माता छोटेलाल साहू की शिकायत पर कसडोल पुलिस ने कॉपीराइट अधिनियम 1957 की धारा 63 के तहत 3 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दरअसल हंस झन पगली फंस जबे फिल्म का लिंक कॉपी कर आरोपियों द्वारा बलौदाबाजार जिले अन्तर्गत कई लोगों के घरों में विभिन्न आयोजनों पर फिल्म दिखाने के एवज में मोटी रकम लेकर प्रोजेक्टर, प्लेयर और पेनड्राइव की मदद से फिल्म दिखाया जाता था, इसकी जानकारी फ़िल्म निर्माता छोटेलाल साहू को हुआ तो उन्होंने षड्यंत्र बनाकर आरोपियों को अपने गांव खैरा एक कार्यक्रम में फ़िल्म दिखाने के लिए बुलाया गया और उनके द्वारा रंगे हाथों प्लेयर, प्रोजेक्टर और पेनड्राइव पकड़ी गई। मामले की सूचना तत्काल कसडोल पुलिस को दी गई।

पिथौरा बारनवापारा चौक पर अवैध कब्जा

पिथौरा। नगर पंचायत पिथौरा के ह्रदय स्थल बार चौंक अवैध कब्जे का शिकार हो चुका है प्रशासन द्वारा कई बार कार्यवाई की किन्तु कब्जा दुबारा कर लिया जाता है इसी कडी मे कभी वन विभाग के अधीन रही नाका गेट व आफिस पर कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है जानकारी देने पर नगर पंचायत के कर्मचारी ने कार्य पर रोक लगाया। वैसे सरकारी जमीन की खरीद बिक्री के लिए बदनाम पिथौरा के भू माफिया की नजर इस जगह पर काफी समय से टिकी हुई थी

वोट बैंक की राजनीतिः नगर पंचायत चुनाव समीप देखते हुए कब्जा अतिक्रमण करने की शुरुआत हो गई।जनप्रतिनिधि अपने वोट की चिंता में नगर की चिंता को ताक मे रखने से परहेज नहीं करते जिसके चलते अतिक्रमण बेधड़क होने देतें हैं।रसूखदार चुनावी खर्चा वसूली मे करोड़ों की जगह जनप्रतिनिधि-प्रशासन महेरबानी मे हथिया लेते हैं बार चौंक की इस करोड़ों की जगह पर कब्जा करने व करनेवाले की जानकारी नगर पंचायत विभाग को ना हो यह हो नहीं सकता।

पूर्व में भी सरकारी जगह पर कब्जाः इसी तरह बार चौंक मे नगर का दशकों पुराना कांजीहाउस रसूखदारों के पास चला गया। कांजीहाउस को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा और समाजसेवियों ने कई बार आवाज उठाई समाचार पत्रों में छापा गया। बार चौंक अतिक्रमण को स्थानीय नागरिकों व पत्रकारों ने सोशल मीडिया में डाल दिया जिससे नगर पंचायत हरकत में आया कार्य रोकने की कार्यवाई की पर यह कार्यवाई कब तक कायम रहेगी ये देखना पड़ेगा।

कार्यशाला आरक्षण प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

ग्राम पंचायतों के वार्डों का आरक्षण 17 नवम्बर को

राजनांदगांव। त्रि-स्तरीय पंचायत आम चुनाव 2019-20 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई 17 नवम्बर को ठाकुर प्यारे लाल सिंह नगर पालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में की जाएगी। आरक्षण प्रक्रिया के लिए यहां जिले के 9 विकासखंडों के लिए अलग-अलग कमरे रहेंगे। ग्राम पंचायत वार्डों के आरक्षण के संबंध में आज आरक्षण प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में व्यापक प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर प्रशिक्षक कैलाश शर्मा तथा दीपक ठाकुर ने आरक्षण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पंचायत आम चुनाव के लिए सामान्य क्षेत्रों में तथा अनुसूचित क्षेत्रों में आरक्षण की प्रक्रिया अलग होगी। प्रशिक्षकों ने सामान्य क्षेत्रों के लिए ग्राम पंचायत अर्जुनी तथा अनूचित क्षेत्र के लिए ग्राम पंचायत बांधाबाजार का उदाहरण देकर आरक्षण प्रक्रिया को समझाया। प्रशिक्षकों ने बताया कि आरक्षण 2011 की जनगणना के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि सामान्य क्षेत्र में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग का आरक्षण जनसंख्या के आधार पर होगा। इसी प्रकार आरक्षण प्रावधान के अनुसार महिलाओं के लिए भी पद आरक्षित किए जाएंगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ओंकार यदु, जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ श्री कुर्रे, सभी एसडीएम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा ग्राम पंचायत वार्डों के आरक्षण प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

कारी में डांस प्रतियोगिता आयोजित

लवन। ग्राम पंचायत कारी (कोहौटा) में लवली यासना ग्रुप, कारी के तत्वाधान में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि देवीलाल बार्घे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लवन, परमेश्वर यदु पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रायपुर, अजय तारागकार पार्षद लवन , पवन साहू, जनपद उपाध्यक्ष बलौदाबाजार, देवकी साहू, अभिषेक पाण्डेय, घनश्याम पटेल, श्याम कुमारी श्री पटेल सरपंच ग्राम पंचायत कारी, मृत्युजंय वर्मा, बनवारी बार्घे, राधेश्याम उर्फकुल्लू सत्रे, महेश कुर्रे, रेशम कुर्रे, विजय साहू, नरेन्द्र वर्मा सहित सुनील यादव अतिथि रहे। समिति के द्वारा सभी अतिथियों का फूल-माला व श्रीफल के साथ भव्य स्वागत किया गया।

■ न्यूज गैलरी

अहिरवार समाज के भवन के द्वितीय भवन का भूमि पूजन संपन्न

भाटापारा। गुरुवार को श्री संत रविदास वार्ड में अहिरवार समाज सामुदायिक भवन में ऊपरी हाल के निर्माण का भूमिपूजन नगरपालिका अध्यक्ष ,मंडल अध्यक्ष मनिन्दर सिंह गुम्बर एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष महाबल बघेल के द्वारा उपस्थित समाजिक कार्यकर्ता के द्वारा किया गया उक्त भूमिपूजन कार्य मे उपस्थित कार्यकर्तागण दनीप्रसाद भांडेकर,जेठूराम कमरी, मनोज कुमार बारेकर, अशोक बारेकर, रोशन बंजारे, दुकालूराम कुर्रे, मो हारून, माखन महिलाणे, हेम कमरी, सुशील कुमार, सुनील कुमार, अजय रामपुरिक, उमेन्द्र बारेकर, प्रदीप कमरी, दीपक कामरी, दसरू बारेकर, शंकर कामरी, मनोहर रामपुरिक, शेष लंझे, मंगल बारेकर, कुंजराम बारेकर, आदि सभी के उपस्थिति में भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न हुआ।

आकस्मिक मृत्यु में व्याख्याता की पत्नी को मिली अनुग्रह राशि

भाटापारा। गत दिवस भूपेंद्र कुमार साहू ब्याख्याता खोखली की हुई आकस्मिक मृत्यु पर उनकी धर्म पत्नी श्री मती शकुंतला साहू को डी.डी.ओ.प्राचार्य श्री डी.के.शर्मा के नेतृत्व मे 50000/पचास हजार रूपये अनुग्रह राशि प्रदान की गई, इस मौके पर संस्था प्रमुख श्री ए.आर.कुर्रे,श्री सी.पी.ध्रुव, श्री दीपक मिश्रा लिपिक, अशोक शर्मा, अरूण वर्मा, भूमेश पाण्डेय,कमलेश वर्मा, श्रीमती कल्पना मिश्रा, सुषमा सिंह,प्रेरणा ठाकुर सहित दिनेश वर्मा लिपिक उपस्थित रहे।

भाटापारा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

भाटापारा। भाटापारा बाल विद्या मन्दिर गोवर्धन मैदान में गत दिवसों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस में व्यासपीठ पर विराजमान श्रीधाम वृन्दावन के श्री चैतन्य किशोर कटारे जी ने भगवन श्रीकृष्ण भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल-लीलाओं का वर्णन एवं विश्लेषण किया गया। राधे-राधे एवं श्रीकृष्ण के जयकारों के बीच भगवान को प्रसाद चढ़ाया गया। रासलीला में मइया यशोदा ने कान्हा को मटकी से माखन चोरी करते पकड़ लिया। कान्हा ने मुस्कुराते हुए मइया से दोबारा गलती न करने की बात कह कर उन्हें खुश कर दिया। रासलीला देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

तय किमत से ज्यादा दाम वसूल रहे सेल्समैन

■ शराब दुकान में 10 से 20 रुपए ज्यादा देना पड़ा उपभोक्तओं को

नवप्रदेश संवाददाता

तिल्दा-नेवरा । शराब की कीमतों में शासन द्वारा निर्धारित दर के विपरित मनमानी पूर्वक किये जा रहे अतिरिक्त वसूली पर न ही विभागीय स्तर से लगाम कसी जा रही है और न ही जनप्रतिनिधी इस मामले पर कोई आवाज उठा रहे है संचालित शासकीय शराब दुकान के सेल्समैनों का स्वच्छंद रूप से शराब की कीमतों में बढ़ोतरी कर रोजाना हजारों रूपए का अतिरिक्त आय अर्जित करना पेशा बन गया है जानकारी में आया है कि शराब के सेल्समैनों के द्वारा शराब क्रेताओं से दबावपूर्वक निर्धारित दर के प्रतिकुल 10से 20 रूपए तक की अतिरिक्त वसूली की जा रही है और यह कोई नया मामला नहीं है अपितु जब से शासन द्वारा शराब बिक्री को अपने हाथों में लिया गया है तभी से शराब क्रेताओं के जेब में डाका डाला जा रहा है यह मामला आये दिन अखबार के सुर्खियों में छाये रहने के बावजूद शराब बिक्री के नाम पर की जा रही अवैध वसूली पर कोई परिवर्तन नहीं देखा जा रहा है और न ही कोई जनप्रतिनिधी इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही है इस विषय पर क्षेत्रवासियों का आरोप है कि शासकीय जवाबदार मूलाजिम तो शराब सेल्समैनों के हाथों बिके हुए हैं साथ ही क्षेत्रिय जनप्रतिनिधीयो का इस मामले पर चुप्पी साधना संसयपद है तिल्दा-नेवरा नगर में संचालित शासकीय शराब दुकानों में आये दिन शराब क्रेता और विक्रेता के बीच शराब की किमत को लेकर वाक युद्ध होना आम बात हो गई है शराब की किमतो के विपरित अतिरिक्त वसूली का यह मामला किसी से छूपा नहीं है अपितु पूरे क्षेत्र में फैला हुआ है फिर भी इस मसले को लेकर कोई राजनीतिक पार्टियों ने अब तक आवाज उठाई है और न ही कोई जनप्रतिनधी ने विरोध किया है अनुमान लगाया जा रहा है कि इनके चलते ही शराब सेल्समैनों के हौसले बुलंद हो चुके है शराब बिक्री के आड़ में सेल्समैनों की अवैध वसूली पेशा बन गई है जवाबदार विभाग व जनप्रतिनिधियों के असहयोगात्मक रवैए के चलते शराब क्रेताओं के बीच मायूसी छा गई है वह चाहकर भी शराब के सेल्समैनों का अवैध वसूली का विरोध नहीं कर पाते शराब के शौकीनों के अनुसार शराब सेल्समैन गुगें पाल रखे हैं जो शराब के अवैध किमतो का विरोध करने पर आक्रामक तेवर मे पेश आते हैं यहां तक की मारा मारी में उतर जाते हैं । शराब सेल्समैनों का मनमानी यही तक सीमित नहीं है इनके शह पर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री भी पनप रही है नगर के गलियों से लेकर गांव तक इनका जाल बिछा हुआ है अवैध शराब कोचियाओ को बड़ी आसानी से सेल्समैनों के मार्फत शराब की खेप पहुंच जाती है कहने को तो सेल्समैन एक निश्चित सैलरी में कार्यरत हैं लेकिन शराब बिक्री के बदौलत मोटी रकम से स्वयं व अपने आकाओं का जेब भर रहे हैं ।

नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानी करने वाला युवक गिरफ्तार

भाटापारा। अपनी बहन और बुआ के यहाँ रात्रि में सो रही नाबालिका के साथ गाँव के ही युवक द्वारा छेड़छाड़ करने की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज आगे की कार्यवाही कर रही है। ग्रामीण थानेदार नरेश चौहान से मिली जानकारी अनुसार पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू कमल द्वारा महिलाओ बालिकाओ पर हो रहे छेड़खानी के अपराध को रोकने पर विशेष ध्यान देखकर रोकने तथा कार्यवाही हेतु निर्देश पर, तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जे आर ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री के बी द्विवेदी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण निरीक्षक श्री नरेश चौहान के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण के अपराध क्रमांक 488/19 धारा 456,354 भादवी 08 पॉक्सो एक्ट के आरोपी राजू साहू पिता हेलू राम साहू उम्र 21 साल निवासी खिलोरा थाना भाटापारा ग्रामीण जो कि प्रार्थीया पीड़िता ग्राम खीलोरा रात में थाना खाकर अपनी बुआ व बहन के साथ घर में सोई थी कि रात्रि करीबन 11:30 बजे गांव का राजू साहू घर के खिड़की से कूदकर छेड़छाड़ बेइज्जती करने की नियत से प्रार्थीया को छूने लगा जाग जाने पर उसके मुंह को अपने हाथ से दबा दिया कुछ आवाज सुनकर प्रार्थिय की दादी जगी तो राजू साहू कमरा से भाग गया था जिसे आज दिनांक को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा दिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण नरेश चौहान स ऊ नी वी एन सिंह आरक्षक जितेंद्र राजपूत नवीन कुर्रे का विशेष योगदान रहा।

झारखंड विधानसभा चुनाव के स्टार प्रचारक बने मंत्री डहरिया

नवप्रदेश संवाददाता

बिलाईगढ़ । विधानसभा बिलाईगढ़ के प्रथम विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया को विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक बनाए जाने पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। प्राप्त समाचार के अनुसार बिलाईगढ़ विधानसभा के प्रथम विधायक व नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन डॉ शिवकुमार डहरिया को झारखंड प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक बनाए जाने पर क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल व्याप्त है सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार कर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया है ।हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी एवं सभापति छत्रसाल साहू, अधिवक्ता एवं नोटरी रामनारायण भट्ट, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिलाईगढ़ नेमीचंद केसरवानी, ब्लॉक अध्यक्ष सोनाखान नल कुमार पटेल, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रेमशिला नायक, अशोक सिंघानिया ,राजेंद्र अग्रवाल ,पार्षद रामशंकर साहू ,शीतल याद हिरवानी, कमलेश कुर्रे ,दिल हरण साहू, जागेश्वर लहरें ,चंद्रशेखर हिरवानी, लक्ष्मी पटेल, जागेश्वर निराला, डॉ एसएन जेटली, डॉ शंकर नारंग, कपूर चंद्र अग्रवाल, किशोर निराला, लक्ष्मण जोल्हे, प्रेमलाल चंद्रा ,सरपंच रेव्नारायण कुलदीप, सुधा चौहान, संतराम बरिहा, नारद पटेल, डॉ भूपेंद्र नायक, जी वर्धन पटेल ,रजनीकांत भट्ट, संतोष देवांगन ,सुनील सिंघानिया ,धनेश यादव ,शैलेंद्र देवांगन, आदि ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया है ।

हर्षोल्लास से मनाई गई सुदर्शन महाराज की जयंती

नवप्रदेश संवाददाता

डोंगरगढ़ । स्थानीय सुदर्शन समाज महासंघ के द्वारा सुदर्शन जयंती शहर के आईटीआई के पास स्थित सुदर्शन गिरी पहाड़ में सभी सामाजिक बंधुओ के द्वारा महर्षि संत शिरोमणी परम ब्रम्हज्ञाणी सुदर्शन महाराज जी कि जयंती पर्व को बहुत धूमधाम से मनाई गई और कार्यक्रम में सभी सामाजिक लोग उपस्थित होकर सुदर्शन महाराज और वालमिकी महाराज जी की विधिविधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किये और सभी सामाजिक लोग मिल के सुदर्शन जयंती को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किये । भारतीय सुदर्शन समाज महासंघ के जिलाध्यक्ष -मयूर हथेल ,विजय करसे, गोपाल डाकहा, संतोष बिरहा, शयाम समुन्द्रे, अरविंद हथेल, अजय करसे,संजय हथेल, प्रिंस हथिबेड, राजू डाकहा, रूपेश बघेल, विनोद करसे, सुधिर बघेल, शिवम मनहरे, राजू समुद्रे, अमन डाकहा, अरविंद समुन्द्रे, शेकर समुन्द्रे,वि करसे, अतुल बिरहा, राहुल करसे ,संगीत करसे, रजनी खूरसेल,सुनीता बघेल,प्रीति हथेल, चांदनी गोइकर, अनिता बाक्सरे, आरती समुन्द्रे, गोमती करसे, सरिता बघेल, सरिता डाकहा,बबली खोटे, दुर्गा बिरहा,और भी सामाजिक बंधुओं उपस्थित थे ।

राइस मिलरों को पंजीयन कराने के निर्देश

महासमुंद। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने गत दिवस जिला कार्यालय के सभा कक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 के कस्टम मिलिंग के संबंध में जिले के राईस मिलर्स की बैठक ली। उन्होंनें राईस मिलर्स को जिले के लक्ष्य के अनुरूप कस्टम मिलिंग करने के लिए समय सीमा में पंजीयन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। विभागों के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 136 अरवा एवं 43 उसना राइस मिलें हैं। राइस मिलर्स एसोसिएशन ने अनुरोध किया कि जिले के राइस मिलर्स को विगत वर्ष के शेष भुगतान की राशि शीघ्रतापूर्वक करने कहा। उल्लेखनीय है कि जिले में इस वर्ष धान उपार्जन की मात्रा 7.5 लाख मीट्रिक टन है।

काम-धाम करने की वजाय घर बैठे प्रधान पाठक ले रहा पगार

■ जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे है ध्यान

गिधौरी/ टुण्डरा। बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र के ग्राम करमेल मे शासकीय प्राथमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक दवारा लगातार तीन वर्ष से बच्चों को बिना पढाये लिखाये घर बैठे वेतन लिए जाने का मामला प्रकाश मे आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र के ग्राम करमेल शासकीय प्राथमिक शाला मे पदस्थ प्रधानपाठक धनेशवर साहु दवारा महीने एक दो दीन ही स्कूल जाते है वहां पंजी रजिस्टर पर एक सप्ताह का हस्ताक्षर कर चले जाता है शिक्षा जगत मे काम करने वाले शासन प्रसाशन की कमजोरी के कारण तीन वर्ष से बिना कार्य करे वेतन लिया जा रहा है प्रधानपाठक धनेशवर साहु दवारा स्कूल के बच्चों को पढ़ाने के लिए प्यारे लाल भोई नामक व्यक्ति जो कि स्थानीय निवासी है उसे रखा गया है और उसे 4500 रुपये महीने का पगार .धनेश्वर साहू द्वारा दिया जाता है वही पूछने पर यह भी बताया गया कि प्यारे लाल भोई ने बताया कि शिक्षक धनेशर साहु द्वारा पूरे 3 वर्ष में सप्ताह में एक - दो बार ही स्कूल आते हैं और पूरे सप्ताह भर पंजी रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर चले जाते हैं इस मामले की खबर मिडीया तक पहुचने के बाद शिक्षा विभाग हरकत मे आया और । शिक्षाअधिकारी कसडोल के.के. गुप्ता वनांचल क्षेत्र के करमेल शासकीय प्राथमिक शाला शुक्रवार को पहुचे जहा जानकारी लिया तो पता चला कि धनेशवर साहु आज शासकीय प्राथमिक शाला करमेल मे अनुपस्थित मिले जिसमे शिक्षाअधिकारी के.के गुप्ता ने गांव वाले का बयान लेकर पूरे मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को देने की बात कह रही है

नवनियुक्त एल्डरमेन शपथ ग्रहण समारोह में पहुचे क्षेत्रीय विधायक चंद्रदेव राय

गिधौरी/ टुण्डरा । आज बिलाईगढ़ विधानसभा के नगर पंचायत टुण्डरा में नव नियुक्त एल्डर मेन नियुक्ति का शपथग्रहण समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस नवनियुक्त एल्डरमेन शपथग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक चंद्रदेव राय और कसडोल एस.डी.एम. टेकचंद अग्रवाल प्रमुख रूप में उपस्थित रहे। राज्य सरकार के प्रतिनिधि के रूप में नगर के विकास में अहम् भूमिका निभाने के लिए राज्य सरकार ने राज्य के सभी नगर के विकास के लिए राज्य सरकार के प्रतिनिधि नए एल्डरमेन की नियुक्ति किया गया है जिसका टुण्डरा में नवनियुक्त सभी तीनो एल्डरमेनो को कसडोल अनुविभागीय अधिकारी टेकचंद अग्रवाल के द्वारा नगर पंचायत कार्यालय नगर पंचायत टुण्डरा के आम जनता के उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता तथा भारत के संविधान के अनुसार सत्य निष्ठा से नगर की विकास में ईमानदारी से कार्य करने के लिए शपथ दिलाया गया।

सरपंच पद के आरक्षण की कार्रवाई पर रोक

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के आरक्षण की कार्यवाही 19 नवम्बर तक सम्पन्न कराये जाने सूचना प्रकाशित की गई थी। शासन के निर्देशानुसार अब सरपंच पद के आरक्षण की कार्यवाही को रोके जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस संबंध में समस्त ग्राम पंचायतों एवं आश्रित ग्रामों में सूचना देने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि शेष पदों यथा पंच, जनपद पंचायत के सदस्य एवं अध्यक्ष तथा जिला पंचायत के सदस्य के पदों का प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यावाही प्रस्तावित तिथि 23 नवम्बर सम्पन्न कराई जाएगी।

विधायक ने कुपोषित बच्चों को खिलाया पौष्टिक आहार

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत जिले के गंभीर कुपोषित बच्चों एवं एनिमिया पीड़ित महिलाओं को कुपोषण से मुक्ति के लिए प्रतिदिन पौष्टिक बिस्किट तथा सप्ताह के दो दिन पौष्टिक चिकी खिलाया जा रहा है। आज नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल एवं युवा महोत्सव का विकासखण्ड स्तरीय आयोजन के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं राजिम विधायक श्री अमितेष शुक्ल ने 20 बच्चों को पौष्टिक बिस्किट अपने हाथों से खिलाया। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के 150वीं जयंती के अवसर पर इस महत्वपूर्ण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत शून्य से 5 वर्ष के गंभीर कुपोषित बच्चो को एवं 15 से 19 वर्ष के एनिमिया पीड़ित महिलाओं में कुपोषण को पूर्णतः समाप्त किया जायेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि इस अभियान को पूर्ण जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ क्रियान्वयन किया जाए। कलेक्टर श्याम धावड़े ने बताया कि जिले के कुपोषित बच्चों का पोषण स्तर में वृद्धि के लिए जिला खनिज न्यास निधी से राशि उपलब्ध कराई गई है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि गरियाबंद विकासखण्ड में इस योजना के अंतर्गत 285 गंभीर कुपोषित बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक बिस्किट एवं प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को पौष्टिक चीकी का वितरण नियमित रूप से किया जा रहा है।

जिला अंत्यावसायी योजनाओं से संबंधित शिविर कल

गरियाबंद। जिला अंत्यावसायी शहरी विकास समिति द्वारा संचालित अंत्योदय स्वरोजगार योजना और आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के स्वरोजगार के इच्छुर हितग्राहियों को लाभान्वित करने जिले के जनपद पंचायतों में शिविर आयोजित किये जायेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत फिंगेश्वर में सोमवार 18 नवम्बर को, जनपद पंचायत छुरा में बुधवार 20 नवम्बर को, जनपद पंचायत गरियाबंद में गुरूवार 21 नवम्बर को, जनपद पंचायत मैनपुर में शुक्रवार 22 नवम्बर को तथा जनपद पंचायत देवभोग में सोमवार 25 नवम्बर को शिविर आयोजित किया जायेगा। उक्त शिविर में जिला अंत्यावसायी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी विभागीय अमलों के साथ उपस्थित रहकर समिति द्वारा संचालित अंत्योदय स्वरोजगार योजना और आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत स्वरोजगार के इच्छुक आवेदकों को योजना की जानकारी देंगे।

नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल एवं युवा महोत्सव आयोजित

गरियाबंद। जिला मुख्यालय के शासकीय बालक प्राथमिक शाला परिसर एवं विकासखण्ड छुरा में आज नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल एवं युवा महोत्सव का विकासखण्ड स्तरीय आयोजन किया गया, जिसमें जिले के गरियाबंद एवं छुरा विकासखण्ड से पहुंचे 14 लोक नृत्यों के कलाकारों ने जनजातीय लोक नृत्य एवं लोक कलाएं, पारंपरिक तीज-त्यौहार और अन्य विधाएं जैसे-सुआ नृत्य, करमा नृत्य इत्यादि का मनभावन प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र राजिम के विधायक अमितेष शुक्ल ने आदिवासी जननायक बिरसामुंडा और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए किया। साथ राज्यगीत अरपा पैरी के धार के मधुर गीत के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानी मंगल पांडे से प्रेरणा लेकर आदिवासी युवा बिरसामुंडा ने महज 20 साल की आयु में अंग्रेजी हुकमत के खिलाफबिगुल बजा दिया था।

प्रदर्शन | समर्थन मूल्य में धान खरीदे सरकार, राज्यपाल के नाम बीजेपी ने सौंपा ज्ञापन

भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। भारतीय जनता पार्टी खरोरा मण्डल के तत्वाधान मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय(तिगड्डा चौक) खरोरा पर 2500रु. समर्थन मूल्य पर धान खरीदी और बकाया बोनस राजनीतीक नौटंकी करने वाली भूपेश सरकार के दमनकारी, वादाखिलाफी के विरोध मे हल्ला बोल, धरना प्रदर्शन किया, तत्पश्चात राज्यपाल महोदय के नाम से तहसीलदार जी को ज्ञापन सौंपा गया। उपरोक्त कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता श्री देव जी भाई पटेल पूर्व विधायक धरसींवा ने प्रदेश सरकार किसान विरोधी है कांग्रेस राज मे हर वर्ग परेशान है वही विश्व हिन्दू परिसद के प्रदेश के नेता राजीव अग्रवाल ने कहा कि आज किसानों का धान समय पर नही खरीदने के चलते आज किसान परेसान है वही समय पर धान नही खरीदी करना कांग्रेस कि प्रदेश कि साजिश है आज गरीब किसान पैसे की कमी के चलते ईलाज के साथ जरूर काम भी नही निपटा सकता , गुलाब टिकरिहा जिलाध्यक्ष, मान. महेश नायक जी, मान. डोगेन्द्र नायक जी, माननीय राजीव अग्रवाल जी, मान. नवीन अग्रवाल, माननीय नीलाम्बुज चंद्राकर जी, मान. रोशन चन्द्राकर, मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर, माननीय सूरज सोनी जी, माननीय गिरीश वर्मा जी, मान. देवव्रत चंद्रवंशी माननीय बुद्धेश्वर वर्मा जी, मति सोना वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, बिज्जू गुप्ता, दसरथ वर्मा, दुष्यंत साहू, कमल वर्मा, रामरतन देवांगन, रामवतार वर्मा, घनश्याम चन्द्राकर, बबलू शर्मा, मनोज ठाकुर, छगन यादव, डोमार वर्मा, दुलेस साहू, परस नायक, दीपक धनकर, योगेश चन्द्राकर, मुरली वर्मा, दुर्गेश चंदेल,कपिल नसिने, पूर्णेन्द्र पाध्याय, दिवाकर चंदेल, विकास ठाकुर, अनिल सोनी, भूपेंद्र सेन, रवि चन्द्राकर, भेसलाल चन्द्राकर, तोरण ठाकुर, बबलू शर्मा, महेश वर्मा, दाऊलाल वर्मा, आत्मा वर्मा, सरजू साहू, शिव वर्मा, अशोक मरकाम, मति कौशिल्या पाटकर, धन्नू निर्मलकर,मुरली पंसारी, सुबोध सेन, उमेश वर्मा, आदि कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

शासकीय योजनाओं के प्रकरणों को बैंक प्राथमिकता से स्वीकृत करें- कलेक्टर

■ जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। बैंकों के कामकाज से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक में कलेक्टर श्याम धावड़े ने सभी बैंकर्स से कहा है कि वे शासकीय योजनाओं के तहत बैंकों में भेजे गये प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स भी स्वयं प्रकरण स्वीकृत करने पहल करें। कलेक्टर ने बैंकर्स को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप तय समय-सीमा में प्रकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गरियाबंद जिले की स्थिति प्रदेश के अन्य जिलों से भिन्न है। यहां कुछ बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। जिले की विकास में बैंकर्स की महती भूमिका की भी आवश्यकता है। बैंको में विभागों द्वारा प्रस्तुत ऋण प्रकरण मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर स्वीकृति की पहल करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सुपेबेड़ा अथवा संबंधित क्षेत्र से कोई भी लोन प्रकरण हो, बैंकर्स प्राथमिकता के साथ स्वीकृत कराये। उन्होंने एन.आर.एल.एम अंतर्गत फसल अपशिष्ट से जैविक खाद निर्माण संबंधी प्रकरण हेतु पहल करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

आदिवासियों के कल्याण के लिए, सदैव याद किये जायेंगे बिरसा मुण्डा

■ जयंती में शामिल हुई राज्यपाल सुश्री उइके

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज कांकेर जिले के ग्रांम जैसाकर्रा चारामा में आयोजित बिरसा मुण्डा जयंती में शामिल हुई। उन्होंने विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यदि किसी ने समाज के लिए, पहली लड़ाई लड़ी तो वे बिरसा मुण्डा हैं। उन्होंने आदिवासी समाज को ,एक नई दिशा देने का काम किया, साथ ही देश की आजादी में भी अपना योगदान दिया, जिसके लिए वे सदैव याद किये जायेंगे।राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि मैं आदिवासी समाज में जन्म ली हूँ, इसलि, उनकी पीड़ा और दुख दर्द को अच्छी तरह समझती हूँ। मुझे छत्तीसगढ़ में राज्यपाल का संवैधानिक पद प्राप्त है, जिसका निर्वहन करते हुए, मैं आपके तकलीफको दूर करने और न्याय दिलाने का प्रयास करूंगी। जब से राज्यपाल का पदभार सम्हाला है, तब से विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों से मुलाकात हुई है और उनकी समस्याओं को जानने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि जनजातियों के लिए संविधान में बहुत सारे प्रावधान किये गये हैं। नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था की गई है, पेशा कानून बनाये गये हैं, ग्रांम सभा को सशक्त किया गया है।राज्यपाल ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोग नक्सल समस्या से जूझ रहें हैं, जिसके निदान के लिए, आने वाले समय में जनजातीय समुदाय के जनप्रतिनिधियों के साथ चिंतन-मनन किया जायेगा। सुश्री उइके ने कहा कि राज्य शासन द्वारा नक्सली समस्या के निदान के लिए प्रयास किये जा रहे हैं तथा पीड़ित परिवारों के लिए आवास की व्यवस्था भी की जा रहीं है। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में राजस्व भूमि के सर्वे के लिए शासन द्वारा आदेश दिया गया है। इसी प्रकार बस्तर एवं सरगुजा संभाग में पृथक से कर्मचारी चयन बोर्ड का गठन किया गया है, जहां स्थानीय लोगों को तृतीय ,एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर नियुक्ति मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि आदिवासी समाज खुशहाल हो, उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार आये, किसी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो और उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि पूरे हिन्दुस्तान में आज आदिवासी संस्कृति जिंदा है और यही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने आदिवासी समाज की भलाई के लि, व्यक्तिगत विचारों को एक तरफ रख कर और समाज हित में संगठित होकर कार्य करने पर जोर देते हएु कहा कि बहुत सारे लोगों ने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया है, जिसमें हमें भी अपनी भागीदारी निभानी है।

राज्यपाल शामिल हुई रेला नृत्य में

बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर आदिवासी लोक नृत्य दलों द्वारा रेला नृत्य का किया जा रहा था, जिसे देखकर राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके अपने आप को न रोक सकीं और वे स्वयं भी नर्तक दलों के बीच जाकर रेला नृत्य में शामिल हुई, जिसकी लोगों द्वारा जमकर तारीफ की गई।

सामुदायिक भवन में आयोजित विचार गोष्ठी में शामिल हुई राज्यपाल

बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर चारामा के सामुदायिक भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया था, जिसमें राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके शामिल हुई। विचार गोष्ठी में आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिनके निदान के लिए आवश्यक पहल करने की बात राज्यपाल द्वारा कही गई।इस अवसर पर कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री मोहन मण्डावी, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री मनोज मण्डावी, कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री शिशुपाल सोरी, पूर्व सांसद श्री अरविंद नेताम और गोण्डवाना समाज के पदाधिकारी सर्वश्री जीवन ठाकुर, अश्वनी कांगे, सुमेर सिंह नाग, ठाकुर राम कश्यप, लक्ष्मीकांत माडे, विजय ठाकुर, सुक्ता कुंगाल, दसिया जुर्री, कमलेश मरकाम, गंभीर ठाकुर, हीरा सिंह कोला, सरिता उइके, कमलादेवी मण्डावी, किरण ताराम सहित गोण्डवाना समाज के पदाधिकारीगण, आईजी बस्तर रेंज श्री पी. सुंदरराज, कलेक्टर श्री डी.एस पैकरा, पुलिस अधीक्षक कांकेर श्री भोगराम पटेल सहित प्रशासन और पुलिस के अधिकारीगण और बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

पॉलिथीन मुक्त करने साप्ताहिक बाजार सांकरा में निकाली रैली

नवप्रदेश संवाददाता

नगरी। ग्राम पंचायत सांकरा में (एन जी टी) राष्ट्रीय हरित अधिकरण के तहत साप्ताहिक बाजार में शासकीय प्राथमिक शाला छिंदपारा सांकरा के बच्चों के द्वारा पॉलिथीन मुक्ति अभियान रैली स्वच्छ भारत मिशन की टीम के द्वारा निकाली गई तथा दुकानदारों से बच्चों ने हाथ जोड़कर गांधीगिरी करते हुए विनती किया कि वे पॉलिथीन का उपयोग ना करें और पॉलिथीन के उपयोग से होने वाली नुकसान के बारे में नारा लगाते हुए बच्चों ने पॉलिथीन मुक्ति के लिए लोगों से आह्वान किया इस कार्यक्रम में श्रीमती सत्ति मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा, डिकेश्वर साहू संकूल समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, विकासखंड समन्वयक योगिता कश्यप, संस्था के प्रधान पाठक , शिक्षक श्री गितेश कुमार साहू तथा स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य केवल साहू, संजय साहू, धानसिंह गौर, केशव प्रजापति, लोकेश्वर साहू,दिलीप साहू, गिरवर भंडारी, ग्रीनआर्मी समूह के अध्यक्ष श्रीमती शकुन बाई साहू सुलोचना साहू आदि लोगों का सहयोग रहा।

गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

कांकेर। अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पारंपरिक लोक कला लोकगीत, लोक गायन, लोक नृत्य जैसे- पंथी नृत्य, पंडवानी, नचपली तथा पारंपरिक लोक वाद्य में कलाकारों की प्रतिभा की पहचान करने एवं उन्हें पुरस्कृत कर प्रोत्साहन करने के लिए 18 दिसम्बर से 31 दिसम्बर के बीच आयोजित होने वाले ''गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव'' के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है।

डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर प्रशिक्षण हेतु काउंसलिंग 19 को

कांकेर। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानुप्रतापपुर में डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर प्रशिक्षण हेतु 19 नवम्बर टिन मंगलवार को प्रातः 11 बजे से काउंसलिंग रखा गया है, जिसमें 10 वीं उत्तीर्ण इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड एवं तीन पासपोर्ट फोटो सहित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मुख्य भानुप्रतापपुर में उपस्थित हो सकते हैं।

मीरा राईसमिल पारा में समुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया

नवप्रदेश संवाददाता

नगरी। नगर पंचायत नगरी में दिन शुक्रवार को राईस मिल पारा वार्ड नं 08 में समुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक श्रवण मरकाम वार्ड के पार्षद रोहणी साहू के द्वारा किया गया जिसमें विधायक पूर्व विधायक .श्रवण मरकाम अध्यक्ष नगर पंचायत नंद कुमार यादव उपध्यक्ष अजय नाहटा वार्ड पार्षद रोहणी बाई साहू सभापति विक्की बोहरा संतोष गंगेश त्रिलोक राजाराम बिसेन वीरेंद्र विश्वकर्मा संजू बिसेन ओम भाई रामचरण साहू लखन लाल साहू बलजीत छबडा लछम्मी नारायण साहू रेखू साहू प्रमोद साहू लिलेशवर हीरोबाई हीरोदी बाई गनेशिया सनतकुमार संदीप छतर साथ समस्त मोहल्ले वासी कार्यक्रम में उपस्थित थे जिस्म में रेखु साहू ने कहा कि कई सालों से सामुदायिक भवन का मांग करते आ रहे हैं जिसमें सामुदायिक भवन बना हम सब मोहल्ले वासी खुश हैं साथ ही द्वारा लोकार्पण में आए अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए।

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की बैठक 23 को

कांकेर। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली की बेंच द्वारा बाल अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों का निवारण की बैठक राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग सदस्य यशवंत जैन व दिल्ली से उनकी टीम 23 नवंबर को सुबह 10:00 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुनवाई करेगी ।राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सरकार की वैधानिक निकाय है ।आयोग का गठन बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 के अंतर्गत मार्च 2007 में की गई है ।आयोग का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 एवं संविधान में निहित तथा अन्य अधिनियम के तहत बालकों को प्रदत्त अधिकार प्राप्त करने हेतु उन्हें सक्षम बनाना है। किसी भी प्रकार के बाल अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ आप की शिकायतें हैं तो आयोग की बेंच के सत्र 23 नवंबर को कोई भी व्यक्ति जैसे बच्चे के माता-पिता अभिभावक कार्यवाहक या कोई अन्य व्यक्ति शिकायत दर्ज करा सकता है।

मानिकपुरी पनका समाज के भवन का विद्यायक ने किया लोर्कापण

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। भाटापारा के शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड में बने मानिकपुरी पनिका समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण व संतमाता कर्मा वार्ड में बनने वाले कबीर कुटीर का भूमिपूजन विधायक शिवरतन शर्मा के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष ने की। विशेष अतिथि के रुप में ज़िला महामंत्री वार्ड पार्षद चन्द्रप्रकाश ध्रुव, समाज के वरिष्ठ सुखमन दास व सोहन दास व सेवक दास हेयारा थे।

उपस्थित समाज को संबोधित करते हुए विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि मानिकपुरी समाज कबीर साहब के मानने वाले हैं और समाज की पहचान कबीर साहब ही हैं। गर्व की बात है कि कबीर धर्म नगर दामाखेडा मेरे ही विधानसभा क्षेत्र में है तथा मुझे विधायक के रुप में धर्म नगरी का सेवा का अवसर मिला। पंथ श्री हजुर के इच्छा के अनुसार दामाखेडा में कबीर साहब के अवतरण से लेकर उनके अंतर्ध्यान होने तक का सचित्र विवरण की योजना को जिसकी लागत लगभग 20 करोड तक था को मेरे निवेदन करने पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी स्वीकृति प्रदान की गई थी, मगर दुर्भाग्य से सरकार बदल जाने के बाद भूपेश सरकार के द्वारा स्वीकृत राशि में से केवल एक करोड रुपये ही मिला जो किसी काम का नही है।

भाजपा ने दिया एक दिवसीय धरना

■ प्रदेश सरकार केंद्र सरकार पर झूठा आरोप लगा रही : शिवरतन

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। विधानसभा चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ की सरकार के द्वारा प्रदेश की जनता से किये गये वायदों को पुरा करने की मांग को लेकरभाजपा द्वारा प्रदेश स्तरीय किए जा रहे धरना प्रदर्शन के तहत भाटापारा के राम सप्ताह चौक में भाटापारा शहर ग्रामीण एवं निपनिया मंडल के द्वारा धरना दिया गया इस अवसर पर बड़ी तादाद में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ की भूपेश सरकार ने सत्ता प्राप्ति के लिए जनता से झूठे वायदे तो कर दिए परंतु उन वायदों को पूरा करने में नाकामयाब हो गई है और इसका इल्जाम उल्टा ही केंद्र सरकार पर लगाने का प्रयास कर रही है श्री शर्मा ने कहा कि जब इसने ??2500 में धान खरीदने का वायदा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से तो नहीं पूछा था और जब धान खरीदने में नाकामयाब हो रही है तो अपनी जवाब दारी सेबचने के लिये केंद्र सरकार पर आरोप लगाने का प्रयास कर रही है और प्रदेश की जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह सरकार भावनात्मक मुद्दों को उठा रही है. हरेली,तीजा त्योहार क्या हम पहले नही मनाते थे ,डॉ रमन सिंह और अजीत जोगी की सरकार क्या छत्तीसगढ़ की नहीं थी श्री शर्मा ने कहा दरअसल यह सरकार फेल हो चुकी है छत्तीसगढ़ का खजाना खाली हो गया है विकास के सारे रास्ते बंद हो गए हैं।

अवैध धान परिवहन कर रही पिकअप को एसडीएम ने किया राजसात

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागाँव। प्रदेश सरकार ने जैसे ही धान खरीदी की तारीख घोषित की वैसे ही पड़ोसी राज्य से धान की अवैध तस्करी कर छत्तीसगढ़ में खपाने वाले लोग सक्रिय हो गए हैं जिसपर जिला प्रशासन की नजर लगातार बनी रहती है जिसका परिणाम है कि अवैध धान पर अंकुश लगाने लगातार छापा मार कार्यवाही कर नकेल कसने की कोशिश की जाती है।

ऐसे ही बीते दिनों धान के अवैध आवक रोकने ग्राम हीरापुर में उड़नदस्ता टीम ने कार्यवाही करते धान सहित वाहन जप्ती की कार्यवाही की है

राज्य शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी की तिथि 01 दिसम्बर 19 से 15 फरवरी 2020 तक तय की गई है। इसी क्रम में कलेक्टर नीलकंठ टीकाम के निर्देश पर जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। जिसकी सक्रियता के चलते जिला स्तरीय उड़नदस्ता टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से माकड़ी ब्लॉक के ग्राम हीरापुर (उड़ीसा बार्डर) पर 03 स्थानों पर दल तैनात किया गया था। इस क्रम में उड़नदस्ता टीम द्वारा उड़ीसा के एक व्यापारी रंजन साहू जिला-गंजाम का धान (60 बोरा) फसपादर क्षेत्र में वाहन (क्रमांक सीजी27जी 0127) सहित जप्त करके माकड़ी थाना के सुपुर्द कर प्रतिवेदन कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त उड़नदस्ता टीम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवन कुमार प्रेमी, खाद्य अधिकारी, डीएमओ, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी मौजूद थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

जल संसाधन अभियंता...

15 करोड़ रुपए भुगतान कर दिया। फर्जी भुगतान और मामले का खुलासा नवप्रदेश ने प्रमुखता से किया था। जिसके बाद विभागीय सचीव फिर मंत्री रविन्द्र चौबे ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर मामले में फटकार लगाते हुए भुगतान रोकने का आदेश दिया था। चौंकाने वाली बात यह कि बैठक में मंत्री और विभागीय सचिव के अलावा जल संसाधन विभाग के ईएनसी ने जांच के बाद ही पेमेंट करने का फरमान सुनाया था। जब तक लिखित आदेश जारी होता उससे पहले ही निजी लाभ के लिए जिम्मेदार अभियंता ने पूरा भुगतान करने का आदेश जारी कर दिया। बताते हैं कि फर्जी भुगतान जिस हवा-हवाई गूगल सर्वेक्षण करने वाली ऐजेंसियों को कर दिया गया है। अब एक तरफ शासन का आदेश है जिसमें भुगतान रोकने का निर्देश है तो वहीं दूसरा बेजा फरमान अभियंता का है जिसमें भुगतान जारी करने का आदेश है। भुगतान करने के लिए लालायित सरगुजा संभाग के जशपुर जिले में शेखरपुर और तातापानी में प्रस्तावित बांधों के निर्माण पूर्व सर्वेक्षण की जिस अभियंता को जिम्मेदारी दी गई थी उसने यह दुस्साहसी कदम उठाया है। भुगतान करने की क्या जल्दबाजी थी यह तो जांच का विषय है पर इससे साफ हो गया है कि विभागीय भ्रष्टाचार की वजह से जहां सरकारी खजाने को 15 करोड़ का नुक्सान हुआ वहीं एक बेलगाम अभियंता के खेल के सामने विभागीय मंत्री, सचिव और ईएनसी तक नतमस्तक हो गए हैं।

अनुमति सर्वेक्षण नहीं...

हो चुका था। बावजूद हाईकोर्ट से सर्वप्रथम अपना स्थानांतरण रुकवाने के बाद आनन-फानन में कथित तौर पर सर्वे कार्य होना बताया। जब तक सर्वे के पीछे का खेल खुलता और प्रशासन हरकत में भुगतान रोकने का पत्र प्रेषित किया तब तक भुगतान आदेश जारी कर फर्जी सर्वे का करोड़ों रुपए पानी में बहा दिया गया।

दिल्ली से ज्यादा साफ पानी...

यहां का पानी पीने के लिहाज से बिल्कुल खराब है।

बीआईएस ने रखे थे 10 मानक

केंद्र सरकार ने ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (बीआईएस) को देशभर के विभिन्न शहरों से पानी के नमूने एकत्र कर उनकी जांच करने और उसके अनुरूप शहरों की रैंकिंग जारी करने का जिम्मा दिया था। पासवान ने आज पानी की गुणवत्ता की रिपोर्ट और रैंकिंग जारी करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि पानी के नमूनों की जांच 10 मानकों पर की गई।

जारी रहेगा गुणवत्ता परीक्षण

उन्होंने कहा कि पानी का गुणवत्ता परीक्षण आगे भी जारी रहेगा। पासवान ने बताया कि आगे पीने के पानी की जांच तीन चरणों में की जाएगी। पहले चरण में सभी राजधानियों के पानी की जांच की जाएगी। दूसरे चरण में स्मार्ट सिटी के पानी की जांच की जाएगी। तीसरे चरण में सभी जिलों में पीने के पानी की जांच की जाएगी।

हर घर को स्वच्छ जल अभियान

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह हर घर तक साफ पानी पहुंचाने के प्रधानमंत्री मोदी के अभियान की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पीएम मोदी ने कहा था कि हम 2024 तक हर घर में साफपानी पहुंचाएंगे। हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है।'

पत्नी को प्रताड़ित करने...

लिए लगातार उसे प्रताड़ित किया जाता है। इस पूरे प्रकरण के बाद पति ने अचानक से फोन कर पत्नी को तलाक दे दिया। अब इस मामले में फिर से नयी धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस प्रकरण में अब जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। पीड़िता ने इसकी शिकायत भिलाई के महिला थाना में की इसके बाद पुलिस ने जांच करते हुए पति रिजवान के खिलाफ धारा 498 ए ,34 और दहेज अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है।

स्वास्थ्य सेवा के लिए...

आधारों को राज्य ने पूरा कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है जिसमें नीति आयोग की रैंकिंग, जिला अस्पतालों का संचालन, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, गैर संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, मानव संसाधन, सूचना तंत्र प्रणाली एवं प्रभावी टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य में किये गए अनुकरणीय कार्यों और नवाचारों को आधार मानकर इसकी गणना की गई, उक्त मापदण्डों में हाई फोकस राज्यों की श्रेणी में वर्ष 2018-19 के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को प्रथम स्थान दिया गया। इसके बाद छत्तीसगढ़ राज्य को प्रोत्साहन राशि की रूप में अतिरिक्त बजट का आबंटन भी दिया जाएगा।

छॉलीवुड अभिनेत्री पर...

मिली जानकारी के अनुसार अभिनेत्री माया साहू अपने सुपेला 5 रास्ता स्थित निवास के बाहर में खड़ी थी तभी एक अज्ञात बाइक सवार बदमाश ने माया साहू के ऊपर ज्वलनशील केमिकल डाल दिया केमिकल डालने के बाद माया साहू के हाथ एवं चेहरे के कुछ हिस्सों में जलन होने लगी जिसके बाद माया साहू के परिजनों ने उसे जिला चिकित्सालय उपचार के लिए दाखिल कराया।

संसद: विपक्ष में बैठेंगे...

की संसदीय दल की बैठक में भी शिवसेना ने जाने से इनकार कर दिया है। गौरतलब है कि रविवार को ही शिवसेना के संस्थापक रहे बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि भी है। करीब तीन दशकों से बीजेपी की साझीदार रही शिवसेना ने महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर तकरार के बाद अपनी राह अलग कर ली है।

इस बीच, उद्धव ठाकरे की लीडरशिप वाली शिवसेना ने वैचारिक रूप से अलग मानी जाने वाली एनसीपी और कांग्रेस के साथ सरकार गठन के लिए न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय कर लिया है। शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि यह लगभग तय है कि शिवसेना का कोई भी सांसद रविवार को एनडीए की मीटिंग में नहीं जाएगा। 11 नवंबर को अरविंद सांवत के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद से शिवसेना केंद्र सरकार से भी बाहर हो चुकी है।

गोवा में सेना का...

ट्रेनर विमान अशोर (गोवा) से उड़ान भर रहा था। इसी बीच एक पक्षी के टकराने के बाद इंजन में आग लग गई। विमान खुले क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।' रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'मैंने दोनों पायलटों से बात की है। यह बहुत संतोष की बात है कि वे समय पर सुरक्षित बाहर निकल आए। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं।'

बीकानेर में मिग-21 हुआ था क्रैश

बता दें कि सितबंर में ही मध्य प्रदेश के बीकानेर में वायुसेना का मिग-21 विमान क्रैश हो गया था। एयरक्राफ्ट में मौजूद दोनों पायलट समय रहते निकल गए थे। प्लेन अपनी रूटीन गश्त पर था। मिग-21 विमान में एक ग्रुप कैप्टन और एक स्क्वॉड्रन लीडर बैठे थे। बता दें कि वायुसेना का मिग-21 ही विंग कमांडर अभिनंदन भी उड़ा रहे थे, जब वह क्रैश हो गया था। इसके बाद मार्च में राजस्थान के बीकानेर में भी एक मिग-21 क्रैश हो गया था।

सबरीमाला मंदिर का पट...

सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं के प्रवेश पर लगी पाबंदी को हटा रखा है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला पर 28 सितंबर 2018 के फैसले के खिलाफपुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है, जिसको 7 न्यायमूर्तियों की बड़ी बेंच को भेज दिया गया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ किया है कि अगले फैसले तक सबरीमाला में सभी उम्र की महिलाओं का प्रवेश जारी रहेगा।

शिशुवती महिलाओं को आंगनबाडी केंद्रों में मिलेगा गरम पौष्टिक भोजन

अम्बिकापुर। राज्य शासन की मंशानुरूप जिले के बच्चों एवं महिलाओं में कुपोषण दूर करने के लिये कलेक्टर डॉ सारांश मित्तर के मार्गदर्शन में जिले के सभी आंगनबाडी केंद्रों में डीएमएफ मद से वित्तपोषित सुपोषित सरगुजा योजना के तहत बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को गरम पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है। इस योजना को विस्तारित करते हुए अब जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती माताओं को सोमवार से शुक्रवार सप्ताह में 5 दिन गरम पौष्टिक भोजन देने की शुरूआत विगत शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया गया। इस योजना से जिले के करीब 9000 शिशुवती माताओं को लाभ मिलेगा और कुपोषण से लड़ने की ताकत मिलेगी।

छात्र-छात्राओं को दी गई विधिक जानकारी

अम्बिकापुर। नालसा द्वारा संचालित 10 योजनाओं में 14 नवम्बर से 30 नवम्बर तक जागरूक वाईड अवेक विशेष अभियान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर में के सचिव श्री जर्नादन खरे द्वारा आज सांई बाबा आदर्श महाविद्यालय अम्बिकापुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान सचिव श्री जर्नादन खरे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बिकापुर द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अपचारी बालकों को संबोधित करते हुये नालसा तस्करी और वाणिज्यिक यौन शौषण पीडितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं 2015, बाल श्रम, शिक्षा के अधिकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में निःशुल्क विधिक सहायता, मोटर दुर्घटना अधिनियम, लैंगिग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी दी गई।

नगरी में आज बिजली बंद

नगरी। दिन रविवार को 10 बजे से 2 बजे 132 केवी कांकेर से बंद होने के कारण नगरी सिहावा क्षेत्र लाईन बंद रहेगा यह जानकारी नगरी ई सचिन उतरवार ने जानकारी दी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2017-2019, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

मेरी मां ने सिनेमाघर में जाकर 9 बार देखी 'सुपर 30': रितिक

रितिक रोशन ने अपनी फिल्म सुपर 30 की सफलता का जश्न मनाया और इस मौके पर आनंद कुमार भी मौजूद थे जिनके ऊपर यह फिल्म बनाई गई है। रितिक ने इस मौके पर बताया कि उनकी मां ने 9 बार थिअटर में जाकर इस फिल्म को देखा था। बॉलिवुड के सुपर स्टार रितिक रोशन और गणितज्ञ आनंद कुमार ने फिल्म 'सुपर 30' की कामयाबी का जश्न साथ मिलकर मनाया। आनंद कुमार पर बनी बायोपिक जुलाई में रिलीज हुई थी। इसमें आनंद कुमार का किरदार रितिक रोशन ने निभाया था। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता से खुश रितिक ने कहा, 'एक खुशनुमा शाम। मेरी मां ने थिअटर में जाकर 9 बार 'सुपर 30' देखी है, लेकिन आनंद सर और उनके भाई प्रणव से मिलने का उन्हें कभी मौका नहीं मिला था। कल, हम सभी साथ बैठे और 'सुपर 30' के मुश्किल सफर को हमने मुस्कराते हुए याद किया और खूब हंसे।' वहीं, आनंद कुमार ने कहा, 'इस कहानी को पब्लिक के बीच ले जाने के लिए मैं रितिक रोशन और सुपर 30 की पूरी टीम का बहुत आभारी हूं। रितिक जितने अच्छे इंसान हैं, उतने ही अच्छे अभिनेता हैं। इस भूमिका को सही-सही निभाने वाला मुझे कोई और नजर नहीं आया।' विकास बहल के डायरेक्शन में बनी 'सुपर 30' को ऑडियंस ने काफी पसंद किया है।

QUIZ TIME

1) मोंटे कार्लो किस देश में है? (मोनाको / मोरक्को)

2) हॉक जेट उड़ाने वाली पहली भारतीय वायु सेना महिला पायलट कौन बन गई है?

3) अगस्त 2019 में तमिलनाडु के किस आइटम को जीआई टैग मिला?

(क) कांचीपुरम सिल्क (ख) कंडांगी साड़ी (ग) सलेम फैब्रिक (घ) सलेम सिल्क

4) सूर्य वंश के महान क्षत्रिय राजा अग्रसेन अग्रवाल भारतीय उपनाम के उत्पत्ति की थी। (सही / गलत)

5) कॉमिक स्ट्रिप निर्माता का नाम बताइए?



Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) मोनाको (2) मोहना सिंह जिसरवाल (3) कांचीपुरम साड़ी (4) सही (5) स्टेन ली

भागमती का रीमेक बनायेंगे अक्षय कुमार

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार सुपरहिट तेलुगू फिल्म 'भागमती' का रीमेक बनाने जा रहे हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि अक्षय कुमार सुपरहिट तेलुगू फिल्म भागमती का हिंदी रीमेक बनाने जा रहे हैं। अक्षय, विक्रम मल्होत्रा के साथ मिलकर फिल्म का सह-निर्माण करेंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल्स के लिए भूमि पेडनेकर और आर माधवन को फाइनल कर लिया गया है। फिल्म का निर्देशन जी अशोक ही करेंगे, जिन्होंने मूल फिल्म को निर्देशित किया था। अक्षय के फिल्म में कैमियो करने की भी चर्चा है।

पुलकित जिंदगी में न हो तो, मैं बहुत दुखी हो जाऊंगी: कृति खरबंदा

कृति खरबंदा और पुलकित सम्राट की जोड़ी अब फिल्म 'पागलपंती' में दूसरी बार ऑनस्क्रीन प्यार की पींगे लड़ाती दिखेगी। दोनों की रियल लाइफ केमिस्ट्री भी खूब चर्चा में है। खास बात यह है कि ये दोनों इस बात से इनकार भी नहीं करते कि उन्हें एक-दूसरे का साथ अच्छा लगता है। कृति मानती हैं कि पुलकित के साथ वह बहुत खुश हैं, वहीं पुलकित का कहना है कि कृति की वजह से वह ज्यादा मुस्कुराने लगे हैं:

'वीरे की वेडिंग' के बाद 'पालगपंती' में आप दूसरी बार पुलकित सम्राट के साथ काम कर रही हैं। तब से अब तक आप दोनों का रिश्ता कितना बदला है?: बहुत बदला है। 'पागलपंती' में हम काफी करीब आए हैं। पहले हम इतने करीब नहीं थे। हां, को-स्टार थे, लेकिन जरूरी नहीं है कि हर को-स्टार के साथ आपकी बॉन्डिंग हो। हम एक-दूसरे को पसंद तब भी करते थे, लेकिन हम तब दोस्त नहीं थे। 'पागलपंती' में पुलकित के साथ जब मैंने शूटिंग शुरू की, तो मुझे लगा कि मैं ज्यादा खुश और संतुष्ट इंसान हूं। पहले पुलकित काफी सीरियस हुआ करता था, पर मेरे चक्कर में अब ज्यादा हंसने लगा है, जो बहुत अच्छी बात है। आज जो पुलकित है, वह बहुत मजेदार है। उसके आसपास रहने में मजा आता है और जिस तरह का इंसान वह अब है, उस पर मुझे गर्व है। हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से समझते हैं। मेरी आधी से ज्यादा बातें सिर्फ उसको समझ आती हैं।

सानिया नेहवाल की शूटिंग के दौरान चोटिल हुई परिणीति चोपड़ा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा बैडमिंटन स्टार सायना नेहवाल की बायोपिक की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गयी हैं। परिणीति पिछले कई दिनों से बैडमिंटन स्टार सायना नेहवाल की बायोपिक की शूटिंग में व्यस्त हैं हालांकि इस दौरान उनकी गर्दन में लगी चोट के चलते उन्हें शूटिंग रोकनी पड़ी। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। परिणीति ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी शेयर करते हुए लिखा, मैंने और सायना की टीम ने इस बात का पूरा ध्यान रखा था कि कहीं मैं चोटिल ना हो जाऊं, पर मैं हो गई। परिणीति ने कहा, मैं पूरी तरह से आराम कर रही हूं. साथ ही खुद को एक बार फिर से बैडमिंटन खेलने के लिए तैयार कर रही हूं। परिणीति ने अपनी एक तस्वीर भी शेयर की है जिसमें उनके गले पर पट्टी लगी हुई है। उल्लेखनीय है कि सायना नेहवाल की बायोपिक पहले श्रद्धा कपूर कर रही थीं। फिल्म का फर्स्टलुक पोस्टर पर रिलीज कर दिया गया था लेकिन बाद में श्रद्धा फिल्म से बाहर हो गईं। इसके बाद परिणीति को कास्ट किया गया।

ब्लाइंड के रीमेक में काम करेंगी सोनम कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर कोरियाई फिल्म ब्लाइंड के रीमेक में काम करने जा रही है। सोनम कपूर शादी के बाद भी लगातार बड़ी फिल्मों में नजर आ रही है। सोनम अपनी मैरिड लाइफ के साथ-साथ अपना करियर बखूबी संभालती दिख रही हैं। सोनम जल्द ही वर्ष 2011 में प्रदर्शित कोरियाई फिल्म 'ब्लाइंड' के हिंदी रीमेक में नजर आएंगी। इसमें सोनम एक ब्लाइंड लड़की का किरदार निभाती दिखाई देंगी। फिल्म की कहानी सोनम के किरदार के इर्द-गिर्द होगी। फिल्म में सोनम एक पूर्व पुलिस ऑफिसर के किरदार में नजर आएंगी, जो एक अपराधी की तलाश करते हुए अपनी आंखें खो देती है लेकिन इससे उसकी लड़ाई खत्म नहीं होती। वह अपनी अक्षमता के बावजूद उस अपराधी को पकड़ कर छोड़ती है।

टेक्नॉलजी को इस तरह का रूप दें कि उससे नुकसान कम फायदे अधिक हों : बिल गेट्स

नई दिल्ली। दिग्गज अमेरिकी टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर तथा परोपकार का काम करने वाले दुनिया के सबसे अमीर शख्स बिल गेट्स मानते हैं कि अधिकतर टेक्नॉलजी को इस तरह का रूप दिया जा सकता है कि उससे नुकसान कम फायदे अधिक होंगे। भारत के तीन दिवसीय दौरे पर आए गेट्स ने हमारे सहयोगी टाइम्स ऑफइंडिया से बातचीत में यह बात कही।

गेट्स ने इंटरव्यू के दौरान अभूतपूर्व टॉइलेट टेक्नॉलजी से लेकर टैक्स और स्वास्थ्य के भविष्य सहित विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की।

टॉइलेट टेक्नॉलजी पर रखी बात

भारत में घर-घर टॉइलट बनवाने में मिली सफलता तथा इसकी राह

में जल आपूर्ति तथा इंफ्रास्ट्रक्चर की क्वालिटी की चुनौतियों पर भी उन्होंने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा टॉइलेट टेक्नॉलजी की चर्चा करते हुए कहा कि हम दो तरह के इनोवेशन कर रहे हैं। पहला कम लागत वाले एक संयंत्र के साथ फीकल स्लज (मानव मल, जल और ठोस) को प्रॉसेस करने की क्षमता। इसमें आपको फीकल स्लज को इकट्ठा करने और उसे प्लांट तक पहुंचाने की जरूरत होगी, लेकिन हमारे पास प्लांट का आकार और बनाने में आने वाली लागत मौजूदा की तुलना में बेहद कम होगी।

एक्चुअल टॉइलेट यह सारा काम खुद करता है, इसलिए इसे रीइन्वेंटेड टॉइलट बोलते हैं, जिसपर अभी भी काम चल रहा है। हमारे पास काफी प्रोटोटाइप हैं, लेकिन एक भी उत्पादन नहीं। वह हमारे पास होगा और हम कामना करते हैं कि अगले पांच साल में ऐसा होगा।

क्लाइमेट और टेक्नॉलजी पर चर्चा

जलवायु परिवर्तन जैसी भीषण चुनौतियों से टेक्नॉलजी से निपटने के बारे में गेट्स ने कहा कि टेक्नॉलजी ने मानवों की अवस्था में सुधार करने में बड़ी भूमिका निभाई है। 200 साल पहले की तुलना में हमारा जीवनकाल बहुत बेहतर हुआ है। अब हमारे पास सोशल मीडिया है, जिसके बहुत सारे फायदे हैं, लेकिन राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में बात करें तो इसके कुछ नुकसान भी हैं। कुल मिलाकर, मेरा मानना है कि अधिकतर टेक्नॉलजी को इस तरह आकार दिया जा सकता है कि उससे नुकसान की तुलना में हमें फायदा ज्यादा मिलेगा।

हेल्थ सेक्टर में भारत की प्रगति की प्रशंसा

हेल्थ सेक्टर के भविष्य की भविष्यवाणी की क्षमता पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की हेल्थ स्टोर एक आधे भरे गिलास की तरह है, जहां उसने भारी प्रगति की है। बाल मृत्यु नाटकीय तरीके से कम हो गई है।

मकान खरीदना है? होम लोन का डाउन पेमेंट जुटाने के लिए आसान उपाय

दिल्ली। मकान खरीदना भारतीयों की सबसे बड़ी इच्छाओं में से एक है। कान्तार IMRB द्वारा किए गए 2019 एस्पिरेशन इंडेक्स सर्वे के अनुसार, 'अपना खुद का मकान खरीदना' कई भारतीयों के लिए सबसे बड़ा लक्ष्य है। होम लोन इस इच्छा को पूरा करने में मदद करता है। लेकिन लोन कंपनियां घर खरीदने की पूरी लागत का 100% लोन नहीं देती हैं। आम तौर पर, आपको सेल अग्रीमेंट वैल्यू का 80% तक लोन मिल सकता है। डाउन पेमेंट के रूप में बाकी पैसों का इंतजाम आपको खुद करना पड़ता है, जिससे लोन कंपनियों को प्रॉपर्टी की खरीदारी में अपने हित को सुनिश्चित करने में मदद मिलती है।

5% से 20% तक करना होगा डाउन पेमेंट

आम तौर पर प्रॉपर्टी की कुल वैल्यू का लगभग 5%से 20%डाउन पेमेंट करना पड़ता है और कम समय में इतनी बड़ी रकम का इंतजाम करना कई लोगों के लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। कई फाइनैंशल कमिटमेंट्स के कारण डाउन पेमेंट के लिए पैसों का इंतजाम करना एक कठिन काम लग सकता है। इसके अलावा, आपको इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि आपको रजिस्ट्रेशन और स्टाम्प ड्यूटी चार्ज, फर्निशिंग कॉस्ट, ब्रोकरेज और एक नए घर से जुड़े तरह-तरह के अन्य चार्ज के लिए लगभग 10% से 15% अमाउंट अलग से खर्च करना पड़ सकता है।

5000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत : वित्तमंत्री

नई दिल्ली। देश दुनिया में आर्थिक मोर्चे पर जारी सुस्ती के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार (15 नवंबर) को कहा कि सरकार 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे कदम बढ़ रही है और इस लक्ष्य को हासिल करने का पूरा प्रयास है। सीतारमण ने यहां संवाददाताओं द्वारा अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर पूछे गये सवालों के जवाब में कहा, ''स्थितियां सुधर रही हैं, इस समय केवल इतना कह सकती हूं कि हम आगे बढ़ रहे हैं। कुछ समय बाद आपको और बेहतर जानकारी मिल सकेगी। स्पष्ट रूप से कुछ समय बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकेगा।

सरकार ने हाल ही में कारपोरेट कर में भारी कटौती की है जिससे उसके खजाने को 1.45 लाख करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का अनुमान है। इसके अलावा सरकार ने आवासीय क्षेत्र और दूरसंचार क्षेत्र की कंपनियों बीएसएनएल, एमटीएनएल को भी करोड़ों रुपये के राहत पैकेज दिये हैं। इससे सरकार की वित्तीय स्थिति पर दबाव बढने का अनुमान व्यक्त किया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा 2024-25 तक भारत को 5,000 अरब डॉलर क ी अर्थ व्यवस्था बनाने का लक्ष्य है। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। चीजों की समीक्षा कर रहे हैं, कुछ सप्ताह में स्पष्ट तौर पर बता सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि नवंबर में माल एवं सेवाकर (जीएसटी) संग्रह बढ़ेगा।

कारपोरेट कर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत किये जाने के सरकार के निर्णय के बाद निवेश गतिविधियां बढ़ने के बारे में पूछे जाने पर वित्त मंत्री ने कहा कि उद्योग जगत से इस बारे में काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। वह भविष्य के लिये निवेश योजनायें बना रहे हैं। कई उद्योग नये निवेश की योजना पर काम कर रहे हैं। विनिवेश के मुद्दे पर वित्त मंत्री ने कहा विभिन्न मंत्रालयों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। कुछ समय बाद चीजें अधिक स्पष्ट हो जायेंगी। फिलहाल इस समय यही कहा जा सकता है कि आगे बढ़ रहे हैं।

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में विनिवेश के जरिये 1.05 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। सार्वजनिक क्षेत्र की कई कंपनियों में सरकार अपनी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। एचपीसीएल में पूरी सरकारी हिस्सेदारी ओएनजीसी को बेचन के बाद अब बीपीसीएल में भी सरकार की पूरी हिस्सेदारी बेचने की तैयारी है। इसके अलावा टीएचडीसी, नीको और शिपिंग कारपोरेशन आफ इंडिया का नाम भी विनिवेश सूची में है।

विदेशी मुद्रा भंडार 447.80 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई (वार्ता)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ आठ नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.71 अरब डॉलर बढ़कर 447.80 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया।

रिजर्व बैंक द्वारा आज जारी आँकड़ों के अनुसार गत 01 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.52 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 446.10 अरब डॉलर पर रहा जो अब तक का रिकॉर्ड स्तर था। इससे पहले 25 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.832 अरब डॉलर बढ़कर 442.58 अरब डॉलर पर रहा था।

विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति आठ नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.17 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 415.82 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान स्वर्ण भंडार 44.3 करोड़ डॉलर घटकर 26.91 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.7 करोड़ डॉलर घटकर 3.63 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 30 लाख डॉलर घटकर 1.44 अरब डॉलर पर रहा।

सोना-चाँदी एक सप्ताह से अधिक के उच्चतम स्तर पर

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली सर्राफा बाजार में जेवराती मांग आने से शनिवार को सोना 10 रुपये चमककर 39,450 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। चाँदी भी 165 रुपये की मजबूती के साथ 45,840 रुपये प्रति दस ग्राम के भाव पर रही। कारोबारियों का कहना है कि वैवाहिक मौसम में जेवराती माँग में तेजी है, लेकिन विदेशी बाजारों में सोने-चाँदी में जारी गिरावट के कारण स्थानीय बाजार में भी इनके दाम ज्यादा नहीं बढ़ पा रहे हैं। लंदन और न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सप्ताहांत पर शुक्रवार को वहाँ सोना हाजिर 1.10 डॉलर फिसलकर 1,467.85 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ।

लगातार तीसरे दिन महँगा हुआ पेट्रोल

नयी दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल के दाम लगातार तीसरे दिन बढ़ते हुये शनिवार को करीब छह सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुँच गये जबकि डीजल की कीमतों में लगातार चौथे दिन टिकाव रहा।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल 14 पैसे महँगा होकर 73.77 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गया जो इस साल 06 अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है। वहीं डीजल की कीमत लगातार चौथे दिन 65.79 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही।

कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में भी पेट्रोल 14-14 पैसे महँगा होकर क्रमशः 76.47 रुपये, 79.44 रुपये और 76.68 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गया। डीजल कोलकाता में 68.20 रुपये, मुंबई में 69.01 रुपये और चेन्नई 69.54 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा।

तेल विपणन कंपनियां दैनिक आधार पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों की समीक्षा करती हैं और नयी कीमत हर रोज सुबह छह बजे से प्रभावी होती है।

चांपा नगर का व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण विकास हम सबका दायित्व: डॉ. चरणदास महंत

■ चांपा में 18 करोड़ 85 लाख 87 हजार के 27 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि चांपा नगर का व्यवस्थित, गुणवत्तापूर्ण विकास हम सबका दायित्व है। उन्होंने चांपा नगर पालिका में पिछले पांच वर्षों में हुए विकास कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अभी चांपा के विकास के और कार्य किये जाने की आवश्यकता है। वे आज चांपा के हनुमान धारा नवनिर्मित स्वर्गीय बिसाहूदास महंत इंडोर स्टेडियम में 18 करोड़ 85 लाख 87 हजार रूपये के 27 विभिन्न कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. महंत ने कहा कि 8 करोड़ की लागत से राजा तालाब का जीर्णोद्धार का कार्य चांपा शहर के लिए एक उपलब्धि है। उन्होंने 8 करोड़ 16 लाख

रूपये की लागत से गौरव पथ निर्माण की भी प्रशंसा की। डॉ. महंत ने आज करीब सात करोड़ की लागत से 19 कार्यों के शिलान्यास होने पर कहा कि ये कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए तथा गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए ताकि इनका लाभ चांपा नगरवासियों को मिल सके। उन्होंने चांपा नगर के विभिन्न बौद्धिक वर्गा, आम नागरिकों का आह्वान कर कहा कि वे स्वीकृत सभी कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि चांपा के आम नागरिक शहर के विकास में अपनी भागीदारी निभाएं। डॉ. महंत ने कचरे से बिजली उत्पादन करने आवश्यक संयंत्र स्थापना की पहल करने नगर पालिका को निर्देशित किया। उन्होंने चांपा में हसदेव महोत्सव का शासकीयकरण और हसदेव नदी में कोरबा से बहकर आने वाले कचरां का निष्पादन और प्रदूषित जल के शिद्धकरण के लिए हसेदव कारीडोर निर्माण के लिए उचित प्रयास का आश्वासन दिया। इसके पूर्व डॉ. महंत के कर-कमलों द्वारा माता परमेश्वरी सामुदायिक भवन और स्वर्गीय बिसाहूदास महंत इंडोर स्टेडियम का फीता काटकर विधिवत लोकार्पण किया गया। और इंडोर स्टेडियम में स्वर्गीय श्री बिसाहूदास महंत की प्रतिमा का अनावरण किया। चांपा नगर पालिका अध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया और चांपा नगर के गत पांच वर्षों में किये गये विकास, निर्माण कार्यों पर आधारित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इसके पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के कर-कमलों द्वारा 11 करोड़ 67 लाख 06 हजार रूपये की लागत के 8 कार्यो का लोकार्पण और 7 करोड़ 18 लाख 81 हजार रूपये के विभिन्न 19 विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। डॉ. महंत द्वारा आज जिन कार्यों का लोकार्पण किया गया उनमें 86.75 लाख के स्वर्गीय बिसाहूदास महंत इंडोर हॉल, 89.97 लाख रूपये के लागत के माता परमेश्वरी सामुदायिक भवन, 49.97 लाख रूपये की लागत के सूर्यकांत त्रिपाठी निराला सांस्कृतिक भवन, 17.05 लाख रूपये के स्वर्गीय समुंदरलाल जालान सामुदायिक भवन, 50 लाख रूपये की लागत के डे.एन.एल.पू. एलम अंतर्गत आश्रम स्थल, 9.22 लाख रूपये की लागत के तहसील कार्यालय, चांपा में छतदार चबुतरा निर्माण, 8 करोड़ 16 लाख 10 हजार रूपये की लागत के गौरव पथ और 50 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित आश्रम स्थल का लोकार्पण शामिल है।

स्टाप डेम निर्माण में लापरवाही, मजदूरों का भुगतान भी अटका

■ जंगल की गिटटी व कम मजदूरी भुगतान का आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। सिंचाई के लिए शासन के द्वारा लाखों रुपये की सामग्री के इस्तेमाल से बजट तैयार कर खर्च करने के लिए स्वीकृति की गई। किन्तु वन अधिकारियों ने जंगल में अधिकारियों के न पहुँच पाने व मानिटरिंग के अभाव में जंगल के ही सामग्री का इस्तेमाल कर जल्दबाजी में काम पुर्ण कर लिया। वही अब जिला कलेक्टर के द्वारा राजस्व अधिकारियों के सत्यापन के पश्चात ही भुगतान करने को लेकर आदेश जारी कर दिए। जिससे अब वन अधिकारियों में भुगतान को लेकर चिंता बढ़ गई। जहा एक ऐसे ही मामले में वनांचल के ग्रामीणों ने भुगतान न होने को लेकर शिकायत भी दर्ज कराई। अब जिले के सभी हिस्सों में जिला खनिज न्यास से हुए कार्यो के भुगतान को लेकर चिंता बढ़ गई है। जिला खनिज न्यास योजना से सही कार्य होने की उम्मीद भी जताई जा रही है। कलेक्टर कोरिया ने शिकायत मिलने पर जाच के पश्चात कठोर कार्यवाही की बात कही। जहा ऐसा ही एक कार्य मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के बहरासी वन परिछेत्र में जिला खनिज न्यास योजना से स्वीकृत की गई जहा अब ग्रामीणों ने ही इसकी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए हैं। जहा अब देखना यह होगा कि यह स्टाफ डेम जंगल मे कितने समय तक टिक पाता है क्यो की इस परिछेत्र में इसी वर्ष बनाये गए तालाब जो पहली बरसात में ही दरारों से घिर गए है जहा बाद में इसके सुधार करने की बात ग्रामीणों के द्वारा बताई जा रही किन्तु अधिकारी जाच के बजाय अधिकारियों पर कार्यवाही के बजाय दूसरे रेन्ज का भी प्रभार इनाम के रूप में दे दिया गया जब कि इस वन मंडल में कई स्थानों पर किसानों को पानी की एक बूंद नसीब भी नही होता है तो वही दूसरी ओर शासन के इस योजना को सार्थक करने दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में 18 लाख रुपये की लागत से एक स्टाप डेम से में जॉब कार्ड के अनुशार मजदूरी भुगतान में गड़बड़ी करने की बात मजदूरो द्वारा कही जा रही जब कि ग्रामीणों के द्वारा एक शिकायत पूर्व में भी की गई जहा यहा पदस्थ कर्मचारी को हटाया भी गया किन्तु वन मंडल के वनमंडला अधिकारी ने स्थानांतरण के कुछ दिन पूर्व ही अपने आदेश को निरस्त कर शिकायत किये कर्मचारी को पुनः उसी स्थान पर पदस्थ कर दिया गया ।

सौ हेक्टेयर सिंचाई के बनाया स्टाप डेम

हमें के लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए डीएमएफ से झिंगुर नाला में लगभग सौ हे० सिंचाई की क्षमता वाली स्टाप डैम का निर्माण कराया गया है पानी का समुचित उपयोग हो इसके लिए साथ मे नहर भी बनाया गया है ताकि लोगो तक स्टाप डैम का पानी पहुँच सके और किसान इसका लाभ ले सके। वही ग्रामीणो के द्वारा गलत जानकारी आप को दी गई है वही जंगल मे हर जगह सामग्री पहुँच पाना संभव नही होता इस कारण थोड़ा बहुत जंगल की सामग्री का भी इस्तेमाल करना पढ़ता है मजदूरी भुगतान को लेकर रिकार्ड देखने के पश्चात ही स्पष्ट बता पाऊंगा।

-**शिवानन्द द्विवेदी,** वन परिक्षेत्र अधिकारी

ग्रामीणों के द्वारा लगाया गया गलत आरोप

ग्रामीणों के द्वारा लगाया गया आरोप गलत है प्रभारी परिछेत्र अधिकारी के निर्देश में कार्य पूर्ण कराया गया है सामग्री व मजदूरी भुगतान को लेकर वही सही जानकारी आप को उपलब्ध करा पाएंगे उनके द्वारा जो बताया गया उसी आधार पर मजदूरों को भुगतान किया गया है ।

-**वाल्मीकि तिवारी,** बीट वनपाल

उदयपुर में मनाया गया सहकारिता सप्ताह

अंबिकापुर। जिला सहकारी संघ के माध्यम से चल रहे सहकारी सप्ताह का दूसरा दिन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. उदयपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत श्री पी के शांडिल्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समितियों के पूर्व अध्यक्ष एवं कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहकारिता क्षेत्र के अधिकारी श्री हरिशंकर यादव, विनोद कुमार गुप्ता, आर के सिन्हा, समिति के पूर्व अध्यक्ष राम सिंह उदयपुर, सेम सिंह, बुधराम डाँड़गांव उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र के कृषक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

वादा खिलाफी के खिलाफ भाजपा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

नवप्रदेश संवाददाता

भानुप्रतापपुर। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों से की जा रही वादाखिलाफी के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम तहसीलदार आनंद नेताम को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में लिखा गया है की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के लिए किसानों से बड़े-बड़े वायदे किये और सत्ता मेंआई कांग्रेस सरकार पद ग्रहण करने के बाद से ही लगातार अन्नदाताओं के साथ धोखाधड़ी और वादाखिलाफी में लगी है कांग्रेस सरकार अपने

घोषणा के अनुसार 2500 ? प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करना चाहिए लेकिन बहाने बाजी कर रही है प्रदेश में धान कटाई एवं मिसाई का कार्य तेजी से प्रारंभ हो गया है ईधर कांग्रेस सरकार ने धान खरीदी के समय तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है इससे प्रदेश भर के किसान बेहद परेशान है किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं इसी तरह प्रदेश में किसानों को कर्ज माफी का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्हें जेल तक भेजा जा रहा है हाल ही में अपने अधिकारों की मांग के लिए रायपुर आ रहे हैं किसानों को बड़ी संख्या में शासन द्वारा घंटों तक बंधक बनाकर रखा गया।

डीएवी में दो दिवसीय हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। कुआकोंडा ब्लाक के हितावर गांव में संचलित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल हितावर द्वारा नकुलनार के सामुदायिक भवन पर डॉक्टरों द्वारा दो दिवसीय 15 व 16नवम्बर को कक्षा चौथी से कक्षा बारहवी तक के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान आँख, सिकलिंग व इसके अलावा सामान्य परीक्षण जैसे सर्दी - जुकाम, बुखार आदि का परीक्षण डॉ नेहा पैकरा (एएमओचिरायु) पुष्पा कंवर (फ़ार्मासिस्ट) अंजली

पैकरा एएनएम) अनुराधा कुजूर (एएनएम) द्वारा किया गया, जिसमें सभी कक्षा के शिक्षक-शिक्षिकाओ ने अपने- अपने कक्षा के बच्चों के साथ उपस्थित थे।यह स्वास्थ्य परीक्षण बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए किया जाता हैं, ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास तेजी से हो सके और एक बेहतर वातावरण का लाभ उठा सके। विद्यालय के प्राचार्य श्री बीके शर्मा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहते हैं और समय-समय पर बच्चों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी देते रहते हैं।

पहाड़ी कोरवा बस्ती में लगा स्वास्थ्य शिविर, मरीजों का हुआ ईलाज

अंबिकापुर। जिले के दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज स्वास्थ्य विभाग ने अनोखी पहल करते हुए लुण्ड्रा जनपद के आसनडीह ग्राम पंचायत अन्तर्गत पहाड़ी कोरवा बाहुल्य प्राथमिक शाला गोटी डुमर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 14 बच्चे 23 महिला 21 पुरूष एवं 6 वृद्ध सहित कुल 64 लोगों का स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया। इस दौरान कुछ दिव्यांग जनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बांटा गया।

राजीव गांधी आश्रय योजना के पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ : कलेक्टर

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों, जनपद सीईओ व भू-अभिलेख शाखा के अधिकारियों की सयुंक्त बैठक लेकर राजीव गांधी आश्रय योजना, नजूल पट्टा नवीनीकरण आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के जारी निर्देशों का कड़ायी से पालन करते हुए समय सीमा में पात्र हितग्राहियों का लाभ देना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत जिले में कुल 8 हजार 205 हितग्राहियों को पट्टा वितरण किया जाएगा। इसमें प्रस्तावित स्थायी पट्टो की संख्या 5 हजार 515 और प्रस्तावित अस्थायी पट्टे की संख्या 2690 है। इनका वितरण समय सीमा के भीतर वितरण करना सुनिश्चित करें। इसके लिए नगर पंचायत में पांच रूपए और नगर पालिका में 10 रूपए विकास शुल्क निर्धारित है। झुग्गी वासियो जिनको अन्यत्र बसाया गया है, उन्हें अस्थायी पट्टे दिए जाएगें।

बिरसा मुंडा जयंती पर सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

पखांजूर। जागृति मंच पखांजूर ने महान क्रांतिकारी सहीद बिरशा मुंडा का जन्म जयंती सोहगांव प्रथिमक -पूर्व माध्यमिक स्कुल में पालन किया हैं। जागृति मंच पखांजूर ने क्रांतिकारी महान शहीद बिरशा मुंडा जन्मजयंती का संस्कृति कार्यक्रंम। सोहगांव प्रथिमक -पूर्व माध्यमिक स्कुल में पालन किया हैं। कार्यक्रम में शहीद बिरशा के छाया चित्र पर ग्राम पटेल उसेण्डी ने माल्यार्पण किया हैं। तदूपश्चात जागृति मंच के सचिव निबास

अधिकारी, जनपद सदस्य गणेश निषाद उप सचिव मनोज राणा परमेश्वर नेताम, मितानिन लक्ष्मी नरेटी ,शिक्षिका प्रधान अध्यापिका श्रीमती चीनू बैद्य, श्रीमती प्रतिमा मण्डल, श्रीमती उमा पाल कुमारी अर्पिता दास,छात्र - छात्राएं फूलों महान क्रांतिकारी शहीद बिरशा मुंडा को सम्मानित किये हैं।

कलेक्टर ने ली निगरानी दल की बैठक

■ धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर कार्यवाही के निर्देश

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा के लिए राजस्व विभाग, सहकारिता, खाद्य और निगरानी दल के सदस्यों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि आगामी एक दिसंबर से राज्य सरकार के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। केवल पंजीकृत किसानों का ही धान खरीदा जाएगा। इसके लिए अभी से तैयारी प्रारंभ कर दें। कलेक्टर ने कहा कि किसान पंजीयन के लिए पटवारियों की सत्यापित सूची से कम्प्यूटर में किये गये एण्ट्री की जांच की जाए और केवल वास्तविक किसानां से धान खरीदी सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए समिति स्तर पर निगरानी के लिए दल गठित किया गया है। दल में सहकारिता निरीक्षक, खाद्य निरीक्षक सहित पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियो को भी तैनात किया गया है। कलेक्टर ने निगरानी दल को निर्देशित किया कि पुटकर व्यापारियों और कोंचियों के पास निर्धारित मात्रा से अधिक धान भण्डारण पाये जाने पर मण्डी अधिनियम के तहत कार्यवाही करें।

युवा उत्सव में बनाई गई रंगोली की जमकर सरहाना

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित युवा उत्साह कार्यक्रम में शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव 2919-20 में 15 नवम्बर को शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल में राजापारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शशीकला पटेल को उनके उत्कृष्ट रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देकर शशिकला पटेल को स्मृति चिन्ह व प्रशासित पत्र देकर उनका सम्मान किया गया ।यह सम्मान कांकेर जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा सलाम के हाथों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दिया गया ।बता दे कि शशिकला पटेल अपने रंगोली के

माध्यम से कांकेर सहित छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिलों में प्रथम स्थान बनाकर राजापारा ही नही बल्कि कांकेर जिले कोगौरवान्वितत कर चुकी है ।इसके पूर्व दीपावली पर्व में कांकेर कलेक्टर के निवास में शशिकला पटेल के द्वारा लगाई रंगोली की कलेक्टर व परिजनों ने ज़मकर तारीफकरते नगद राशी के साथ अन्य चीजों से उनका सम्मानित किया गया था ।

बैठक निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। कांकेर लोकसभा सांसद मोहन मण्डावी की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में शनिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ''दिशा'' की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में निर्माणाधीन विभिन्न कार्यों जैसे-सड़क, पुल-पुलिया, भवन इत्यादि की गुणवत्ता सुनिश्चित किया जाय। शहरों के लावरिस मवेशियों को कांजी हाउस में डालने और सड़कों की मरम्मत कार्य एक महीने में पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत

कांकेर के अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सलाम, विधायक प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी, कलेक्टर श्री केएल चैहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे भी मौजूद थे।

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन, खनिज, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकायों में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 01 लाख 40 हजार जॉबकार्ड धारी परिवार हैं। मजदूरी का भुगतान बैंक एवं पोस्ट ऑफिस खाता के माध्यम से किया जाता है, वर्तमान में मजदूरी भुगतान लंबित नहीं है। मनरेगा अंतर्गत गौठान निर्माण और नरवा के जीर्णोद्धार का कार्य भी कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सड़कों की मरम्मत एक महीने के भीतर पूरा करने के लिए कहा गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में निर्मित नवीन सड़कों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये गये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि दिसम्बर महीने तक कांकेर जलआवर्धन योजना में पाईप लाईन बिछाने और टंकी से जोड़ने का कार्य पूरा हो जाएगा।

पानी टंकी के निर्माण में भी गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए गये। विद्युत विभाग की समीक्षा में बताया गया कि जिले के 30 ग्रामों में दिसम्बर माह तक विद्युतिकरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा रबी सीजन के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज की व्यवस्था होने की जानकारी दिया गया।सांसद श्री मोहन मण्डावी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा जो भी दायित्व सौंपे गये हैं उसका अक्षरशः पालन किया जाए।

समाजसेवी संस्था ने एसपी को स्मृति चिन्ह भेंट कर दी विदाई

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। कांकेर जिले के मिलनसार व्यक्तित्व के धनी पूर्व पुलिस अधीक्षक के एल ध्रुव के कांकेर से सूरजपुर स्थानातंरण होने पर शनिवार को सुबह 9 बजे सिविल लाइन स्थित उनके निवास में नगर के जनसहयोग समाजसेवी संगठन अध्यक्ष /पार्षद अजय पप्पू मोटवानी सरस्वती कला मंच अध्यक्ष मोहन सेनापति व समाजसेवी संगठन ने उन्हें गुलदस्ता देकर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया । इस भावुक पल में एसपी धुर्व ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते उनके उज्वल भविष्य की कामना किया गया ।इस दौरान समाजसेवी पप्पू मोटवानी ने बीते 3 साल पहले कांकेर जिले की कमान दिए जाने के बाद से जिले में चोरी सट्टा जुआ क्राइम सहित

नक्सलवाद पर विशेष कसावट पुलिस अधीक्षक के एल धुर्व के द्वारा किया गया था जो सरहानीय पहल हमेशा याद रहेगा । इस दौरान करन नेताम चरण यादव ठाकुर साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

निधन

मलय चिन्टु दुबे

भानुप्रतापपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम देव उसेंडी भानुप्रतापपुर के पत्रकार राजकुमार दुबे एवं नगर के वरिष्ठ व्यपारी एवं आर एस एस के कार्यकर्ता वैधराज आहूजा के निवास स्थान पहुंचे बता दें की श्री राजकुमार दुबे के 16 वर्षीय पुत्र मलय चिन्टु दुबे का कुछ दिन पूर्व आकस्मिक निधन हो गया वहीं श्री वैधराज आहूजा के माता जी का भी हाल ही में कुछ दिन पूर्व निधन हुआ है परिवार से मिलने पहुँचे उसेण्डी ने छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं परिवार को दुख सहने की कामना की। श्री उसेंडी ने राजकुमार के दिवंगत पुत्र स्व मलय दुबे के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की, उन्होंने परिवार को ढ़ाढ़स बंधाया और कहा कि इस अपार दुःख को व्यक्त करने मेरे पास शब्द नहीं है पर ईश्वर के आगे हम सब नतमस्तक हैं।

न्यूज गैलरी

चैंपियन खलिन जोशी संयुक्त पांचवें स्थान पर

नूह (हरियाणा) (वार्ता)। गत चैंपियन भारत के खलिन जोशी ने शुक्रवार को पैनासोनिक ओपन इंडिया गोल्फ टूर्नामेंट के पहले राउंड में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिसके बाद वह संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। टूर्नामेंट में कल खराब मौसम के कारण देर से शुरुआत हुई थी और 60 खिलाड़ी ही पहला राउंड पूरा कर पाए थे। शेष 66 खिलाड़ियों ने क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आज दोपहर अपना पहला राउंड शुरु किया। थाईलैंड के इथिपत बुरानातनयारत ने गुरुवार को आठ अंडर 64 का जबरदस्त कार्ड खेला था और पहला राउंड समाप्त होने के बाद वह बढ़त पर हैं।

बंगलादेश से हारी भारतीय अंडर-23 टीम

सावर (वार्ता)। भारतीय सीनियर टीम ने इंदौर में बंगलादेश की सीनियर टीम को पहले टेस्ट में जहां पारी और 130 रन से पीट दिया वहीं बंगलादेश की अंडर-23 टीम ने एमर्जिंग एशिया कप में भारत की अंडर-23 टीम को छह विकेट से हरा दिया। भारत की दो मैचों में यह पहली हार है जबकि बंगलादेश की लगातार दूसरी जीत है। भारतीय टीम ने अरमान जाफ़र की 98 गेंदों पर आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 105 रन की शानदार पारी खेली। भारत ने 50 ओवर में 246 रन बनाये। अरूण जुयाल ने 37, सनवीर सिंह ने 26, विनायक गुप्ता ने 44 और रितिक शौकीन ने 16 रन का योगदान दिया।

हैदराबाद ने छोड़ा शाकिब अल हसन का साथ

हैदराबाद (वार्ता)। मैच फिक्सिंग के लिए संपर्क किए जाने की बात आईसीसी को ना बताने के चलते दो साल का प्रतिबंध झेल रहे बंगलादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को आईपीएल टीम सनराइजर्स हैदराबाद ने अगले सत्र के लिए रिलीज कर दिया है। हैदराबाद ने शाकिब के साथ-साथ दीपक हुड्डा, मार्टिन गुप्तिल, यूसुफपठान और रिकी भुई को भी रिलीज किया है। दुनिया की चोटी के ऑलराउंडर शाकिब से सट्टेबाजों ने फिक्सिंग के लिए संपर्क साधा था लेकिन शाकिब ने इसकी जानकारी ना तो अपने बोर्ड को दी और ना ही आईसीसी को दी।

पंजाब ने क्रिस गेल को किया रिटेन

चंडीगढ़ (वार्ता)। आईपीएल की पिछली नीलामी में वेस्टइंडीज के धुरंधर बल्लेबाज क्रिस गेल को किंग्स इलेवन पंजाब ने तीसरे दौर में जाकर खरीदा था लेकिन इस फार्मेट के सबसे खतरनाक बल्लेबाज गेल को पंजाब टीम ने इस बार रिटेन कर लिया है। पंजाब ने गेल को पिछली बार उनके दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर खरीदा था और इस बार उन्हें इसी कीमत पर रिटेन कर लिया।

भारत की मयंक अग्रवाल के धमाकेदार दोहरे शतक और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत सीरीज में 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त

भारत ने बांग्लादेश को पारी और 130 रनों से हराया

मैच में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी मेहमान टीम ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी 6 विकेट पर 493 रन पर घोषित की। जिसकी वजह से उसके पास 343 रनों की बड़ी बढ़त हासिल थी। इसके बाद तीसरे दिन टीम इंडिया ने बांग्लादेश टीम की दूसरी पारी 69.2 ओवरों में सभी विकेट खोकर महज 213 रनों पर समेट दी। इस तरह उसने इंदौर टेस्ट पारी और 130 रनों से अपने नाम कर लिया। भारत के लिए पहली पारी में 3 विकेट लेने वाले मोहम्मद शमी ने दूसरी पारी में 4 विकेट झटके, जबकि आर. अश्विन ने 3 विकेट लिए। उमेश को दो और इशांत को एक विकेट मिला।

तेज़ गेंदबाज मोहम्मद शमी (31 रन पर 4 विकेट) और ऑफस्पिनर रविचंद्रन अश्विन (42 रन पर तीन विकेट) की जबरदस्त गेंदबाजी की बदौलत भारत ने बंगलादेश को पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे ही दिन पारी और 130 रन से पीटकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

- **इस जीत से भारत को 60 अंक मिले हैं आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में पहले स्थान पर**
- **मयंक अग्रवाल (243), अजिंक्य रहाणे (84), रविंद्र जडेजा (नाबाद 60) और चेतेश्वर पुजारा (54) ने भारत को विशाल स्कोर तक पहुंचा**
- **मयंक को दोहरे शतक के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।**

इंदौर (वार्ता)। भारत ने अपनी पहली पारी तीसरे दिन के खेल की शुरूआत से पहले कल के छह विकेट पर 493 रन पर घोषित कर दी। बंगलादेश ने पहली पारी के मुकाबले दूसरी पारी में कुछ बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पूरी टीम दिन के अंतिम सत्र में 69.2 ओवर में 213 रन पर सिमट गयी। भारत ने इस तरह यह मुकाबला पारी और 130 रन से जीत लिया।

भारत की जीत में उसके गेंदबाज़ों का प्रमुख योगदान रहा। शमी ने 31 रन पर चार विकेट लेकर मैच में सात विकेट पूरे किये। अश्विन ने 42 रन पर तीन विकेट लेकर मैच में पांच विकेट पूरे किये। उमेश यादव ने 51 रन पर दो विकेट लेकर मैच में चार विकेट पूरे किये जबकि इशांत शर्मा को 31 रन पर एक विकेट मिला।

बंगलादेश की दूसरी पारी में मुशफिक़ुर रहीम ने एकतरफ़ संघर्ष करते हुये 150 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 64 रन बनाये जबकि लिट्टन दास ने 35 और मेहदी हसन मिराज ने 38 रन का योगदान दिया। मेहमान टीम अपने पहले पांच विकेट 72 रन पर बनाने के बाद घुटने टेक बैठी और तीसरे ही दिन उसका बोरिया बिस्तर बंध गया।

भारत को इस मैच को जीतने से 60 अंक मिले और अब उसके आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में 300 अंक पूरे हो गये हैं। विश्व की नंबर एक टीम भारत पहली टीम है जिसने टेस्ट चैंपियनशिप में 300 अंक पूरे किये हैं।

यह लगातार तीसरा टेस्ट है जब भारत ने पारी से जीत हासिल की। भारत ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका को रांची में पारी और 202 रन से और इसी टीम को पुणे में पारी और 137 रन से हराया था। इससे पहले भारत ने 1993-94 के सत्र में श्रीलंका के खिलाफ लगातार तीन मैच पारी के अंतर से जीते थे। इससे पूर्व भारत ने 1992-93 में इंग्लैंड को दो बार पारी से और जिम्बाब्वे को पारी से हराकर लगातार तीन मैच पारी के अंतर से जीते थे।

विराट कोहली ने इस जीत के साथ महेंद्र सिंह धोनी का सर्वाधिक नौ मैच पारी के अंतर से जीतने का रिकार्ड तोड़ दिया। विराट अपनी कप्तानी में अब 10 मैच पारी के अंतर से जीत चुके हैं। धोनी ने नौ मैच, मोहम्मद अज़हरूद्दीन ने आठ मैच और सौरभ गांगुली ने सात मैच पारी के अंतर से जीते थे।

भारत की यह लगातार छठी जीत है। इससे पहले भारत ने 2013 में धोनी की कप्तानी में लगातार छह टेस्ट जीते थे जिसमें से चार आस्ट्रेलिया और दो वेस्टइंडीज़ के खिलाफ थे। दूसरी ओर बांग्लादेश का विदेशी जमीन पर खराब प्रदर्शन जारी है और विदेशी जमीन पर पिछले छह टेस्टों में यह उसकी पारी से पांचवीं हार है।

टीम इंडिया के आक्रमण के सामने बंगलादेशी टीम

भारतीय बोलरों ने फिर किया कमाल, तीन दिन में समाप्त किया इंदौर टेस्ट

सपने जैसा गेंदबाज़ी आक्रमण: विराट

इंदौर (वार्ता)। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अपनी टीम की बंगलादेश पर तीन दिनों में मिली पारी की शानदार जीत के लिये अपने खिलाड़ियों खासकर गेंदबाजों की जमकर तारीफकरते हुये अपने गेंदबाज़ी संयोजन को सपने सरीखा बताया है। विराट ने भारत को पहले टेस्ट के तीसरे दिन होल्कर स्टेडियम में शनिवार को मिली पारी और 130 रन की जीत के बाद कहा कि उन्हें नहीं पता कि ऐसे प्रदर्शन और जीत के लिये वह क्या कहें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की जमकर तारीफकरते हुये कहा कि खिलाड़ियों ने बल्ले से बहुत पेशेवर खेल दिखाया और पांच बल्लेबाज़ों के साथ उतरने पर भी एक ही बल्लेबाज़ ने पूरी ज़िम्मेदारी दिखा दी, यह ऐसा प्रदर्शन है जिसकी वह विदेशी दौरों में उम्मीद करते हैं। कप्तान ने कहा, हमारे सभी खिलाड़ियों ने कमाल किया, हमारे तेज़ गेंदबाज़ों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और ऐसा लगा कि कोई भी पिच इनके लिये अच्छी है। जसप्रीत बुमराह यहां नहीं है, लेकिन किसी भी कप्तान के लिये यह किसी सपने जैसा गेंदबाज़ी संयोजन है। किसी भी टीम में मज़बूत गेंदबाज़ होना सबसे जरूरी होता है। हमारे रिकार्ड यह साबित करते हैं और ये रिकार्डबुक में दर्ज होंगे, जिसे ध्यान में रखकर हमने नहीं खेला था। 31 वर्षीय विराट की कप्तानी में भारत ने लगातार तीसरा मैच पारी से जीता है। उन्होंने कहा, हम अपने मनोबल और मानकों को आने वाले खिलाड़ियों के लिये इसी तरह बरकरार रखना चाहते हैं।



मोहम्मद शमी हमें भी बता दो क्या खा रहे हो: ईशांत शर्मा

इंदौर। भारतीय तेज गेंदबाजी को इस समय दुनिया का सर्वश्रेष्ठ आक्रमण माना जाता है। ईशांत शर्मा और मोहम्मद शमी ने मैच के बाद मजाकिया बातचीत की। भारतीय तेज गेंदबाजी इस समय विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में गिनी जाने लगी है। जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में मोहम्मद शमी इसकी अगुआई कर रहे हैं। शमी ने दक्षिण अफ्रीकी सीरीज में भी दमदार प्रदर्शन किया था और बांग्लादेश के खिलाफयहां होलकर स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में भी उन्होंने कुल सात विकेट लिए। मैच के बाद हर्षा भोगले से बात करते हुए ईशांत शर्मा ने कहा कि इस समय शमी जो कर रहा है, उस पर विकेट लिया। ईशांत ने कहा कि शमी कहीं भी गेंद डाले विकेट ले जाता है। ईशांत ने मजाक में हंसते हुए कहा, 'मैं शमी से पूछता हूं कि वो ऐसा क्या कर रहा, जब पैड पर लगती है तो आउट कर देता है, बल्लेबाज पुल मारता है तो आउट हो जाता है। मैं इससे पूछ रहा हूं कि ऐसा क्या कर रहा है, हमें भी बता दे हम तो बीट करा-करा के परेशान हैं। ऐसी कौन सी चीज़ कर रहा है।' इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने कमाल दिखाया और बांग्लादेश को दूसरी पारी में 213 रनों पर ऑल आउट कर बांग्लादेश को पारी से मात दी।



फेस्टिवल ऑफ स्पीड में दिखेगा कार्तिकेयन और गिल का जलवा

भारतीय मोटर स्पोर्ट्स के इतिहास में पहली बार भारत के पहले एफ-1 चालक नारायण कार्तिकेयन से लेकर देश के अग्रणी रैली चालक गौरव गिल और कई बार राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीत चुके अनन्दित रेड्डी इस महीने होने वाले जेके टायर फेस्टिवल ऑफस्पीड (जेकेएफओएस) के लिए ग्रेटर नोयडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर इकट्ठा होंगे।

नई दिल्ली (वार्ता)। अपने तरह का पहला स्पोर्ट्स एक्ट्रावेगेंजा फेस्टिवल ऑफ स्पीड में एक्स 1 फार्मूला रेसिंग कार्स, एलजीबी फार्मूला 4 कार्स, 1000 और 600 सीसी सुपर बाइक्स, गिक्सर कप और कई अन्य तरह के कटेगरीज में रेसों का आयोजन होगा। इस पहल के जनक जेके टायर के मोटर स्पोर्ट्स प्रमुख संजय शर्मा ने कहा, "जेके टायर फिलाले को सबसे बड़े स्पोर्टिंग स्पैक्टकल के रूप में जाना जाता है। इसमें क्रिकेट मैच शामिल नहीं हैं। यहां मनोरंजन और रोमांच का मजा लेने के लिए 40 हजार से अधिक लोग आते हैं, जिसमें रेसिंग, स्टंट, इंटरटेंमेंट और टॉप सेलीब्रिटीज शामिल होते हैं। इस साल हमने जेके टायर फेस्टिवल ऑफ स्पीड के रूप में इस उत्सव को बृहत रूप देने का फैसला किया है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि मोटरस्पोर्टर्स के फैन्स को सम्पूर्ण मनोरंजन मिले और इसे हम देश का सबसे बड़ा स्पोर्टिंग एक्ट्रावेगेंजा बनाने का प्रयास करेंगे।

राजस्थान की कप्तानी करेंगे स्मिथ

नई दिल्ली (वार्ता)। दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के स्टीवन स्मिथ आईपीएल के 2020 में होने वाले 13वें सत्र में राजस्थान रॉयल्स टीम की कप्तानी करेंगे। राजस्थान ने शुक्रवार को बताया कि उसने अगले सत्र के लिए चार विदेशी सहित 14 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है और 11 खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया है। टीम की कप्तानी स्मिथ करेंगे जबकि टीम के नए कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड हैं। राजस्थान ने 56.10 करोड़ रुपये का पर्स खर्च कर दिया है और नीलामी में 11 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए उसके पास 28.90 करोड़ रुपये बचे हैं।

रजत शर्मा ने दिया डीडीसीए अध्यक्ष पद से इस्तीफा

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रजत शर्मा ने शनिवार को अपने पद से अचानक इस्तीफा देकर सभी को चौंका दिया। लेकिन इस्तीफे के साथ यह भी जता दिया कि इस संस्था के साथ काम करना बिल्कुल आसान नहीं है।

नई दिल्ली (वार्ता)। पेशे से पत्रकार शर्मा ने इस्तीफा देने के बाद ट्वीट कर कहा, "प्रिय सदस्यों, जबसे आपने मुझे डीडीसीए का अध्यक्ष चुना है, मैं समय-समय पर आपको अपने काम के बारे में जानकारी देता रहा हूँ। मैंने डीडीसीए को बेहतर बनाने के लिए पेशेवर और पारदर्शी जो कदम उठाये उसके बारे में आपको बताया है। आपसे किए गए वादों के पूरा होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा, "यहाँ काम करना आसान नहीं था लेकिन आपके विश्वास ने मुझे ताक़त दी। आज मैंने डीडीसीए का अध्यक्ष पद छोड़ने का फैसला किया है और अपना इस्तीफ़ा शीर्ष परिषद को भेज दिया है। आपने जो प्यार और सम्मान मुझे दिया है उसके लिए आपका आभार।" वरिष्ठ पत्रकार शर्मा जुलाई 2018 में डीडीसीए के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। शर्मा ने अपने इस्तीफे में कहा, "मैंने अपने कार्यकाल के दौरान कई परेशानियों और विरोधों का सामना किया लेकिन फिर भी अपना कर्तव्य निभाने का पूरा प्रयास किया।

असफलता | **19 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन नडाल अब फेडरर से एक कदम पीछे**

अपने पहले एटीपी फाइनल्स खिताब से फिर चूके नडाल

स्पेन के राफेल नडाल का करियर में पहली बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट खिताब जीतने का सपना इस वर्ष भी चकनाचूर हो गया, जहां ग्रुप में बचा आखिरी सेमीफाइनल स्थान गत चैंपियन जर्मनी के एलेक्सांद्र ज्वेरेव ने अपने नाम कर लिया।

लंदन (वार्ता)। नडाल ने लंदन के ओ2 एरेना में अपने मुकाबले में स्टेफानोस सितसिपास को 6-7 (4-7) 6-4 7-5 से पराजित किया था, लेकिन ग्रुप से अंतिम-चार में पहुंचने के एकमात्र स्थान के लिये दानिल मेदवेदेव और ज्वेरेव के बीच हुये मुकाबले में जर्मन खिलाड़ी की हार ज़रूरी थी। लेकिन इससे उलट गत चैंपियन ज्वेरेव ने मेदवेदेव को 6-4 7-6 (7-4) से पराजित कर यह स्थान अपने नाम किया और स्पेनिश स्टार को बाहर होना पड़ गया।

सितसिपास का अब सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये मुकाबला फेडरर से होगा। स्विस खिलाड़ी अपने करियर के सातवें एटीपी खिताब के लिये खेल रहे हैं। वहीं जर्मन खिलाड़ी का अब मुकाबला आस्ट्रिया के डॉमिनिक थिएम से होगा।

नडाल हालांकि पांचवीं बार वर्ष का समापन अपनी नंबर एक रैंकिंग के साथ करेंगे और इस मामले में उन्होंने फेडरर और नोवाक जोकोविच की बराबरी कर ली है। 33 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी को एक बार फिर उनकी नंबर एक रैंकिंग पर बने रहने के लिये ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया, लेकिन ज्वेरेव की रुप के अन्य मैच में जीत से उनका टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया।

19 बार के ग्रैंड स्लेम चैंपियन नडाल अब फेडरर से एक कदम पीछे हैं, उन्होंने इस वर्ष रिकार्ड 12वीं बार फ्रेंच ओपन और चौथी बार यूएस ओपन खिताब जीता था। नडाल ने कहा, "ग्रैंड स्लेम जीतने के लिये आपको निरंतर अच्छा खेलने की जरूरत होती है लेकिन आप किसी से तुलना नहीं कर सकते हैं। ग्रैंड स्लेम जीतने का अहसास ही अलग होता है। लेकिन वर्ष का समापन दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर करना भी खास अहसास है।"

नडाल का यह वर्ष काफी सफल रहा है जिसमें उन्होंने चार खिताब और दो मास्टर्स खिताब अपने नाम किये हैं। वह करियर में दूसरी बार किसी सत्र के चारों ग्रैंड स्लेम टूर्नामेंटों के सेमीफाइनल में भी पहुंचे। हालांकि जांघ और घुटने की चोट के कारण उन्हें काफी परेशानी भी झेलनी पड़ी और वह शंघाई मास्टर्स में उतर

कोलकाता से उथप्पा और लिन रिलीज

कोलकाता (वार्ता)। दो बार की आईपीएल विजेता टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने अगले सत्र से पहले लंबे समय तक टीम में रहे विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा और सलामी बल्लेबाज क्रिस लिन को रिलीज कर दिया है। आईपीएल के 2020 सत्र की नीलामी दिसंबर में कोलकाता में होनी है। उथप्पा कोलकाता के साथ काफी लंबे समय से शामिल रहे हैं। वह छह सत्र में कोलकाता की तरफ से खेले हैं और 2014 विजेता टीम की तरफ से उन्होंने ऑरेंज कैप भी जीता था जबकि लिन टीम के सबसे ज्यादा महंगे खिलाड़ियों में से हैं। कोलकाता ने उथप्पा और लिन के अलावा एनरिच नोर्त्जे, कार्लोस ब्रैथवेट, जो डेनली, के सी करियप्पा, मैट कैली, निखिल नायक, पीयूष चावला, पृथ्वी राज यारा और श्रीकांत मुंडे को रिलीज किया है।

पूर्व हॉकी कप्तान संदीप बने हरियाणा के खेल मंत्री

चंडीगढ़ (वार्ता)। पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान संदीप सिंह को हरियाणा का नया खेल मंत्री बनाया गया है। हरियाणा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की सिफारिश पर राज्य की भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) और जननायक जनता पार्टी(जजपा) गठबंधन सरकार की मंत्री परिषद में शुक्रवार को विभागों का बंटवारा कर दिया। पहोवा से पहली बार विधायक बने पूर्व हॉकी कप्तान संदीप को खेल, मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग दिया गया है। पिछले खेल मंत्री अनिल विज को इस बार गृह, शहरी स्थानीय निकाय, स्वास्थ्य, तकनीकी शिक्षा, आयुष, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी समेत कुल सात विभाग दिये गये हैं। इस बीच हॉकी इंडिया ने संदीप को हरियाणा का नया खेल मंत्री बनने पर बधाई दी है। संदीप ने कल राज्यमंत्री पद की शपथ ली थी। संदीप ने अपना अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण 2004 में किया था।

न्यूज गैलरी

महेन्द्र छाबड़ा बने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष

रायपुर। राज्य सरकार ने कांग्रेस नेता महेन्द्र छाबड़ा को अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है, वहीं अनिल जैन और हफीज कुरैशी को इसके सदस्य बनाए है। निगम मंडलों में नियुक्ति का लंबे समय से कांग्रेस के लोग इंतजार कर रहे है। भूपेश सरकार ने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में नियुक्तियों की शुरूआत कर दी है। कांग्रेस नेता महेन्द्र छाबड़ा को आयोग का अध्यक्ष बनाया है, वहीं रायपुर के अनिल जैन और राजनांदगांव जिला के अधिवक्ता एवं पार्षद हफीज कुरैशी को इसके सदस्य बनाए गए है। इस नियुक्ति संबंधी आदेश आ.जा. तथा अनु.जा. विभाग के संयुक्त सचिव एम.एम. मिंज द्वारा जारी किया गया है।

श्याम सुंदर गुप्ता रायपुर और आलोक सहाय बिलासपुर के नये डीआरएम

रायपुर। श्याम सुंदर गुप्ता को रायपुर रेल मंडल के नये प्रबंधक बनाए गए है, वहीं आलोक सहाय को बिलासपुर रेल मंडल का प्रबंधक बनाया गया है। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेश में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल एवं बिलासपुर रेल मंडल में नये मंडल रेल प्रबंधको की पदस्थापना की गई है। जिसके अनुसार रायपुर मंडल के नये रेल मंडल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता को बनाया गया है। वर्तमान में वे मध्य रेलवे में पदस्थ हैं। श्री गुप्ता भारतीय रेलवे ट्रैफिक सेवा (आईआरटीएस) अधिकारी है एवं रायपुर मंडल के वर्तमान मंडल रेल प्रबंधक कौशल किशोर का स्थान लेंगे। इसी प्रकार आलोक सहाय वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मुख्यालय में चीफ इलेक्ट्रिक लोको इंजीनियर (सीईएलई) के पद पर कार्यरत है एवं भारतीय रेलवे के विद्युत सेवा (आईआरएसइइ) के अधिकारी है। वे बिलासपुर रेल मंडल में वर्तमान में मंडल रेल प्रबंधक आर. राजगोपाल के स्थान लेंगे।

झारखंड विधानसभा चुनाव : नेताम भाजपा के स्टार प्रचारक

रायपुर। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में छत्तीसगढ़ से सिर्फ राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम का नाम शामिल किया गया है। भाजपा ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, बीएल सन्तोष, नितिन गडकरी, रघुवर दास, योगी आदित्यनाथ सहित 40 नेताओ का नाम शामिल किया गया है। इनमें प्रदेश से सिर्फ राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम को शामिल किया गया है। जबकि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह सहित अन्य किसी बड़े चेहरे का नाम इस सूची में नहीं है जिससे प्रदेश के भाजपा नेताओं का ग्राफ गिरा है। स्टार प्रचारकों की सूची में श्री नेताम के अलावा सौदान सिंह को भी जगह मिली है।

रायपुर
ऐसा मनोरंजन के साधन तो गांव के बच्चे ही जुटा सकते हैं जो पूरी तरह वेस्ट मटेरियल से हो, इसे चलाने में ना पेट्रोल ना बैटरी ना हवा। शहरी बच्चे तो केवल मोबाइल व्हाट्सएप और वीडियो गेम में ही व्यस्त हैं।

13 लाख के इनामी 7 नक्सलियों ने किया समर्पण

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। नक्सल संगठन की खोखली विचारधारा से तंग आकर शनिवार को जिले में तीन महिला समेत सात नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष शनिवार को समर्पण कर दिया। इन पर13 लाख रुपए का इनाम था। सभी ने छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का फैसला लिया है। सभी बीजापुर जिले के विभिन्न थानांतर्गत गांवों के रहने वाले हैं।

इन नक्सलियों में रामजी उर्फ बिच्चेम कारम (24) पिता स्वः सोमलू कारम निवासी ग्राम कोत्तागुड़ेम थाना बासागुड़ा; लखमु मोड़ियाम (23) पिता सोमलू पुनेम निवासी कोकरा गायतापारा थाना बीजापुर; लक्खू तेलाम उर्फ जित्तू (28) पिता सोमरू तेलम निवासी हल्लूर हल्लेरपारा थाना मिरतुर; संगीता मोड़ियामी (25) पति सुखराम मोड़ियामी निवासी कोकरा गायतापारा थाना बीजापुर; रंजीता ओयाम (23) पिता बुधराम ओयाम निवासी ग्राम चिन्नाजोजेर तालाबपारा थाना बीजापुर; राजकुमारी यादव (26) पिता सुखराम यादव निवासी नयापारा चेरकंटी थाना बीजापुर व हुंगा पोड़ियामी पिता कोसा पोड़ियामी उम्र 24 वर्ष, निवासी स्कुलपारा गुज्जाकोण्टा थाना तोयानार शामिल हैं।

सभी को उत्साहवर्धन हेतु शासन की ओर से 10-10 हजार रुपए की नकद राशि, ट्रैक शूट व महिला नक्सलियों को साड़ी प्रदान की गई। इन्हें शासन की पुनर्वास नीति के तहत और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

जानें किस पर कितना था इनाम

रामजी उर्फ बिच्चेम कारम : संगठन में पद - उदंती एलओएस डिप्टी कमांडर, धारित हथियार - इंसास, घोषित इनाम - छग शासन द्वारा 3 लाख, कार्य क्षेत्र - उदंती/इंदागांव एरिया कमेटी, अपराधः वर्ष 2013 में गाजीमुड़ा पुलिस के साथ मुठभेड़ , वर्ष 2017 में सहबीनकच्छर में पुलिस के साथ फायरिंग।

लखमु मोड़ियामः संगठन में पद - प्लाटून नं 2 डिप्टी कमांडर,धारित हथियार - एसएलआर, घोषित इनाम - छग शासन द्वारा 3 लाख, कार्य क्षेत्र - नेशनल पार्क एरिया कमेटी, संगठन में भर्ती - वर्ष 2004 में, अपराध - वर्ष 2006 में मुरकीनार की वारदात, वर्ष 2006 में सागमेटा फायरिंग, वर्ष 2007 में रानीबोदली की वारदात, वर्ष 2007 में मोदकपाल पुलिस पार्टी के साथ फायरिंग।

लक्खू तेलाम उर्फ जित्तूः संगठन में पद - नेशनल पार्क एरिया प्लाटून नं. 2 का सदस्य, धारित हथियार - इंसास, घोषित इनाम - छग शासन द्वारा 2 लाख, कार्य क्षेत्र - नेशनल पार्क एरिया कमेटी, संगठन में भर्ती - वर्ष 2005 में, अपराध- वर्ष 2006 मे सलेपल्ली में गांव ग्रामीण को मुखबिरी के शक में हत्या, वर्ष 2007 में रानीबोदली, वर्ष 2016 में गणेश मंदिर भैरमगढ़ व वर्ष 2017 में बोदली मेला की वारदात।

संगीता मोड़ियामीः संगठन में पद - प्लाटून नंबर 2 सदस्य, धारित हथियार - 12 बोर, घोषित इनाम - छग शासन द्वारा 2 लाख, कार्य क्षेत्र - नेशनल पार्क एरिया कमेटी, संगठन में भर्ती - वर्ष 2007 में।।

रंजीता ओयामः संगठन में पद - उदन्ती एलओएस सदस्य, धारित हथियार - 12 बोर, घोषित इनाम - छग शासन द्वारा 1 लाख, कार्य क्षेत्र - उदन्ती/इंदागांव एरिया कमेटी, संगठन में भर्ती - वर्ष 2013 में गोपी मोड़ियाम के द्वारा भर्ती किया गया, अपराध- मोतीपानी के जंगल में पुलिस के साथ फायरिंग।

राजकुमारी यादवः संगठन में पद - एरिया सीएनएम अध्यक्ष, धारित हथियार - एसएलआर रायफल, घोषित इनाम - छग शासन द्वारा 1 लाख, कार्य क्षेत्र - गंगालूर एरिया कमेटी, संगठन में भर्ती - वर्ष 2013 में, अपराध-वर्ष 2014 में कसालपाड़ की वारदात, वर्ष 2014 में लेंड्रा में फायरिंग।

हुंगा पोड़ियामीः संगठन में पद - जनमिलिशिया डिप्टी कमांडर, धारित हथियार - भरमार, घोषित इनाम - छग शासन द्वारा 1 लाख, कार्य क्षेत्र - नेशनल पार्क एरिया कमेटी, संगठन में भर्ती - वर्ष 2008 में, अपराध- वर्ष 2008 में गुज्जाकोण्टा एवं चिन्तनलपल्ली के बीच की फायरिंग, वर्ष 2010 में वको सुक्कू की बाजार में हत्या, वर्ष 2010 में नवरसिंह निवासी तोयनार सरपंच की हत्या, वर्ष 2012 में नीलमड़गु की वारदात।

देवरी स्वास्थ्य केंद्र को जिम्मेदारों ने बना दिया म्यूजिक क्लब

■ सुबह से शाम तक चली पार्टी का वीडियो हुआ वायरल

■ मरीज कराहते लौटा दिए गए, डॉक्टर-नर्स-स्टाफ छलकाते रहे जाम

■ हाथ में पैग, चिकन और डीजे की धुन में झूमे सभी

दिलेश्वर देवांगन

बालोद। अगर किसी मरीज को उचित समय में इलाज नहीं मिलता है या एक मिनट की देर होती है तो उस देर के कारण मरीज की मौत हो जाती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक डॉक्टर व स्टॉफनर्स, वार्ड ब्वॉय सहित सभी अस्पताल कर्मचारियों की बड़ी जिम्मेदारी होती है और ऐसी जिम्मेदारियों को दरकिनार कर जिले के एक स्वास्थ्य केन्द्र में शासकीय कर्मचारी के बच्चे के बर्थडे पार्टी में जमकर शराब व मुर्गा पार्टी करते हुए फिल्मी गानों पर ठुमके लगते रहें।

शुक्रवार को जिले के डौण्डीलोहारा विकासखंड के ग्राम देवरी स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में वहां के अस्पताल प्रबंधक श्री डॉ. सतीश मेश्राम सहित वहां के सारे स्टॉफ ने अस्पताल परिसर के अंदर पार्टी मना रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार स्टाफ नर्स के बच्चे का बर्थडे था तो उनकी ओर से यह आयोजन किया गया था। पार्टी के लिए बाकायदा टैंट लगवाया गया था और टैंट के अंदर साउंड सिस्टम भी। वहीं दूसरी ओर रसोईये मुर्गे की सब्जी तैयार कर रहे थे। शराब पीने व मुर्गा खाने के बाद साउंड सिस्टम चालू हुआ और फिर देर शाम तक ठुमके लगाने का सिलसिला जारी रहा। डॉ. मेश्राम का कहना है कि सभी मरीजों का इलाज किया गया, सभी डॉक्टर वहां मौजूद थे।

मरीजों को बिना इलाज भगा दिये

मरीज जब शुक्रवार को इलाज कराने के लिए देवरी हॉस्पिटल पहुंचे तो उन्हें यह कहकर भगा दिया गया कि आज सभी व्यस्त हैं आज इलाज नहीं हो पायेगा। मरीजों का इलाज करने छोड़ डॉक्टर इधर ठुमके लगा रहे थे तो वहीं नर्स भी पार्टी में शामिल होकर मगा उड़ाते नजर आये।
हेमंत साहू, मरीज

गाने की धुन पर हॉस्पिटल इंचार्ज नाचने में मस्त

नवप्रदेश के पास साक्ष्य के रूप में मिले विडियो के अनुसार देवरी शासकीय हॉस्पिटल इंचार्ज श्री मेश्राम महिला नर्सों के साथ ठुमके लगाते नजर आये। जब हॉस्पिटल के इंचार्ज ही इस तरह का कृत्य कर रहे हैं तो वहां उसके अंतर्गत कार्य करने वाले कर्मचारी बेलगाम होकर पार्टी का आनंद ले रहे थे।

दूसरे दिन भी नहीं हुआ इलाज

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हॉस्पिटल के सारे डॉक्टर व कर्मचारी सुबह, दोपहर से लेकर देर रात तक शराब व मुर्गा की पार्टी करते रहे और खूब ठुमके भी लगाये। जिसके कारण दूसरे दिन अस्पताल में डॉक्टरों व कर्मचारियों की संख्या में कमी दिखी। इसलिए शनिवार को अस्पताल में इलाज करान पहुंचे मरीजों का भी इलाज नहीं हो पाया।

यह बोले जिम्मेदार

आपके माध्यम से जानकारी मिली है, जांच की जायेगी।

बी.एल.रात्रे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद

मामले की जानकारी ली जायेगी और वास्तविकता पायी जाती है तो सभी के उपर अनुसासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

एस.एल.ओईका, बीएमओ डौण्डी लोहारा

मंत्री अकबर कल कार्यकर्ताओं से मिलेंगे

रायपुर (नवप्रदेश)। 18 नवंबर सोमवार को मिलिये मंत्री से कार्यक्रम में परिवहन, वन, आवास, पर्यावरण एवं विधि विभाग मंत्री मोहम्मद अकबर दोपहर 12.30 बजे से राजीव भवन में बैठेगे। इस दौरान मंत्री मोहम्मद अकबर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियो और जनसामान्य से मुलाकात कर अपने विभाग से संबंधित समस्याओं, शिकायत एवं सुझाव पर आवश्यक कार्यवाही करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि मंत्री मोहम्मद अकबर मुलाकात कार्यक्रम के बाद राजीव भवन में उपस्थित मीडिया के साथियों से भी चर्चा करेंगे। मुलाकात कार्यक्रम का समन्वय महामंत्री महेन्द्र छाबड़ा करेंगे।

कोरिया के व्यापारियों ने छत्तीसगढ़ के हैण्डलूम उत्पाद को खरीदने में दिखाई रूचि

भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में कोरिया के व्यापारिक दल ने छत्तीसगढ़ के हैण्डलूम विशेषकर कोसा के लिये व्यापारिक समझौता करने की सहमति दी है। दल ने हैण्डलूम व हाथकरघा के अधिकारियों से चर्चा कर कोरिया देश में छत्तीसगढ़ के हैण्डलम उत्पादों को भेजने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने को कहा है। उल्लेखनीय है कि 14 से 27 नवम्बर तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ का पवैलियन व्यापारिक दलों और आगंतुकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

नगरीय निकाय चुनावों में ऑनलाइन निर्देशन पत्र भर सकेंगे उम्मीदवार

ऑनलाइन नाम निर्देशन व्यवस्था स्थापित करने वाले गिने चुने राज्यों में छत्तीसगढ़ भी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। आगामी नगरीय निकायों के चुनाव में पार्षद पद के उम्मीदवार ऑनलाइन नाम निर्देशन पत्र भर सकेंगे। ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ओनो के माध्यम से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त की व्यवस्था स्थापित करने वाले राज्यों में अब छत्तीसगढ़ भी शामिल हो गया हैं। ऑनलाइन नाम निर्देशन पत्र भरने तथा निर्वाचन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी देने के लिए आज रायपुर में जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों और मास्टर्स ट्रेनर्स के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर रामसिंह तथा राज्य निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री ठाकुर ने कहा कि इस सॉफ्टवेयर के कारण रिटर्निंग अधिकारी संबंधित उम्मीदवार का नाम निर्देशन पत्र पहले ही ऑनलाइन देखकर प्रारम्भिक जांच कर सकेगा । इससे अंतिम तिथि को अधिक संख्या में आने वाले नाम निर्देशन पत्र के कारण होने वाली कठिनाई से बचा जा सकेगा । उन्होंने निर्देश दिए कि नाम निर्देशन पत्र भरने में कोई असुविधा न हो इसके लिए जिले में स्थित लोक सेवा केंद्र , जोन कार्यालय , नगर निगम , नगर पालिका और अन्य सुविधाजनक स्थानों पर कंप्यूटर के साथ डाटा एंट्री ऑपरेटर की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये ।